@Qpatrika
@qaumipatrika hindi
instagram.com/ qaumipatrika

# कौमी पत्रिका
## राष्ट्रीय दैनिक अखबार

दिल्ली–हरियाणा–पंजाब–चण्डीगढ़–उत्तर प्रदेश से प्रसारित
रविवार, 16 जून 2024

VISIT: www.qaumipatrika.in
Email: qpatrika@gmail.com

R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472 सम्पादक – गुरचरन सिंह बब्बर वर्ष 17 अंक 208 qaumipatrikahindi 011-41509689, 23315814, 9312262300 गाजियाबाद संवत् 2077-78, पेज (12) मूल्य 3.00 रुपये (हवाई शुल्क 50 पैसे अतिरिक्त)

## सत्ता के संरक्षण में सरकारी अपराधियों की गोलियां खत्म होने की चिंताः तेजस्वी यादव

पटना, 15 जून। पूर्व उपमुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने एक बार फिर से नीतीश सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने बिहार में हो रही आपराधिक वारदातों का जिक्र करते हुए एनडीए सरकार को घेरा। शनिवार को तेजस्वी यादव ने सोशल मीडिया पर लिखा कि बिहार की एनडीए सरकार में सरकारी अपराधियों को सिर्फ़ और सिर्फ एक ही चिंता और डर रहता है कि सत्ता संरक्षण में वारदात करते समय कहीं उनके पिस्तौल और बंदूक़ की गोलियां ना खत्म हो जाएं। तेजस्वी यादव ने कहा कि जिन घटनाओं का मैं जिक्र कर रहा हूं वह सिर्फ़ गोली मार कर की गयी हत्या की घटनाएं है। इनमें गोलीबारी और बमबारी की वो घटनाएं नहीं है जिनमें लोग किसी तरह बच गए और इलाजरत हैं। तेजस्वी ने हाल में हुए 13 वारदातों का जिक्र किया। एक दिन पहले भी तेजस्वी यादव ने इसी तरह की आपराधिक घटनाओं का जिक्र कर एनडीए सरकार पर हमला बोला था। तेजस्वी ने लिखा था कि बिहार में डबल इंजन सरकार के बनावटी मंगलराज में चंद घंटों की डरावनी झलकियां। बिहार में इंसान की जान की कोई क़ीमत नहीं। जब चाहे जहां चाहे सरकारी अपराधी किसी को भी गोली मार रहे हैं। मुख्यमंत्री सहित सरकार को कोई सत्ता संरक्षित आपराधिक घटनाओं पर कोई लेना-देना नहीं।

# प्रियंका को लेकर राहुल की क्या है रणनीति?

**सिम्मी कौर बब्बर**

नई दिल्ली, 15 जून। राजनीतिक गलियारों में सवाल उठ रहे हैं कि राहुल गांधी वायनाड बरकरार रखेंगे या मां की अमानत रायबरेली को तरजीह देंगे। हालांकि, यह भी कहा जा रहा है कि राहुल जिस भी सीट को छोड़ने का मन बनाएंगे, वहां से अपनी बहन प्रियंका गांधी वाड्रा को उम्मीदवार बना सकते हैं। इन सभी अटकलों पर इस हफ्ते के खबरों के खिलाड़ी में चर्चा हुई। चर्चा के लिए वरिष्ठ पत्रकार विनोद अग्निहोत्री, अवधेश कुमार, पूर्णिमा त्रिपाठी, रामकृपाल सिंह, समीर चौगांवकर और अनुराग वर्मा मौजूद रहे। कांग्रेस पहले ही चाहती थी कि प्रियंका गांधी चुनाव लड़ें। मगर शायद वह तैयार नहीं थीं, इसलिए उन्होंने चुनाव नहीं लड़ा। राहुल गांधी कौन सी सीट अपने पास रखेंगे, इस पर संशय है। मगर जीत के बाद उन्हें राहत मिली। जितना मुझे लगता है वो रायबरेली में रहेंगे और वायनाड से इस्तीफा दे सकते हैं। मगर यहां से प्रियंका को नहीं उतारा जाएगा। शायद उन्हें उत्तर प्रदेश का प्रभारी बनाया जाए। अब पार्टी को लग रहा है कि आने वाले समय में उत्तर प्रदेश बड़ी भूमिका निभा सकता है। वहीं, केरल राहुल के लिए एक महत्वपूर्ण राज्य रहा है। साथ ही कर्नाटक भी उनके हित में रहा है। आगे हो सकता है कि प्रियंका को राज्यसभा में भेजा जाए। राहुल गांधी रायबरेली रखेंगे। उन्होंने किशोरी लाल को जिम्मेदारी दी थी कि रायबरेली को भी अमेठी की तरह देखें। इससे साफ होता है कि वह रायबरेली सीट पर बने रहेंगे और किशोरी लाल शर्मा उनके प्रतिनिधि के रूप में काम करेंगे। कांग्रेस नेता को बहुत मुश्किल से यूपी में पैर जमाने का मौका मिला है तो इस अवसर को वो छोड़ेंगे नहीं और न ही उन्हें छोड़ना चाहिए। अमेठी के बाद राहुल वायनाड चले गए थे, तब सवाल उठने लगे थे कि उन्होंने यूपी क्यों छोड़ दिया, तो मुझे नहीं लगता कि वह यूपी छोड़ेंगे। वहीं, समाजवादी पार्टी और अखिलेश यादव के साथ उनके संबंध बन गए हैं। अब उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव साथ में लड़ सकते हैं। यह लोग शायद साभार यात्रा निकाल सकते हैं। इन सबसे तो यही लगता है कि वह रायबरेली रखेंगे। राहुल के वायनाड को छोड़ने पर वहां के लोगों को जरूर धक्का लगेगा। इसलिए उस भावना को बनाए रखने के लिए प्रियंका गांधी वाड्रा को चुनाव लड़वाया जा सकता है। वहीं, अब परिवारवाद का आरोप भी कुछ खास असर करता नहीं है। वह यूपी का प्रभार नहीं संभालेंगी क्योंकि



वह पहले ही वहां की हालत देख चुकी हैं। गांधी का सरनेम ही किसी सांसद या पीएम से बड़ा है। हालांकि, रायबरेली और वायनाड को लेकर संशय बना हुआ है। यह आसान नहीं होगा। रायबरेली में अखिलेश यादव के साथ काम करना पड़ेगा। केरल में उनकी खुद की एक पहचान है। राहुल के बयान पर गौर करने वाली बात है तो वो सोच समझकर नहीं बोलते हैं। उनके हर बयान का मजाक बनता है। दुर्भाग्य है कि मतदाता अपने वोट के महत्व को कम आंकता है। क्या कांग्रेस परिवारवाद से बाहर आ सकती है? आज पार्टी कहां से कहां पहुंच गई, लेकिन हम लोग इंदिरा, नेहरू से बाहर निकलकर बात नहीं करते हैं। इसी का नतीजा है कि अमेठी में रॉबर्ट वाड्रा के पोस्टर लगे कि हमें रॉबर्ट चाहिए। यह समय दूर नहीं है, जब प्रियंका गांधी के बच्चे मारिया और रियान के पोस्टर भी लगे होंगे। कांग्रेस यह न समझे कि पूरे लोकतंत्र ने उसे स्वीकार कर लिया है। कहीं न कहीं राहुल को परिवार के बाहर अपना कैडर बनाना होगा। मुझे राहुल के मन की बात नहीं पता है। पर अगर हम राजनीति पर गौर करें तो उन्हें वायनाड की सीट बनाए रखना चाहिए। वायनाड में लोगों का उनसे इमोशनल कनेक्ट है।अगर वो सोच रहे हैं कि किसी को भी यहां से खड़ा कर देंगे और जीत जाएंगे तो यह आसान नहीं होगा। रायबरेली अगर वो छोड़ते हैं तो प्रियंका को मैदान में उतार सकते हैं। उन्हें यूपी में सुधार करने की जरूरत है। उन्हें सपा की जरूरत पड़ेगी।

# सुरक्षाबलों ने आठ नक्सलियों को किया ढेर

**तेजिन्दर कौर बब्बर**

नारायणपुर, 15 जून। छत्तीसगढ़ के नारायणपुर में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ की खबर है। जानकारी के अनुसार यहां अबूझमाड़ के जंगलों में मुठभेड़ में आठ नक्सली मारे गए हैं। मुठभेड़ में एक जवान बलिदान हो गया है और दो जवान घायल हैं। अभी मुठभेड़ जारी है। अबुझमाड़ के जंगलों में नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षाबलों की कार्रवाई जारी है। सुरक्षाबलों ने नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर सीमावर्ती जिलों के साथ मिलकर संयुक्त ऑपरेशन चलाया है। जवानों का संयुक्त ऑपरेशन अबुझमाड़ के कुतुल फरसबेड़ा कोड़तामेटा क्षेत्र में जारी है। जानकारी के मुताबिक, नारायणपुर जिले के माड़ में पिछले दो दिनों से सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ चल रही है। संयुक्त ऑपरेशन में नारायणपुर-कोंडागांव-कांकेर-दंतेवाड़ा डीआरजी, एसटीएफ और आईटीबीपी 53वीं बटालियन बल शामिल हैं। नक्सलियों के साथ मुठभेड़ में एक जवान बलिदान हो गए और दो के घायल होने की खबर है। बस्तर संभाग के जगदलपुर, कांकेर, दंतेवाड़ा, कोंडागांव से डीआरजी और एसटीएफ के 1400 जवान सर्चिंग पर निकले हैं। जानकारी के लिए बता दें कि 161 दिन के अंदर 141 नक्सली ढेर हो चुके हैं। मारे गए नक्सलियों की संख्या बढ़ भी सकती है। पिछले तीन दिनों से नक्सलियों खिलाफ लगातार ऑपरेशन चल रहा है। नारायणपुर जिले के ओरछा थाना के अंतर्गत फरसबेड़ा-धुरबेड़ा के बीच सुरक्षाबलों की नक्सलियों संग हुई मुठभेड़ में 8 नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। मुठभेड़ में एसटीएफ के एक जवान के शहीद होने और दो जवानों के घायल होने की भी दु:खद खबर आ रही है। घायल जवानों को तत्काल एयरलिफ्ट कर इलाज के लिए राजधानी रायपुर लाया जा रहा है। ईश्वर से शहीद जवान की आत्मा की शांति और घायल जवानों के जल्द से जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूँ। नक्सलियों के खिलाफ हो रही कड़ी कार्रवाई से नक्सली विचलित हैं। उनके खात्मे के लिए हमारी सरकार पूरी तरह तत्पर है और जब तक लक्ष्य पूरा नहीं हो जाता हम चुप नहीं बैठेंगे। नारायणपुर जिले के ओरछा थाना के अंतर्गत फरसबेड़ा-धुरबेड़ा के बीच सुरक्षाबलों की नक्सलियों संग हुई मुठभेड़ में 8 नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। मुठभेड़ में एसटीएफ के एक जवान के शहीद होने और 2 जवानों के घायल होने की भी दु:खद खबर आ रही है।



## मुझे न्यायपालिका पर पूरा भरोसाः येदियुरप्पा

बंगलूरू, 15 जून। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा नेता बीएस येदियुरप्पा पर एक नाबालिग के साथ यौन उत्पीड़न करने का आरोप लगाया गया है। नाबालिग की मां ने पॉक्सो एक्ट के तहत उनके खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। अब येदियुरप्पा के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया गया है। इस पर उन्होंने प्रतिक्रिया दी है। इस मामले में येदियुरप्पा ने मीडिया से बात की। उन्होंने कहा, मैं एक निर्धारित कार्यक्रम के तहत दिल्ली गया था। मैंने पहले ही बता दिया था कि इस महीने की 17 तारीख को मैं सुनवाई के लिए आऊंगा। हाई कोर्ट ने भी निषेधाज्ञा जारी कर दी। मैं सोमवार को सुनवाई के लिए जाऊंगा। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए भाजपा नेता ने कहा, उन्होंने केवल भ्रम पैदा करने का काम किया। मैं किसी से शिकायत नहीं कर रहा हूं। लोग जानते हैं कि सच्चाई क्या है। जनता षड़यंत्र रचने वालों को सबक सिखाएगी। उन्होंने आगे कहा, कुछ जरूरी काम था, इसलिए मैं दिल्ली गया। मैंने संबंधित लोगों को बताया था कि मैं 17 जून को आऊंगा। सभी को सबकुछ मालूम है और मुझे न्यायालिका पर पूरा भरोसा है। मुझे न्याय मिलेगा। मैं कोर्ट के समक्ष 17 जून को पेश होऊंगा। पीड़िता की मां ने अपनी शिकायत में बताया कि घटना दो फरवरी को एक बैठक के दौरान हुई। येदियुरप्पा ने बताया कि कुछ दिन पहले एक महिला उनके घर आई थी। वह रोते हुए कह रही थी कि कुछ समस्या है। पूर्व सीएम ने आगे कहा, मैंने उससे पूछा कि मामला क्या है और मैंने खुद पुलिस को फोन किया। कमिश्नर को मामले की जानकारी दी और उनसे उसकी मदद करने को कहा। बाद में महिला मेरे खिलाफ बोलने लगी।

## केंद्र में तीन पहिए की सरकारः उद्धव ठाकरे

**कौमी संवाददाता**

मुंबई, 15 जून। लोकसभा चुनाव में भले ही भाजपा को बहुमत नहीं मिला फिर भी अपने गठबंधन दलों के साथ भाजपा ने केंद्र सरकार बनाई है। वहीं कई राज्यों में भाजपा नीत एनडीए गठबंधन को करारा झटका भी लगा हैं। इसमें महाराष्ट्र भी शामिल है, जहां पिछले लोकसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन (तब शिवसेना भी शामिल थी) ने 48 सीटों में 41 सीटों पर कब्जा जमाया था। जबकि इस बार एनडीए गठबंधन मात्र 17 सीटों पर सिमट कर रह गई। वहीं इंडी गठबंधन को 30 सीटों पर जीत हासिल हुई है। इसमें कांग्रेस 17, शिवसेना उद्धव गुट 9 और एनसीपी शरद गुट को 8 सीटें मिली है। वहीं अब राज्य में कुछ ही महीनों विधानसभा चुनाव भी होने हैं, जिसे लेकर सभी राजनीतिक दलों की तरफ से रणनीति भी बनाई जा रही है। मुंबई में महा विकास अघाड़ी ने बैठक करते हुए लोकसभा चुनाव में



जनता के मिले समर्थन को लेकर आभार जताया और अपने विरोधियों पर जमकर जुबानी हमले किए। इस कड़ी में कांग्रेस नेता पृथ्वीराज चवन ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि हम आज एकसाथ महाराष्ट्र की जनता का आभार जताने आए हैं। महाराष्ट्र की जनता ने एमवीए के उम्मीदवारों को विजयी बनाया है। बता दें कि लोकसभा चुनाव के परिणाम के बाद पहली बार इंडी गठबंधन के नेता एकजुट हुए। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी- शरदचंद्र पवार के मुखिया शरद पवार ने प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने जहां-कही भी रोड शो या रैली की हमें वहां पर जीत हासिल हुई है। इसलिए ये मेरा कर्तव्य बनता है कि मैं प्रधानमंत्री को शुक्रिया अदा करूं। लोकसभा चुनाव में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी- शरदचंद्र पवार ने 8 सीटों पर जीत हासिल की है। और इंडी गठबंधन में राज्य की तीसरी बड़ी दल बनी है। वहीं शिवसेना (यूबीटी) नेता उद्धव ठाकरे ने एनडीए सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि- यह संविधान और लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई थी। राज्य में जल्द ही विधानसभा चुनाव आने वाले हैं। उद्धव ठाकरे ने आगे कहा कि पहले केंद्र में मोदी सरकार थी और अब यह एनडीए सरकार बन गई है। अब देखना यह है कि यह सरकार कितने दिन चलती है। उन्होंने आगे कहा कि- बीजेपी ने ही 400 का नारा दिया था। उनके अच्छे दिन के नैरेटिव का क्या हुआ, मोदी की गारंटी का क्या हुआ। देवेंद्र फडणवीस ने कहा था कि हमारी सरकार रिक्शे के तीन पहिए जैसी है, अब केंद्र सरकार का भी यही हाल है।

## मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने स्थगित की भूख-हड़ताल

मुंबई, 15 जून। मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने अपनी अनिश्चितकालीन भूख-हड़ताल को स्थगित करने की घोषणा की है। बता दें कि मनोज जरांगे पिछले छह दिनों से हड़ताल पर थे। वे लगातार मराठा आरक्षण को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। जरांगे चाहते हैं कि मराठा समुदाय को अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के तहत आरक्षण दिया जाए। मनोज जरांगे ने महाराष्ट्र के जालना जिले में अपने पैतृक गांव अंतरवाली सराटी में शनिवार को विरोध प्रदर्शन शुरू किया और चेतावनी दी थी कि अगर सरकार इस मुद्दे का तुरंत समाधान नहीं करती है तो वह नसों के माध्यम से शरीर में तरल पदार्थ लेना भी बंद कर देंगे। उनकी तबीयत लगातार बिगड़ रही थी, जिस वजह से छत्रपति संभाजीनगर से नवनिर्वाचित शिवसेना सांसद संदीपन भुमरे ने मंगलवार को अंतरवाली सराटी का दौरा किया था। मनोज जरांगे मराठा आरक्षण के लोगों को कुंबी जाति प्रमाणपत्र देने की मांग कर रहे हैं। दरअसल, महाराष्ट्र में कुंबी समुदाय को ओबीसी श्रेणी में रखा गया है ऐसे में मराठा आरक्षण के लोगों को कुंबी जाति प्रमाणपत्र देने से उन्हें (मराठा आरक्षण के लोगों को) आरक्षण का लाभ मिल सकेगा। मराठा आरक्षण कार्यकर्ता का कहना है कि अगर मामला नहीं सुलझाया गया तो वह इस साल अक्तूबर में होने वाले राज्य विधानसभा चुनाव में महाराष्ट्र की सभी 288 विधानसभा सीटों से उम्मीदवार उतारेंगे।

## हमने कभी प्रतिशोध की राजनीति नहीं की, ये भाजपा का कामः सिद्धारमैया

**सौरभ शर्मा**

बंगलूरू, 15 जून। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने शनिवार को कहा कि उन्होंने और उनकी सरकार ने कभी भी प्रतिशोध की राजनीति नहीं की है और भविष्य में भी ऐसा नहीं करेंगे। सिद्धारमैया ने भाजपा पर ही प्रतिशोध की राजनीति करने का आरोप लगाया। सीएम सिद्धारमैया ने भाजपा और जेडीएस के आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए ये बात कही। दरअसल पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा के खिलाफ पॉक्सो मामले में गिरफ्तारी वारंट जारी होने के बाद भाजपा और जेडीएस ने आरोप लगाया है कि राज्य सरकार येदियुरप्पा के खिलाफ प्रतिशोध की राजनीति कर रही है। जेडीएस नेता और केंद्रीय मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने आरोप लगाया कि राज्य की कांग्रेस सरकार पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के परिवार को निशाना बनाने के बाद अब येदियुरप्पा परिवार को निशाना बना रही है। जब इसे लेकर सिद्धारमैया से वाल किया गया तो उन्होंने कहा कि, जब उन्होंने (भाजपा) हमारे खिलाफ मामले दर्ज किए तो क्या वो निशाना बनाना नहीं था? मेरे खिलाफ, डीके शिवकुमार और राहुल गांधी के खिलाफ मामले दर्ज किए गए, इसे क्या कहा जाना चाहिए। उन्होंने राहुल गांधी की संसद सदस्यता रद्द कर दी थी, इसे क्या कहना चाहिए? दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जेल



भेजा गया, क्या इसे नफरत की राजनीति नहीं कहा जाना चाहिए। वे लोग हैं, जो बदले की राजनीति करते हैं। हम ऐसा कभी नहीं करते और न ही करेंगे। यह भाजपा का काम है। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा को राहत देते हुए पोक्सो एक्ट के तहत उनके खिलाफ दर्ज मामले में गिरफ्तारी पर रोक लगा दी। साथ ही येदियुरप्पा को 17 जून को मामले की जांच कर रही सीआईडी के समक्ष पेश होने का निर्देश दिया है। पीड़िता की मां का आरोप है कि इस साल 2 फरवरी को येदियुरप्पा ने अपने आवास पर उसकी बेटी से छेड़छाड़ की। भाजपा द्वारा दक्षिण भारत के आठ सांसदों को केंद्र में मंत्री बनाए जाने के सवाल पर सिद्धारमैया ने कहा कि वे चाहे जो भी कर लें, दक्षिण भारत के लोग भाजपा का समर्थन नहीं करेंगे क्योंकि यह आरएसएस का राजनीतिक मुखौटा है। लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र में भी भाजपा को झटका लगा है। आरएसएस के एक नेता ने भी कहा है कि लोगों ने उन्हें उनके अहंकार के लिए सबक सिखाया है। सीएम सिद्धारमैया ने कहा कि ईडी, आयकर, सीबीआई के नाम पर धमकाना वे शुरू से ही करते आ रहे हैं, अब भी कर रहे हैं, इसलिए लोगों ने उन्हें इस बार बहुमत नहीं दिया। नीट परीक्षा के मुद्दे पर मुख्यमंत्री ने कहा, कड़ी मेहनत करने वाले छात्रों के साथ अन्याय हुआ है। इसकी जांच होनी चाहिए और दोबारा परीक्षा होनी चाहिए।

## एनडीए सरकार गलती से बनी, ज्यादा दिन नहीं चलेगीः मल्लिकार्जुन खरगे

बंगलूरू, 15 जून। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का दावा है कि एनडीए सरकार ज्यादा दिन नहीं चलेगी और ये कभी भी गिर सकती है। खरगे ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी को अपने सहयोगियों को एकजुट रखने में काफी परेशानी हो रही है। बंगलूरू



में मीडिया से बात करते हुए मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि एनडीए सरकार गलती से बनी। मोदी जी के पास जनादेश नहीं है, यह अल्पमत की सरकार है। यह सरकार कभी भी गिर सकती है। उन्होंने कहा, हम चाहते हैं कि यह जारी रहे, यह देश के लिए अच्छा हो, हमें देश को मजबूत बनाने के लिए मिलकर काम करना चाहिए। उल्लेखनीय है कि 543 सदस्यों वाली लोकसभा में बहुमत का आंकड़ा 272 है, लेकिन भाजपा बहुमत के आंकड़े से काफी पीछे रही और 240 सीटों पर ही जीत दर्ज कर सकी। ऐसे में सरकार बनाने के लिए भाजपा एनडीए गठबंधन के सहयोगियों पर निर्भर है। जिनमें 16 सीटें जीतने वाली तेदेपा, 12 सीटें जीतने वाली जदयू और एकनाथ शिंदे की शिवसेना (7) और लोजपा (5) प्रमुख हैं। खरगे के बयान पर जदयू ने पलटवार किया है और उनसे पूछा कि जब कांग्रेस ने गठबंधन की सरकार बनाई थी, तब उनके प्रधानमंत्री का स्कोर कार्ड क्या थे? बता दें कि साल 1991 के लोकसभा चुनाव में भी कांग्रेस ने भी इतनी ही सीटें जीतीं थी, जितनी भाजपा ने 2024 में जीती हैं। बिना किसी स्पष्ट बहुमत के कांग्रेस ने पीवी नरसिम्हा राव के नेतृत्व में अल्पमत की सरकार बनाई थी। हालांकि पीवी नरसिम्हा राव ने छोटी पार्टियों को तोड़कर अपनी अल्पमत की सरकार को दो साल में ही बहुमत की सरकार बना लिया था।

# सुकेश चंद्रशेखर की पत्नी की याचिका की खारिज

**नरेश मल्होत्रा**

नई दिल्ली, 15 जून। सर्वोच्च न्यायालय ने कथित ठग सुकेश चंद्रशेखर की पत्नी लीना पॉलोज की ओर से दायर याचिका को खारिज कर दिया। याचिका में दिल्ली उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसमें 200 करोड़ रुपये की जबरन वसूली के मामले में उनकी जमानत याचिका स्थगित कर दी गई थी। न्यायमूर्ति पीवी संजय कुमार और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की अवकाशकालीन पीठ ने स्पष्ट किया कि मामले में त्वरित कार्रवाई की मांग नहीं की जा सकती। पीठ ने अपने 14 जून के आदेश में कहा, विशेष अनुमति याचिका खारिज की जाती है। लंबित आवेदन भी खारिज कर दिए जाएंगे। पीठ ने इस तथ्य पर भी गौर किया कि उच्च न्यायलय में याचिका 14 मई को दायर की गई थी और फिर 20 मई को नोटिस जारी किया गया था। शीर्ष अदालत ने कहा, आप दो साल और आठ महीने से जेल में हैं। जैसे ही आप अदालत में आते हैं, आपको एक आदेश की जरूरत होती है। पॉलोज के वकील के कार्रवाई में तेजी लाने के अनुरोध पर पीठ ने कहा, हमारे लिए उच्च न्यायलय के बोर्ड की व्यवस्था करने का कोई प्रावधान नहीं है। अभियोजन पक्ष के मुताबिक चंद्रशेखर और उनकी पत्नी लीना पॉलोज अपने सहयोगियों के साथ मिलकर साल 2013 से कथित तौर पर संगठित अपराध करने वाला गिरोह चला रहे थे। सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर कर नीट-यूजी 2024 परीक्षा रद्द करने और 5 मई को आयोजित परीक्षा में कथित अनियमितताओं की सीबीआई या किसी अन्य स्वतंत्र एजेंसी द्वारा शीर्ष अदालत की निगरानी में जांच की मांग की गई है। मेडिकल प्रवेश परीक्षा में शामिल हुए 20 छात्रों द्वारा दायर याचिका में राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी को नए सिरे से परीक्षा आयोजित करने का निर्देश देने की भी मांग की गई है। याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए, शीर्ष अदालत ने शुक्रवार को परीक्षा में प्रश्नपत्र लीक और अन्य अनियमितताओं के आरोपों की केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) जांच की मांग वाली याचिका पर केंद्र और एनटीए से जवाब मांगा था। नई याचिका में कहा गया है कि व्यापक अनियमितताओं और धोखाधड़ी की प्रथाओं को देखते हुए, दोबारा परीक्षा लेने से केवल योग्य छात्रों को मेडिकल संस्थानों में प्रवेश पाने में मदद मिलेगी। अधिवक्ता धीरज सिंह द्वारा दायर याचिका में कहा गया है, मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, प्रश्नपत्र लीक होने के पुष्ट मामलों के मद्देनजर परीक्षा की पवित्रता संदिग्ध है, जिसके संबंध में



एफआईआर दर्ज की गई है और कई लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इसमें कहा गया है कि एनटीए द्वारा घोषित परिणाम से पता चला है कि 67 उम्मीदवारों ने अधिकतम संभव 720 में से 720 अंक प्राप्त किए हैं। याचिका में कहा गया है कि करीब से विश्लेषण करने पर 620-720 अंक प्राप्त करने वाले छात्रों की संख्या में 400 प्रतिशत से अधिक की असाधारण महत्वपूर्ण वृद्धि भी सामने आएगी। इसमें कहा गया है, उपर्युक्त भौतिक अनियमितताओं की सीबीआई या किसी अन्य स्वतंत्र एजेंसी या इस न्यायालय की देखरेख में समिति द्वारा गहन जांच की जानी चाहिए ताकि बड़ी संख्या में मेधावी छात्रों के साथ न्याय हो सके। याचिका में न्यायालय द्वारा नियुक्त समिति या किसी अन्य स्वतंत्र एजेंसी को न्यायालय की निगरानी में शैक्षणिक पृष्ठभूमि की जांच, फोरेंसिक विश्लेषण सहित परीक्षा के बाद विश्लेषण करने और ऐसे सभी उम्मीदवारों की जांच करने का निर्देश देने की मांग की गई है, जिन्होंने 620 और उससे अधिक अंक प्राप्त किए हैं। इसमें एनटीए और अन्य को परीक्षा प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने और भविष्य में नीट-यूजी में कथित धोखाधड़ी प्रथाओं, प्रश्नपत्रों के लीक होने, प्रतिरूपण, अनुचित साधनों आदि से संबंधित चिंताओं को दूर करने के लिए प्रभावी कदम उठाने के निर्देश देने की भी मांग की गई है।

## फिलीपींस में सड़क दुर्घटना में एक महिला की मौत



**एजेंसी**
**मनीला।** मध्य फिलीपींस के नेग्रोस ऑक्सिडेंटल प्रांत में सड़क दुर्घटना में एक महिला की मौत हो गई और 34 अन्य घायल हो गये। बैकोलोड सिटी आपदा जोखिम न्यूनीकरण एवं प्रबंधन कार्यालय की प्रमुख मारिया लार्नी पोर्नन ने शनिवार को बताया कि दुर्घटना स्थानीय समयानुसार शाम करीब 05:40 बजे तब हुई, जब सरकारी बस अनियंत्रित होकर पलट गयी। बस में चालक सहित 36 लोग सवार थे। इनमें से एक महिला (40) की मौत हो गयी और 34 लोग घायल हो गये। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जिसमें 11 लोगों की हालत गंभीर बतायी गयी है।

## रामफोसा दोबारा दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति निर्वाचित

**केपटाउन।** दक्षिण अफ्रीका की सत्तारुढ़ अफ्रीकन नेशनल कांग्रेस (एएनसी) के नेता सिरिल रामफोसा को संसद ने अगले पांच साल के लिए दोबारा राष्ट्रपति चुन लिया है।



मुख्य न्यायाधीश रेमंड जोडो ने नेशनल असेंबली की पहली बैठक की अध्यक्षता करते हुए घोषणा की कि राष्ट्रपति चुनाव में श्री रामफोसा को 283 वोट मिले, जबकि उनके प्रतिद्वंदी इकोनॉमिक फ्रीडम फाइटर्स के उम्मीदवार जूलियस मालेमा को महज 44 वोट मिले। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के अनुसार इससे पहले एएनसी और मुख्य विपक्षी दल डेमोक्रेटिक अलायंस (डीए), राष्ट्रीय एकता की सरकार बनाने के लिए एक समझौते पर पहुंचे और समझौते के हिस्से के रूप में श्री रामफोसा को डीए के समर्थन से फिर से चुने जाने की उम्मीद थी। गत 29 मई को हुए आम चुनावों में एएनसी ने नेशनल असेंबली की 400 सीटों में से 159 सीटें हासिल कीं। पिछले 30 साल में पहली बार संसद के निचले सदन में उसे पूर्ण बहुमत नहीं मिला है।

## घाना में नाव पलटने से तीन लोग लापता

**अकरा।** घाना के पूर्वी ओटी क्षेत्र में नाव के पलट जाने के बाद से तीन लोग लापता होने की घटना सामने आयाी है जिनका पता लगाने के लिए खोज और बचाव अभियान जारी है। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संगठन के ओटी क्षेत्रीय निदेशक एडवर्ड कुमाह ने बताया कि मंगलवार की देर रात एक द्वीप समुदाय नजारे के 10 लोगों को ले जा रही नाव तूफान में फंसकर नाव पलट गयी।

## पापुआ न्यू गिनी ने राहत सहायता भेजने पर भारत का किया हार्दिक धन्यवाद

**पोर्ट मोरेस्बी।** भूस्खलन प्रभावित पापुआ न्यू गिनी को भारत की ओर से भेजी गयी 10 लाख अमेरिकी डॉलर की राहत सहायता पोर्ट मोरेस्बी हवाई अड्डे पर पहुंची, जहां उपस्थित पापुआ न्यू गिनी के विदेश एवं रक्षा मंत्रियों सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने सहायता के लिए भारत का आभार व्यक्त किया। पोर्ट मोरेस्बी में भारतीय उच्चायोग ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि भारतीय उच्चायुक्त इनबासेकर एस ने विदेश मंत्री जस्टिन तकाचेंको को राहत सामग्री सौंपी। उसने कहा, एंगा प्रांत में भूस्खलन के पीड़ितों के लिए भारत से 10 लाख अमेरिकी डॉलर की एचएडीआर राहत सहायता पोर्ट मोरेस्बी हवाई अड्डे पर पहुंची, जिसे पापुआ न्यू गिनी के विदेश मंत्री तकाचेंको और रक्षा मंत्री बिली जोसेफ सहित कई गणमान्य अधिकारियों ने प्राप्त किया। उच्चायुक्त इनबासेकर एस. ने राहत सामग्री श्री तकाचेंको को सौंपी, जिन्होंने समय पर मदद के लिए भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर को बधाई दी। राहत सामग्री जल्द ही वाबाग भेजी जाएगी। विश्वबंधु सक्रिय हैं। विदेश मंत्री जस्टिन तकाचेंको ने इस कदम के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, डॉ. जयशंकर और भारत के लोगों को धन्यवाद दिया। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, ÷श्री मोदी, डॉ. जयशंकर, पापुआ न्यू गिनी में भारतीय उच्चायोग और भारत के लोगों को धन्यवाद। हम सुनिश्चित करेंगे कि भूस्खलन से तबाह हुए मैप मुलीताका क्षेत्र, एंगा प्रांत के लिए भारत की 10 लाख अमेरिकी डॉलर की राहत सहायता हमारे लोगों तक पहुंचे। भारत को दिल की गहराइयों से धन्यवाद। भारत ने भूस्खलन प्रभावित पापुआ न्यू गिनी को टेंट, पानी के टैंक, स्वच्छता किट, खाने के लिए तैयार भोजन और दवाइयों सहित 19 टन राहत सामग्री भेजी। सहायता में आपातकालीन उपयोग की दवा, डेंगू और मलेरिया निदान किट सहित चिकित्सा उपकरण, शिशु आहार आदि भी शामिल हैं। पापुआ न्यू गिनी के एंगा क्षेत्र में 24 मई को भारी भूस्खलन हुआ, जिसमें 2,000 से अधिक लोग जिंदा दफन हो गए।

# मोदी ने मेलोनी और किशिदा के साथ द्विपक्षीय बैठक की

**एजेंसी**
**अपुलिया।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इटली में जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान इतालवी प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी और जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा के साथ द्विपक्षीय बैठक की तथा जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज़ से भी मुलाकात की।

सुश्री मेलोनी के साथ अपनी बैठक के बारे में श्री मोदी ने एक्स पर लिखा, प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी के साथ बहुत अच्छी बातचीत हुई। जी-7 शिखर सम्मेलन का हिस्सा बनने के लिए भारत को आमंत्रित करने और शानदार व्यवस्थाओं के लिए उनका धन्यवाद किया। हमने वाणिज्य, ऊर्जा, रक्षा, दूरसंचार तथा अन्य क्षेत्रों में भारत-इटली संबंधों को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। दोनों देश जैव ईंधन, खाद्य प्रसंस्करण और महत्वपूर्ण खनिजों जैसे भविष्य के क्षेत्रों में एक साथ काम करेंगे। विदेश मंत्रालय की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि सुश्री मेलोनी ने श्री मोदी को लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए बधाई दी। श्री मोदी ने जी-7 आउटरीच शिखर सम्मेलन में भाग लेने के वास्ते





निमंत्रण देने के लिए उन्हें धन्यवाद दिया और शिखर सम्मेलन के सफल समापन के लिए अपनी प्रशंसा व्यक्त की। दोनों नेताओं ने नियमित उच्च राजनीतिक संवाद पर संतोष व्यक्त किया और भारत-इटली रणनीतिक साझेदारी की प्रगति की समीक्षा की। बढ़ते व्यापार और आर्थिक सहयोग पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्होंने लचीली आपूर्ति श्रृंखला बनाने के लिए स्वच्छ ऊर्जा, विनिर्माण, अंतरिक्ष, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, दूरसंचार, एआई और महत्वपूर्ण खनिजों में वाणिज्यिक संबंधों का विस्तार करने का आह्वान किया। बयान के मुताबिक दोनों नेताओं ने पेटेंट, डिजाइन और ट्रेडमार्क पर सहयोग के लिए हाल ही में औद्योगिक संपत्ति अधिकार (आईपीआर) पर एमओयू पर हस्ताक्षर करने का स्वागत किया। उन्होंने इस साल के अंत में इतालवी विमानवाहक पोत आईटीएस कैवूर और प्रशिक्षण जहाज आईटीएस वेस्पुची की भारत यात्रा का स्वागत किया। श्री मोदी ने द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान इटली के अभियान में भारतीय सेना के योगदान को मान्यता देने के लिए इतालवी सरकार को धन्यवाद दिया और कहा कि भारत इटली के मोंटोन में यशवंत घाडगे स्मारक का उन्नयन करेगा। बयान में कहा गया कि 'वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन' के तहत समन्वय को ध्यान में रखते हुए दोनों नेताओं ने ऊर्जा संक्रमण में सहयोग के लिए आशय पत्र पर हस्ताक्षर करने का स्वागत किया, जो स्वच्छ और हरित ऊर्जा में द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ावा देगा। उन्होंने विज्ञान और प्रौद्योगिकी में संयुक्त अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देने के लिए 2025-27 के लिए सहयोग के नये कार्यक्रम पर प्रसन्नता व्यक्त की। बयान में कहा गया कि दोनों नेताओं ने महत्वपूर्ण क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी चर्चा की और भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे सहित वैश्विक मंचों और बहुपक्षीय पहलों में सहयोग को मजबूत करने पर सहमति व्यक्त की।

## पश्चिमोत्तर पाकिस्तान में 02 आतंकवादी मारे गए

**एजेंसी**
**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पश्चिमोत्तर प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में मुठभेड़ के दौरान दो आतंकवादी मारे गए, जिनमें से एक पहले से ही पुलिस हिरासत में था। पाकिस्तान के आतंकवाद निरोधी विभाग (सीटीडी) ने यह जानकारी दी। सीटीडी ने बताया कि मुठभेड़ प्रांतीय राजधानी पेशावर में हुई। सीटीडी के मुताबिक पुलिस ने जांच प्रक्रिया के दौरान बंदी द्वारा दी गई




जानकारी के आधार पर एक ठिकाने पर छापा मारा। बयान में कहा गया, 'सीटीडी जांच दल अभियान दल के साथ मिलकर आरोपी को उसके साथियों के ठिकाने पर लेकर गया, जहां वे पहले से ही उसके साथी सतर्क थे और उन्होंने पुलिस पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी।' विभाग ने कहा कि सीटीडी कर्मियों ने तुरंत स्थिति संभाली और आत्मरक्षा में जवाबी गोलीबारी की। इस दौरान दोनों ओर से लगभग 25 से 30 मिनट तक गोलीबारी हुयी। गोलीबारी में एक आतंकवादी और बंदी मारे गए। शेष आतंकवादी घटनास्थल से भाग गए और पुलिस ने ठिकाने से हथियार और गोला-बारूद बरामद किया है।

## मोदी जी7 शिखर सम्मेलन समापन के बाद भारत के लिए रवाना हुए

**एजेंसी**
**अपुलिया।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी7 शिखर सम्मेलन के लिए इटली की सफल यात्रा के बाद आज भारत के लिए रवाना हो गए, इस दौरान उन्होंने आउटरीच शिखर सम्मेलन में भाग लिया और कई विश्व नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें कीं।

श्री मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट किया, अपुलिया में जी7 शिखर सम्मेलन में बहुत ही उपयोगी रहा। विश्व नेताओं से बातचीत की और विभिन्न विषयों पर चर्चा की। साथ मिलकर, हमारा लक्ष्य ऐसे प्रभावशाली समाधान तैयार करना है जिससे वैश्विक समुदाय को लाभ हो और भावी पीढ़ियों के लिए एक बेहतर दुनिया का निर्माण हो।

प्रधानमंत्री ने कहा, मैं इटली के लोगों और सरकार को उनके गर्मजोशी भरे आतिथ्य के लिए धन्यवाद देता हूं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने एक पोस्ट में कहा कि इस यात्रा से शिखर सम्मेलन में भाग लेने वाले देशों के साथ भारत की साझेदारी गहरी हुई।

प्रधानमंत्री मोदी ने अन्य भाग



साथ भारत की साझेदारी गहरी हुई है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नई दिल्ली के लिए उड़ान भरने के साथ ही इटली की सफल यात्रा संपन्न हुई। इस यात्रा में जी7 मंच के तहत प्रमुख वैश्विक मुद्दों पर सार्थक बातचीत हुई और शिखर सम्मेलन में भाग लेने वाले देशों के साथ भारत लेने वाले नेताओं के साथ जी7 में एक ग्रुप फोटो भी खिंचवाया है।भू-मालिक को स्वयं सत्यापित शपथ पत्र देना होगा, जिससे उन्हें संपत्ति बेचने का अधिकार मिल जाएगा, इस तरह की 6,85,000 संपत्तियों को लाभ मिलेगा।

## मोदी ने बाइडेन सहित दुनिया के विभिन्न राष्ट्राध्यक्षों से की मुलाकात

**एजेंसी**
**अपुलिया।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जी 7 शिखर सम्मेलन के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन, कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो, संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान, तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन और ब्राजील के राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा से मुलाकात की।

श्री मोदी ने एक्स पर कनाडा के प्रधानमंत्री ट्रूडो के साथ गर्मजोशी से बात करते हुए अपनी एक तस्वीर पोस्ट की और लिखा, जी 7 शिखर सम्मेलन में कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो से मुलाकात की।

वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन के साथ अपनी बैठक को उन्होंने पोस्ट किया, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन से मिलना हमेशा खुशी की बात होती है। भारत और अमेरिका वैश्विक भलाई को आगे बढ़ाने के लिए मिलकर काम करते रहेंगे।

संरा महासचिव के साथ अपनी





बैठक के बारे में उन्होंने पोस्ट किया, इटली में संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस से मिलकर प्रसन्नता हुई। उन्होंने एक्स पर ब्राजील के राष्ट्रपति, यूएई के राष्ट्रपति और तुर्की के राष्ट्रपति के साथ एक समूह में बातचीत की तस्वीरें भी पोस्ट की है और लिखा, इटली में बातचीत जारी है...राष्ट्रपति लूला, राष्ट्रपति एदोर्गन और महामहिम शेख मोहम्मद बिन जायद के साथ सुखद बातचीत। उन्होंने जॉर्डन के किंग अब्दुल्ला द्वद्ध से भी मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने एक्स पर लिखा, जी7 शिखर सम्मेलन के दौरान किंग अब्दुल्ला द्वद्ध से मुलाकात की। भारत जॉर्डन के साथ मजबूत संबंधों को महत्व देता है।

# मोदी ने जी7 सम्मेलन से इतर पोप से की मुलाकात, गर्मजोशी से गले मिले

**एजेंसी**
**अपुलिया।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इटली में जी7 से इतर पोप फ्रांसिस से मुलाकात की और इस दौरान वे पोप के साथ गर्मजोशी से गले मिले तथा पोप फ्रांसिस को भारत आने का न्योता भी दिया। श्री मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, जी7 शिखर सम्मेलन के मौके पर पोप फ्रांसिस से मुलाकात की। मैं लोगों की सेवा करने और हमारे ग्रह को बेहतर बनाने के लिए उनकी प्रतिबद्धता की प्रशंसा करता हूं। साथ ही उन्हें भारत





आने का न्योता भी दिया। गौरतलब है कि पोप स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के कारण व्हीलचेयर का उपयोग कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने एक्स पर पोप से मुलाकात के दौरान की कुछ तस्वीरें साझा की है, जिसमें पोप मुस्कुराते हुए श्री मोदी का अभिवादन कर रहे हैं और भारतीय प्रधानमंत्री से गले मिलने के लिए अपनी बाहें आगे बढ़ाते नजर आ रहे हैं। इसके बाद दोनों ने गर्मजोशी से गले मिले। श्री मोदी की पोप से यह दूसरी मुलाकात है। इससे पहले श्री मोदी ने अक्टूबर 2021 में वेटिकन के अपोस्टोलिक पैलेस में एक निजी कार्यक्रम के दौरान पोप फ्रांसिस से मुलाकात की थी।

## शहबाज शरीफ ने मौलाना फजलुर रहमान को सत्तारूढ़ गठबंधन में शामिल होने का दिया न्योता

**एजेंसी**
**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने अपने पूर्व सहयोगी जेयूआई-एफ प्रमुख मौलाना फजलुर रहमान को पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ गठबंधन का हिस्सा बनने और देश में राजनीतिक गतिरोध को दूर करने में भूमिका निभाने के लिए आमंत्रित किया है। समाचार पत्र 'डॉन' की खबर के अनुसार, बिलावल भुट्टो-जरदारी की पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी और अन्य छोटे दलों के समर्थन से गठबंधन सरकार का नेतृत्व कर रहे शरीफ ने बृहस्पतिवार को जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम (एफ) प्रमुख के आवास पर जाकर उनका हालचाल जाना। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ (72) ने मौजूदा राजनीतिक मुद्दों के समाधान के लिए एक समिति के गठन का भी प्रस्ताव रखा और मौलाना रहमान से सत्तारूढ़ गठबंधन में शामिल होने को कहा। प्रधानमंत्री कार्यालय के एक सूत्र के हवाले से खबर में कहा गया है कि जेयूआई-एफ नेता को सत्तारूढ़ गठबंधन में शामिल होने और देश में व्याप्त राजनीतिक गतिरोध को दूर करने के लिए प्रस्तावित समिति में भूमिका निभाने को कहा गया है।

# तकनीक का लाभ मानव के सामर्थ्य को बढ़ाने के लिए हो : नरेंद्र मोदी

**एजेंसी**
**अपुलिया।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रौद्योगिकी के मानव केन्द्रित विकास पर बल देते हुए आज कहा कि हमारी कोशिश होनी चाहिए कि टेक्नोलॉजी का लाभ सभी वर्गों तक पहुंचे, समाज के हर व्यक्ति के सामर्थ्य को उजागर करे,सामाजिक असमानताओं को दूर करने में मदद करे,और मानवीय शक्तियों को सीमित करने की बजाय उनका विस्तार करे।

श्री मोदी ने यहां जी7 आउटरीच शिखर सम्मेलन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ऊर्जा, अफ्रीका और भूमध्य सागर पर आउटरीच सत्र को संबोधित किया। उन्होंने समूह को उसकी 50वीं वर्षगांठ पर बधाई दी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि मानव जाति के इतिहास की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक प्रक्रिया में दोबारा चुने जाने के बाद शिखर सम्मेलन में भाग लेना उनके लिए बहुत संतुष्टि की बात है। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी को सफल बनाने के लिए इसे मानव-केंद्रित दृष्टिकोण पर आधारित होना होगा। उन्होंने कहा कि इक्कीसवीं सदी टेक्नोलॉजी की सदी है। मानव जीवन का शायद ही कोई ऐसा पहलु



होगा जो टेक्नोलॉजी के प्रभाव से वंचित हो।एक तरफ जहाँ टेक्नोलॉजी मनुष्य को चाँद तक ले जाने का साहस देती है, वहीं दूसरी ओर साइबर सुरक्षा जैसी चुनौतियां भी पैदा करती है। हमें मिलकर यह सुनिश्चित करना होगा कि टेक्नोलॉजी का लाभ सभी वर्गों तक पहुंचे,समाज के हर व्यक्ति के सामर्थ्य को उजागर करे,सामाजिक असमानताओं को दूर करने में मदद करे,और मानवीय शक्तियों को सीमित करने की बजाय उनका विस्तार करे। यह केवल हमारी अभिलाषा नहीं, हमारा दायित्व होना चाहिए। हमें टेक्नोलॉजी में एकाधिकार को सर्वाधिकार में बदलना होगा। हमें टेक्नोलॉजी को संहारक नहीं सृजनात्मक रूप देना होगा। तभी हम एक समावेशी समाज की नींव रख सकेंगे। भारत अपनी इस मानव केन्द्रित भावना के जरिए एक बेहतर भविष्य के लिए प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि 2047 तक विकसित भारत का निर्माण हमारा संकल्प है। हमारी प्रतिबद्धता है कि समाज का कोई भी वर्ग देश की विकास यात्रा में पीछे न छूटे। यह अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के संदर्भ में भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) में भारत राष्ट्रीय रणनीति बनाने वाले पहले कुछ देशों में शामिल है। इसी रणनीति के आधार पर हमने इस वर्ष एआई मिशन लॉन्च किया है जिसका मूल मंत्र है एआई फॉर ऑल। एआई के लिए वैश्विक साझीदारी के संस्थापक सदस्य और नेतृत्वकर्ता के रूप में हम सभी देशों के बीच सहयोग को बढ़ावा दे रहे हैं। पिछले वर्ष भारत की मेज़बानी में की गई जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान हमने एआई के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय व्यवस्थापन के महत्व पर बल दिया। भविष्य में भी एआई को पारदर्शी, निष्पक्ष, सुरक्षित, सुलभ और जिम्मेदाराना बनाने के लिए हम सभी देशों के साथ मिलकर काम करते रहेंगे।

## मोदी ने यूक्रेन को बातचीत और कूटनीति का रास्ता अख्तियार करने की दी सलाह

**एजेंसी**
**अपुलिया।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यूक्रेन को सलाह दी कि वह रूस के साथ शांति स्थापित करने के लिए बातचीत और कूटनीति का रास्ता अपनाये।

यहां जी-7 शिखर सम्मेलन के इतर श्री मोदी ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोदिमिर ज़ेलेंस्की के साथ द्विपक्षीय मुलाकात के दौरान यह सलाह दोहरायी। श्री मोदी ने 'एक्स' पर अपनी पोस्ट में लिखा, ÷राष्ट्रपति श्री ज़ेलेंस्की के साथ बहुत सार्थक बैठक हुई। भारत, यूक्रेन के साथ द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के लिए उत्सुक है। जारी शत्रुता के संबंध में दोहराया कि भारत मानव-केंद्रित दृष्टिकोण में विश्वास करता है और मानता है कि शांति का रास्ता बातचीत और कूटनीति के माध्यम से है।

श्री मोदी ने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक से भी मुलाकात की और भारत तथा ब्रिटेन के बीच रक्षा संबंध और मजबूत करने पर विचार विमर्श किया। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ने श्री मोदी को लोकसभा चुनावों में पुनः जीत हासिल करने के लिए बधाई दी।

श्री मोदी ने 'एक्स'पर लिखा, ÷इटली में प्रधानमंत्री ऋषि सुनक से मिलना सुखद रहा। मैंने राजग



सरकार के तीसरे कार्यकाल में भारत-ब्रिटेन व्यापक रणनीतिक साझीदारी को और मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। सेमीकंडक्टर, प्रौद्योगिकी और व्यापार जैसे क्षेत्रों में संबंधों को गहरा करने की काफी गुंजाइश है। हमने रक्षा क्षेत्र में संबंधों को और मजबूत करने पर भी बात की।÷

इससे पहले श्री मोदी ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से मुलाकात कीकड़ी होता है, कार्यकर्ता ही नेता बनाता है, हम सबको मिल-जुलकर रहना है काम करना है हमारी यहीं ताकत और जनता का आशीर्वाद झूठ पर टिकी भाजपा सरकार को बाहर का रास्ता दिखाकर रहेगी।

### नेपाल में भूस्खलन से चार लोगों की मौत, इस वर्ष 10.8 लाख से अधिक लोग हो सकते हैं प्रभावित

**एजेंसी**
**काठमांडू।** पूर्वोत्तर नेपाल के तापलेजंग जिले में गुरुवार रात भूस्खलन से एक ही परिवार के चार



सदस्यों की मौत हो गयी।

कौमी पत्रिका
संपादक-गुरचरन सिंह बब्बर
स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक, गुरचरन सिंह बब्बर ने कौमी पत्रिका प्रिंटिंग प्रेस, सेक्टर ए-4/ए-144 इंडस्ट्रीयल एरिया ट्रोनिका सिटी लोनी (गाजियाबाद), उत्तर प्रदेश से छापकर प्रकाशित किया।
Corporate Office:
5, Bahadurshah Zafar Marg
ITO, New Delhi-110002
फोन : 011-41509689, 23315814
मोबाइल नंबर : 9312262300
E - mail address :
qpatrika@gmail.com
Website: www.qaumipatrika.in
R.N.I. No.
UP-HIN/2007/21472
Legal Advisors:
Advocate Mohd. Sajid
Advocate Dr. A.P.Singh
Advocate Manish Sharma
Advocate Pooja Bhaskar Sharma

# मोदी और मैक्रों रणनीतिक रक्षा सहयोग तेज करने पर सहमत

**एजेंसी**
**अपुलिया (इटली)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने यहां जी-7 शिखर सम्मेलन के मौके पर द्विपक्षीय मुलाकात की और दोनों देशों के बीच रणनीतिक रक्षा सहयोग को तेज करने पर सहमति व्यक्त की। विदेश मंत्रालय के अनुसार इस बैठक में श्री मोदी ने लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद संभालने पर फ्रांसीसी राष्ट्रपति की हार्दिक शुभकामनाओं के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। दोनों नेताओं ने 'क्षितिज 2047' रोडमैप और हिन्द प्रशांत क्षेत्र रोडमैप पर ध्यान केंद्रित करते हुए भारत-फ्रांस द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की। चर्चाओं में रक्षा, परमाणु, अंतरिक्ष, शिक्षा, जलवायु कार्रवाई, डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे, कनेक्टिविटी और राष्ट्रीय संग्रहालय साझीदारी जैसी सांस्कृतिक पहल और लोगों से लोगों के संबंधों को बढ़ाने में सहयोग शामिल था। वे 'मेक इन इंडिया'



पर अधिक ध्यान देने के साथ रणनीतिक रक्षा सहयोग को और तेज करने पर सहमत हुए। दोनों नेता 2025 में फ्रांस में आयोजित होने वाले आगामी एआई शिखर सम्मेलन और संयुक्त राष्ट्र महासागर सम्मेलन के संदर्भ में मिलकर काम करते हुए एआई, महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों, ऊर्जा और खेल के क्षेत्र में सहयोग का विस्तार करने पर भी सहमत हुए। दोनों नेताओं ने प्रमुख वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि दोनों देशों के बीच मजबूत और भरोसेमंद रणनीतिक साझीदारी एक स्थिर और समृद्ध वैश्विक व्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण है तथा इसे और अधिक ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए मिलकर काम करने पर सहमति व्यक्त की। प्रधानमंत्री ने आगामी पेरिस ओलंपिक और पैरालंपिक खेलों के लिए श्री मैक्रों को शुभकामनाएं दीं।

## आईएएस मेधा रूपम की फर्जी आईडी से साइबर क्राइम का प्रयास, ठगों ने जनता से मांगे पैसे

**एजेंसी**

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा से इस वक्त की बड़ी खबर सामने आ रही है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी और आईएएस अधिकारी मेधा रूपम के नाम पर साइबर क्राइम का मामले सामने आया है। कुछ लोगों ने उनकी फर्जी आईडी बनाई और लोगों से पैसे मांगे। जब इसकी जानकारी मेधा रूपम को लगी तो उन्होंने तत्काल एक्शन लिया। उन्होंने इसकी जानकारी अपने ट्विटर अकाउंट पर साझा की है।

**मेधा रूपम ने ट्विटर पर पोस्ट किया**

मेधा रूपम ने ट्विटर (एक्स) पर पोस्ट करते हुए लिखा है, ÷कृपया इस फर्जी इंस्टाग्राम प्रोफाइल की रिपोर्ट करें। जिसके पहले से ही बहुत सारे फॉलोअर्स हैं, जो मेरे नाम से लोगों को मैसेज करता है और पैसे मांगता है। नीचे इस फर्जी प्रोफाइल का लिंक शेयर कर रही हूं। कृपया इसकी रिपोर्ट करें और मुझे कमेंट में बताएं।

## सक्सेना ने अरुंधति रॉय के ख़िलाफ़ मुक़दमा चलाने की मंज़ूरी दी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना ने मशहूर लेखिका अरुंधति रॉय और कश्मीर के एक पूर्व प्रोफेसर के खिलाफ वर्ष 2010 में यहां एक कार्यक्रम में कथित तौर पर भड़काऊ भाषण देने के मामले में गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत मुकदमा चलाने की मंजूरी दे दी है। राज निवास से प्राप्त जानकारी के अनुसार अरुंधती रॉय और कश्मीर के केंद्रीय विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर शेख शौकत हुसैन के खिलाफ यहाँ की एक अदालत के आदेश के बाद प्राथमिकी दर्ज की गई थी।श्री सक्सेना ने इस मामले में अरुंधति रॉय और शेख शौकत हुसैन के खिलाफ यूएपीए की धारा 45 (1) के तहत मुकदमा चलाने की मंजूरी दे दी है। उल्लेखनीय है कि 21 अक्टूबर 2010 को यहां एक सम्मेलन में कथित तौर पर भड़काऊ भाषण देने का दोनों के ऊपर आरोप है। इस मामले में कश्मीर के सामाजिक कार्यकर्ता सुशील पंडित ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद दिल्ली के मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट के आदेश के बाद रॉय और हुसैन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

## दिल्ली की जनता को सजा दे रही हरियाणा की भाजपा सरकार : संजय

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि यहाँ के लोगों ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सातों सांसद जिताए हैं इसके बाद भी हरियाणा की भाजपा सरकार दिल्ली के लोगों को सजा दे रही है। श्री सिंह ने यहाँ कहा कि दिल्ली के लोगों को घर-घर पानी देने के लिए केजरीवाल सरकार लगातर प्रयास कर रही है लेकिन हरियाणा सरकार हमसे दुश्मनी निकालने पर तुली है। दिल्ली के सातों सांसदों से अपील करता हूं कि वह दिल्ली को पर्याप्त पानी देने के लिए हरियाणा और केंद्र की भाजपा सरकार से अपील करें। राजनीति अपनी जगह है, लेकिन पानी के मामले पर ऐसे भेदभाव नहीं करनी चाहिए।

## धर्मेंद्र प्रधान ने विद्यार्थियों को आश्वस्त किया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने चिकित्सा कॉलेजों में दाखिला के लिए आयोजित होने वाली राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट- यूजी) पेपर लीक के आरोपों को खारिज करते हुए विद्यार्थियों को आश्वासन दिया कि उनकी सभी चिंताओं का निष्पक्षता और समानता के साथ समाधान किया जाएगा। श्री प्रधान ने आज 'एक्स' पर लिखा, नीट परीक्षा मामले में उच्चतम न्यायालय के आदेश के तहत परीक्षार्थियों के हितों को सुनिश्चित करने के लिए केंद्र सरकार प्रतिबद्ध है। मैं परीक्षार्थियों को आश्वस्त करना चाहता हूँ कि किसी भी बच्चे के कैरियर के साथ खिलवाड़ नहीं होगा। इस मामले से जुड़े तथ्य माननीय सर्वोच्च न्यायालय के संज्ञान में है। माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार जो भी आवश्यक कदम उठाने होंगे, सरकार उसे पूरा करेगी। नीट की काउन्सलिंग प्रक्रिया शुरू होने जा रही है और अब इस दिशा में भ्रमित हुए बिना आगे बढ़ने की आवश्यकता है।

## ट्रेनों में स्लीपर, जनरल कोच बढ़ाएगी रेलवे

**नई दिल्ली।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गर्मियों के सीज़न में यात्रियों को होने वाली दिक्कतों को गंभीरता से लेते हुए रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों को पांच मोर्चों पर युद्धस्तर पर काम करने के निर्देश दिये हैं जिनमें ट्रेनों में गैरवातानुकूलित स्लीपर एवं अनारक्षित श्रेणी के कोचों की संख्या बढ़ाना और वातानुकूलित कोचों में एयर कंडीशनिंग प्रणाली के खराब होने की शिकायतों को दूर करना शामिल है। रेलवे के सूत्रों के अनुसार रेल, सूचना एवं प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्री वैष्णव ने गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से रेलवे बोर्ड के सदस्यों एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ-साथ जोनल रेलवे के महाप्रबंधकों और सभी मंडल रेल प्रबंधकों (डीआरएम) के साथ एक विस्तृत बैठक की जिसमें यात्रियों की सुविधा के लिए प्राथमिकताएं तय कीं। मंत्री ने गर्मियों की भीड़ के दौरान ट्रेनों में भीड़भाड़ की समस्या का संज्ञान लिया। उन्होंने रेलवे अधिकारियों से भीड़भाड़ की समस्या के समाधान के लिए तत्काल कदम उठाने का आग्रह किया।

# खंडेलवाल ने नई सड़क आग प्रभावित क्षेत्र का अधिकारियों के साथ किया दौरा

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** चांदनी चौक के सांसद प्रवीन खंडेलवाल नई सड़क में एक दिन पहले लगी आग से प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। खंडेलवाल ने नगर निगम, दिल्ली पुलिस, एसडीएम, डिजास्टर मैनेजमेंट एवं अन्य सरकारी विभागों की टीम के साथ घटना स्थल का मुआयना किया। उन्होंने स्थानीय व्यापारियों से बात की और भविष्य में ऐसा न हो इस पर कारणों पर सुझाव मांगे। खंडेलवाल ने बताया कि नई सड़क स्थित मार्केट के लोगों से बात करने पर पता चला है कि लगभग 175 दुकानें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुई हैं, जिनमें से अधिकांश दुकानों का सामान जलकर राख हो गया है। चांदनी चौक के सांसद ने आग से हुए नुकसान का आकलन करते हुए कहा कि व्यापारियों को बहुत बड़ा



नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार और बीएसईएस को प्रभावित व्यापारियों को मुआवज़ा तुरंत देना चाहिए।

भाजपा सांसद ने कहा कि लगभग दो वर्ष पूर्व भगीरथ पैलेस में इसी प्रकार की आग लगी थी, जिस पर एक कमेटी गठित की गई थी। इस कमेटी ने अपनी रिपोर्ट दी थी, उस कमेटी की रिपोर्ट का अध्ययन कर हितधारक की सलाह से आवश्यक कदम उठाने चाहिए। वहीं, चांदनी चौक में एक फायर स्टेशन भी स्थायी रूप से स्थापित होना चाहिए।

खंडेलवाल ने कहा कि पुरानी दिल्ली में बिजली के लटके हुए तार जान माल के लिए बड़ा ख़तरा है। अब समय आ गया है, जब इन तारों की अंडरग्राउंड केबलिंग करना जरूरी हो गया है। उन्होंने यह भी कहा कि पुरानी दिल्ली के रि-डेवलपमेंट की बेहद जरूरत है जिसका प्रावधान मास्टर प्लान 2021 में किया गया था, इस हेतु शाहजहानाबाद रि-डेवलपमेंट बोर्ड का पुनर्गठन कर उसमें निर्वाचित प्रतिनिधियों को शामिल कर जवाबदार बनाया जाए और पुरानी दिल्ली का विकास यह बोर्ड करे।

## नीट में धांधली को लेकर लीपापोती कर बच नहीं सकती सरकार : कांग्रेस

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।)** कांग्रेस ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट को लेकर सरकार को घेरते हुए आज कहा कि सच पर पर्दा डालने के लिए पूरे प्रकरण में लीपापोती की जा रही है लेकिन सवाल 24 लाख बच्चों के भविष्य का है इसलिए उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश की देखरेख में मामले की जांच होनी चाहिए।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि जो नियम मेडिकल और इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा के लिए वर्जित किये गए हैं सरकार उन्हीं नियमों का सहारा लेकर ग्रेस मार्क्स देने की बात कर पूरे मामले में लीपापोती करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने तंज करते हुए कहा ÷नाम है नीट लेकिन रिजल्ट देख कर ये प्रक्रिया कहीं से भी साफ, स्वच्छ या स्वस्थ नहीं लगती। इस परीक्षा के माध्यम से देश के 24 लाख बच्चों के भविष्य पर पानी फेर दिया गया है। पिछले 8 साल में 7 ऐसे छात्र थे जो पूरे अंक लाए लेकिन इस साल 67 छात्र पूरे अंक लेकर आए। इस पर शिक्षा मंत्री का कोई जवाब नहीं है। जब बिहार में पुलिस ने पेपर लीक के मामले में कुछ लोगों को पकड़ा और गुजरात के गोधरा में भी ऐसा मामला निकला, तब ये घोटाला सामने आया। प्रवक्ता ने कहा नेशनल टेस्टिंग एजेंसी-एनटीए ने कोर्ट में लीपापोती की पूरी कोशिश करते कहा कि हमने टाइम लॉस की वजह से 1563 बच्चों को ग्रेस मार्क्स दिये और उच्चतम न्यायालय के एक फैसले को कोट किया। शीर्ष न्यायालय के फैसले को कोट करते हुए एनटीए ने कहा कि अगर बच्चों को टाइम लॉस होता है तो कैलकुलेट करके उन्हें ग्रेस मार्क दिया जाता है जबकि उसी फैसले में स्पष्ट लिखा है कि इंजीनियरिंग और मेडिकल इस कैटेगरी में नहीं आते।

## चांदनी चौक के कटरा मारवाड़ी बाजार में 24 घंटे बाद भी नहीं बुझी आग

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** चांदनी चौक के कटरा मारवाड़ी बाजार में गुरुवार शाम लगी आग 24 घंटे बाद भी पूरी तरीके से नहीं बुझ पाई। मौके पर 60 दमकल कर्मियों की टीम 10 आग बुझाने वाली गाड़ियों के साथ लगातार प्रयास कर रही है। यहां पर आग लगने की घटना गुरुवार शाम 5ः00 बजे हुई थी जिसे बुझाने में देररात 50 दमकल की गाड़ियां और 250 सौ से ज्यादा फायरकर्मी जुटे रहे। मौके पर चीफ फायर ऑफिसर वीरेंद्र सिंह और दमकल निदेशक अतुल गर्ग भी पहुंचे थे, हालात का जायजा लेने के लिए।

लोगों के अनुसार इस आग की चपेट में आकर लगभग 60 से 70 छोटी बड़ी दुकान बर्बाद हो चुकी है। साड़ियों और लहंगे के लिए मशहूर अनिल मार्केट का बहुत बड़ा हिस्सा इस आग की चपेट में आकर खत्म हो चुका है। करोड़ों का नुकसान यहां के दुकानदारों का हो चुका है। एक साड़ी की दुकान में लगी शॉर्ट सर्किट से आग, इतनी बड़ी हो गई की



पलभर में ही काफी सारी दुकानें चपेट में आ गई। दमकल का कहना है कि तंग गलियां, लोगों की भीड़ सबसे बड़ा कारण रही। मौके पर दमकल की गाड़ियों को पहुंचने में दिक्कत हुई। इस वजह से आसपास के मकान से दमकल कर्मियों ने पानी की बौछार की जिससे आग को रोका जा सके। यही कारण है कि आसपास के काफी हिस्सों को फायर कर्मियों ने बचा लिया। बताया जा रहा है कि यह यह 130 साल पुरानी मार्केट है। जहां पर पहले कपड़े और लहंगे का काम होता था। बाद में यहां पर किताबें की भी दुकान हो गईं।

## दिल्ली सरकार आग से प्रभावित मारवाड़ी कटरा के जीर्णोद्धार में हर संभव सहायता करेगी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री और बल्लीमारान के विधायक इमरान हुसैन ने नई सड़क स्थित मारवाड़ी कटरा क्षेत्र का दौरा किया। यहां आग लगने की घटना के कारण 50 से अधिक छोटी- बड़ी दुकानें जलकर राख हो गईं। इस दौरान इमरान हुसैन ने उन व्यापारियों से मुलाकात की, जिनकी दुकानों को इस भीषण आग से नुकसान हुआ है। सबसे पहले मंत्री इमरान हुसैन ने उन्हें सांत्वना दी और आग लगने के कारणों की पूरी जानकारी ली।

इमरान हुसैन ने क्षेत्र के एसडीएम को इस संकट और दुख की घड़ी में पीड़ितों की विशेष देखभाल और पर्याप्त सहायता करने के निर्देश दिए।

मंत्री ने डीडीएमए, दिल्ली पुलिस और विशेष रूप से अग्निशमन कर्मियों की भूमिका की भी सराहना की, क्योंकि क्षेत्र में घनी आबादी और संकरी गलियों को देखते हुए राहत और बचाव कार्यों में कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।

उन्होंने व्यापारियों को भरोसा देते हुए कहा कि अरविंद केजरीवाल सरकार संकट की इस घड़ी में ट्रेडर्स के साथ खड़ी है और सरकार आग से



प्रभावित बाजार के रेस्टोरेशन करने में हर संभव सहायता का प्रयास करेगी। मंत्री ने क्षेत्र के एसडीएम को आग से हुए नुकसान का आकलन करने और दिल्ली सरकार के समक्ष रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इमरान हुसैन ने बताया कि नई सड़क क्षेत्र के घनी आबादी वाले मारवाड़ी कटरा में 50 से अधिक दुकानों को नुकसान पहुंचाने वाली भीषण आग पर काबू पाने के लिए 80 से अधिक दमकल गाड़ियों के साथ 200 अग्निशमन कर्मियों ने रात भर काम किया। कटरा मारवाड़ी बाजार की संकरी गलियों में दुकानें आपस में जुड़ी होने के कारण अग्निशामकों को आग बुझाने में भारी चुनौतियों का सामना करना पड़ा, जहां वर्तमान में कूलिंग ऑपरेशन सुचारू रूप से चल रहा है।

# आम आदमी पार्टी के विधायकों के साथ बैठकों का दौर शुरू किया

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निर्देश पर शुक्रवार से दिल्ली कैबिनेट मंत्री आतिशी और सौरभ भारद्वाज ने विधायकों के साथ बैठकों के क्रम की शुरुआत कर दी है। हुई बैठक में विधायकों से उनके क्षेत्र से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा की गई।

बैठक में विधायकों द्वारा बताए गए ज़्यादातर मुद्दे पानी, सीवर सफ़ाई, गलियों और सड़कों को नए सिरे से बनाने, मानसून से जुड़ी तैयारियाँ सहित उनके क्षेत्र में लोगों की सुविधाओं से जुड़ी विकासात्मक कार्यों से जुड़े थे। इस मौक़े पर विधायकों को संबोधित करते हुए आतिशी ने कहा कि, पिछले दो महीने से अधिक समय से चुनाव के कारण आचार संहिता लगने के कारण नए विकासात्मक कार्यों को मंज़ूरी नहीं दी




जा सकती थी। लेकिन अब आचार संहिता के हटने के बाद शहर में जो भी विकासात्मक कार्य थे वो दोगुनी रफ़्तार से शुरू हो जाएंगे।

इसी क्रम में कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने भी कहा कि, अपने विधानसभाओं में विकास कार्यों के लिए विधायकों ने जो भी मांग की है, उसपर तुरंत संज्ञान लिया जाएगा और सभी संबंधित विभागों को इन कार्यों को तुरंत शुरू करने के निर्देश दिए जाएंगे। आतिशी ने विधायकों से मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निर्देशों को साझा करते हुए कहा कि, सभी विधायक ग्राउंड पर जाए लोगों के बीच रहे और लोगों की सभी समस्याओं को दूर करने का काम करें। उन्होंने कहा कि, मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल चाहे जेल के अंदर हो या बाहर हो वो हमेशा दिल्लीवालों की बेहतरी के लिए सोचते है। बैठक में रिठाला के विधायक मोहिन्दर गोयल, तिमारपुर के विधायक दिलीप पांडेय, वजीरपुर के विधायक राजेश गुप्ता, किराड़ी के विधायक ऋतुराज झा, सदर बाज़ार से विधायक सोमदत्त और मॉडल टाउन के विधायक अखिलेश त्रिपाठी मौजूद रहे।

## दो विदेशी ड्रग्स तस्कर गिरफ्तार

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने अंतरराष्ट्रीय ड्रग तस्कर गैंग का भंडाफोड़ करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। दोनों अफ्रीकी मूल के नागरिक हैं, जिनकी पहचान मैरिएन कोन (29) और ओनेकाची ऊर्फ किंग (37) रूप में की गई है। इनके पास से 5.951 किलोग्राम मेथमफेटामाइन ड्रग्स बरामद की गई, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 20 करोड़ रुपये से अधिक आंकी गई है। दक्षिणी रेंज एवं नारको टेरर के डीसीपी (स्पेशल सेल) अमित कौशिक के मुताबिक, दिल्ली/एनसीआर से देश के विभिन्न हिस्सों में मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले अफ्रीकी मूल के कई लोगों के दिल्ली में होने की सूचना मिली थी। इसके बाद एसीपी वेद प्रकाश की निगरानी में कार्टेल का पर्दाफाश करने की योजना बनाई गई और मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर महिपाल पुर में पेट्रोल पंप के पास ट्रैप लगाया गया। करीब शाम 5.15 बजे महिला ड्रग सप्लायर मैरिएन कोन महिपालपुर की ओर से पैदल आते हुए देखा गया, जो दिल्ली-गुरुग्राम एक्सप्रेसवे पर पेट्रोल पंप के सामने रुकी। जब वह आगे बढ़ी तो टीम के सदस्यों ने उसे धर दबोचा और तलाशी लेने पर 5.127 कि.ग्रा. मेथामफेटामाइन बरामद किया गया। बरामद नशीले पदार्थ को जब्त कर एनडीपीएस एक्ट के तहत स्पेशल सेल थाने में केस दर्ज कर जांच शुरू की गई। आरोपी मैरिएन कोन ने खुलासा किया कि वह दिल्ली में अफ्रीकी मूल के लोगों की ओर से चलाए जा रहे ड्रग कार्टेल का सदस्य है। बरामद किया गया नशीला पदार्थ उसने निलोठी एक्सटेंशन में रहने वाले किंग्सले ओनेकाची ऊर्फ किंग से खरीदा था। इसके बाद किंग को गिरफ्तार कर उसके घर से 824 ग्राम अधिक मेथमफेटामाइन भी जब्त की गई।

## जानलेवा बीमारी से ग्रसित बच्चे को बचाने की आम आदमी पार्टी ने शुरू की मुहिम

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के नेता एवं सांसद संजय सिंह ने स्पाइनल मस्कुलर एट्रोफी (एसएमए) टाइप-2 बीमारी से ग्रसित बच्चे की जिंदगी बचाने के लिए देश भर के लोगों से आर्थिक मदद की गुहार लगाई है। उन्होंने बच्चे के माता-पिता की मौजूदगी में पार्टी मुख्यालय में प्रेसवार्ता कर उसकी जान बचाने के लिए मुहिम की शुरुआत की।

उन्होंने कहा कि बच्चे को दो साल की उम्र पूरी होने से पहले बीमारी को ठीक करने का इंजेक्शन नहीं लगा तो उसकी जान को खतरा हो सकता है। इस बीमारी में जो इंजेक्शन लगता है, उसकी कीमत 17 करोड़ रुपये है और इतना महंगा इंजेक्शन एक समान्य व्यक्ति नहीं खरीद सकता है। लिहाजा, मैंने अपनी तरफ से एक लाख रुपये की आर्थिक मदद की है। मैं देशवासियों से अपील करता हूं कि इस बच्चे की जिंदगी बचाने के लिए सभी लोग आगे आएं और अपने सामर्थ्य के अनुसार उसकी आर्थिक मदद करें।

संजय सिंह ने कहा कि वेहंत जैन नाम के इस बच्चे को एमएमए टाइप-2 की बीमारी है। डॉक्टरों ने इसकी पुष्टि करते हुए चेतावनी दी है कि अगर दो साल की उम्र के अंदर बच्चे को इंजेक्शन नहीं लगा तो




उसके जीवन को गंभीर खतरा हो सकता है। मानवीयता के नाते हमारी जिम्मेदारी बनती है कि बच्चे की मदद करें। बूंद-बूंद से ही घड़ा भरता है। इस बीमारी में जो इंजेक्शन लगता है, वो बहुत महंगा होता है। किसी सामान्य व्यक्ति के लिए उसका खर्च उठा पाना संभव नहीं है। इस बीमारी के इंजेक्शन की कीमत 17 करोड़ रुपये है। त्रिनगर निवासी वेहंत जैन के पिता मोहित जैन इंजीनियर और मां सीए हैं। मां गरिमा जैन ने बच्चे की बीमारी की वजह से नौकरी छोड़ दी है संजय सिंह ने दिल्ली और देश के लोगों से अपील करते हुए कहा कि इस बच्चे की जिंदगी बचाने के लिए पूरा देश आगे आए, जिससे जो कुछ भी संभव हो, बच्चे के इलाज में मदद करें। आम आदमी पार्टी ने कहा कि 100 रुपये से लेकर अपनी आर्थिक स्थिति के अनुसार कितना भी अर्थिक मदद कर सकते हैं।

**ऐसे कर सकते हैं बच्चे को आर्थिक मदद:**

बच्चे के माता-पिता ने क्राउंड फंडिंग के लिए इंपैक्ट गुरु नामक एप पर बच्चे का अकाउंट बनाया है। यहां बच्चे के संबंधित सारी डिटेल दी गई है। बच्चे (वेहंत जैन) के नाम से आरबीएल बैंक में खाता है, जिसका एकाउंट नंबर 2223330027417243 और आईएफएससी कोड RATN®VAAPIS है। इस नंबर पर ऑनलाइन पैसे ट्रांसफर कर सकते हैं। इसके अलावा 9871205883 मोबाइल नंबर का क्यूआर कोड भी बना है, जहां जाकर पेटीएम, फोन पे या जी-पे एप से भी आर्थिक मदद कर सकते हैं। इंपैक्ट गुरु एटीजी का लाभ भी देगा।

## नीट परीक्षा के बाद दिल्ली सरकार के स्कूलों का जेईई एडवांस्ड में भी रहा शानदार प्रदर्शन

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** नीट की परीक्षा के बाद दिल्ली सरकार के स्कूलों का जेईई एडवांस्ड में भी शानदार प्रदर्शन रहा है। इस वर्ष दिल्ली सरकार के स्कूलों से 158 छात्रों ने जेईई एडवांस्ड क्वालीफाई किया है। दिल्ली सरकार के डॉ.बी.आर.अंबेडकर स्कूल ऑफ़ स्पेशलाइज्ड एक्सीलेंस के ही 82 छात्र ने जेईई एडवांस्ड क्वालीफाई किया है।

पिछले 5 सालों में दिल्ली सरकार के स्कूलों में जेईई एडवांस्ड क्वालीफाई करने वाले छात्रों की संख्या लगातार बढ़ी है। 2020 में ये संख्या मात्र 53 थी। यानी पिछले 5 सालों में दिल्ली सरकार के स्कूलों से जेईई एडवांस्ड क्वालीफाई करने वाले छात्रों की संख्या लगभग 3 गुणा बढ़ी है। इस मौक़े पर शिक्षा मंत्री आतिशी ने सभी छात्रों उनके टीचर्स और अभिभावक को इस शानदार उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए कहा कि अपनी कड़ी मेहनत और प्रतिभा के दम पर हमारे स्कूलों के बच्चों ने साबित कर दिया है कि वो किसी से कम नहीं है। उन्होंने कहा कि हमारे छात्रों ने अपने शानदार प्रदर्शन की बदौलत न केवल अपने परिवार को, अपने स्कूल को बल्कि पूरी दिल्ली को गौरवान्वित किया है।

आतिशी ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के विज़न के तहत हमारे छात्रों को स्कूल में ही वर्ल्ड कोचिंग और तैयारियों की सुविधा मिल रही है।

उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल मॉडल ऑफ़ एजुकेशन ने सबसे ग़रीब तबके के बच्चों को भी वर्ल्ड क्लास शिक्षा मुहैया करवाकर बड़े सपने देखने और उसे पूरा करने का मौक़ा दिया है। इसका नतीजा ही है कि आज दिल्ली में ग़रीब से ग़रीब परिवारों के बच्चों का आईआईटी जाने का सपना पूरा हो रहा है।

2020 से दिल्ली सरकार के स्कूलों में हर साल लगातार बढ़ी जेईई एडवांस्ड क्वालीफाई करने वाले स्टूडेंट की संख्या

2024 - 158
2023 - 106
2022 - 74
2021 - 64
2020 - 53

## देशभर में पीएचडी परीक्षा आयोजित करने की मांग : एबीवीपी जेएनयू का प्रशासन को ज्ञापन

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) द्वारा गैर-नेट-जेआरएफ विषयों की पीएचडी प्रवेश परीक्षाओं का आयोजन होना है। सूत्रों के अनुसार उसका आयोजन केवल दिल्ली में किया जा रहा है, जबकि इस परीक्षा के लिए देश भर के छात्र तैयारी करते हैं। इसमें लेबर स्ट्डीज, कोरियन, सामाजिक बहिष्कार और समावेशी योजना, आर्ट्स एंड एस्थेटिक्स विषय शामिल हैं। यह निर्णय देश के विभिन्न हिस्सों से आने वाले गरीब और मध्यम वर्गीय पृष्ठभूमि के छात्रों के लिए अत्यंत कठिनाइयों का कारण बनेगा, जो इस परीक्षा में भाग लेने के लिए दिल्ली आने में असमर्थ हो सकते हैं।

एबीवीपी जेएनयू ने इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन को एक ज्ञापन सौंपा है, जिसमें मांग की गई है कि पीएचडी प्रवेश परीक्षाओं का आयोजन पूरे भारत में किया जाए। यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि सभी छात्रों को समान अवसर मिले और किसी भी छात्र को आर्थिक या भौगोलिक कारणों से शिक्षा के अवसर से वंचित न होना पड़े। एबीवीपी जेएनयू के अध्यक्ष राजेश्वर दुबे ने कहा, यह निर्णय हमारे देश के विभिन्न हिस्सों के छात्रों के साथ अन्याय है। हमें सुनिश्चित करना चाहिए कि शिक्षा के अवसर सभी के लिए समान हों, चाहे वे किसी भी आर्थिक या भौगोलिक पृष्ठभूमि से आते हों।

वहीं एबीवीपी जेएनयू की इकाई मंत्री शिखा स्वराज ने आशा जताई है कि विश्वविद्यालय प्रशासन इस ज्ञापन को गंभीरता से लेकर जल्द ही इस पर सकारात्मक कार्रवाई करेगा, ताकि सभी छात्रों को पीएचडी प्रवेश परीक्षाओं में भाग लेने का समान अवसर प्राप्त हो सके।

## एनडीएमसी योग दिवस पर करेगी समारोह का आयोजन

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) क्षेत्र में 08 स्थानों पर 21 जून को 'महिला सशक्तिकरण के लिए योग÷ विषय पर प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को सफल बनाने के उद्देश्य से 18 से 20 जून को तीन प्रमुख स्थानों पर योग शिविरों का आयोजन करने जा रही है। यहां प्रतिदिन प्रातः 6:30 बजे से 8:30 बजे तक होगा पालिका परिषद, आयुष मंत्रालय और आर्ट ऑफ लिविंग, पतंजलि योग समिति और गायत्री परिवार जैसे सहयोगी योग संस्थानों के साथ नेहरू पार्क, लोधी गार्डन और तालकटोरा गार्डन में आम जनता के बीच योग दिवस के लिए जागरूकता पैदा करने के लिए इन बिल्ड-अप कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है। एनडीएमसी ने सभी नागरिकों/सामुदायिक समूहों, रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों, मार्केट ट्रेडर्स एसोसिएशनों, मॉर्निंग वॉकर्स/जॉगर्स से 21 जून को नई दिल्ली क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2024 के सफल आयोजन के लिए योग बिल्ड-अप कार्यक्रमों में भाग लेने की अपील भी की है।

# नीट-यूजी विवाद पर हाई कोर्ट में दायर याचिकाएं सुप्रीम कोर्ट स्थानांतरित

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने पांच मई को आयोजित की गई राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट यूजी), 2024 से संबंधित विवाद को लेकर विभिन्न उच्च न्यायालयों में लंबित याचिकाओं की जांच के लिए उन्हें अपने पास स्थानांतरित करने का फैसला किया। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की अवकाशकालीन पीठ ने परीक्षा आयोजित करने वाली संस्था राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की याचिका पर यह फैसला किया। पीठ ने परीक्षा में नकल समेत अन्य आरोपों से घिरे एनटीए के खिलाफ उच्च न्यायालयों में संबंधित याचिकाएं दायर करने वालों को नोटिस जारी करते हुए कहा कि वह उन याचिकाओं पर आठ जुलाई को सुनवाई करेगी। एनटीए के खिलाफ दिल्ली, कलकत्ता, छत्तीसगढ़ और अन्य उच्च न्यायालयों में याचिकाएं दायर की गई थीं। शीर्ष अदालत में याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश कई अधिवक्ताओं ने बिहार में परीक्षा के दौरान प्रश्न पत्र सार्वजनिक होने का मुद्दा उठाते हुए नामांकन से संबंधित छह जुलाई से शुरू होने वाली काउंसलिंग को निलंबित करने का निर्देश देने की गुहार लगाई।

इस पर शीर्ष अदालत ने कहा कि उसने पहले भी इस तरह के अनुरोध को खारिज कर दिया था। पीठ ने सुनवाई के दौरान एनटीए को उन याचिकाओं में उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने की अनुमति दी, जिनमें शीर्ष अदालत के 13 जून के आदेश के साथ उन 1563 विद्यार्थियों के लिए एक नई परीक्षा को मंजूरी देने के साथ अनुग्रह या क्षतिपूर्ति अंक देने पर सवाल उठाया गया था। उनके अधिवक्ताओं ने दलील दी कि एनटीए ने महत्वपूर्ण तथ्यों को छिपाकर गुरुवार को शीर्ष अदालत का आदेश हासिल किया? था।

नीट में शामिल कई विद्यार्थियों ने अंकों में बढ़ोतरी का आरोप लगाया है, जिसके कारण रिकॉर्ड 67 उम्मीदवारों ने शीर्ष रैंक हासिल की है।

## सरकार पूरे प्रदेश की एक समान प्रगति के प्रति संकल्पित है: कंवर पाल

एजेंसी
**यमुनानगर।** हरियाणा के कृषि मंत्री कंवरपालने कहा कि हरियाणा सरकार आमजन की सेवा और अंत्योदय के भाव से काम कर रही है। निरंतर जन कल्याण की योजनाएं बनाई जा रही हैं और इससे लोगों को अधिक से अधिक लाभ मिल रहा है। वे जगाधरी स्थित अपने कार्यालय में खुले दरबार में आमजन की समस्याएं सुन रहे थे। इस दौरान कृषि मंत्री ने नागरिकों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और अधिकतर समस्याओं का मौके पर ही समाधान करवाया और संबंधित विभाग के अधिकारियों से फोन पर बात कर काम जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि व्यापक जनहित के कार्यों के लिए अधिकारियों को अपने स्तर पर ही त्वरित कदम उठाने चाहिए और ऐसे कार्यों में किसी भी प्रकार की कोई कोताही ना की जाए।

## चुनाव जीतने के लिए कांग्रेस ने फैलाया झूठ: हुड्डा

**रोहतक।** हरियाणा के पूर्व मंत्री व भाजपा के प्रवक्ता कृष्ण मूर्ति हुड्डा ने कहा कि जिनके पूर्वजों ने स्वतंत्रता संग्राम में भाग लिया था, आज उन लोगों ने लोकसभा का चुनाव जीतने के लिए अनैतिक काम किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं के झूठे फार्म भरवाये और कहा कि आप 25 मई को कांग्रेस पार्टी को वोट दो, चार जून को लोकसभा चुनाव का नतीजा आयेगा ओर पांच जून को उनके खातों में 8500 रूपये पैंशन के रूप में हर महीने पैसा आयेगा। लेकिन पूरे देश की महिलाओं को निराशा मिली। दलितों को झूठा भ्रम फैला दिया और कहा कि अगर भाजपा की 400 सीटें आ गई तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दलितों व पिछड़ों का आरक्षण समाप्त कर देगें। बहुत से दलितों व पिछड़े वर्ग के मतदाताओं ने भ्रम में आकर कांग्रेस पार्टी को वोट कर दिया। दुर्भाग्य की बात है कि कांग्रेस पार्टी ने चुनाव जीतने के लिए ओच्छे हथकण्डे अपनाएं।

## विधायक की मांग पर सरकार ने जारी की बस स्टेंड मरम्मत के लिए राशि

**हिसार।** प्रदेश सरकार ने विधायक भव्य बिश्नोई की मांग पर आदमुपर बस स्टेंड की मरम्मत एवं सौंदर्यकरण के लिए 35 लाख 63 हजार रूपए की राशि मंजूर की है। पिछले दिनों भव्य बिश्नोई ने आदमपुर बस स्टेंड का निरीक्षण करके अधिकारियों को बस स्टेंड की मरम्मत करवाने के निर्देश दिए थे। उन्होंने प्रदेश सरकार को पत्र लिख लिखकर बस स्टेंड के लिए राशि जारी करने मांग की थी। विधायक एवं भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश प्रभारी भव्य बिश्नोई ने आदमपुर बस स्टेंड की मरम्मत एवं सौंदर्यकरण की लंबित एवं अहम मांग को पूरा करने के लिए मुख्यमंत्री नायब सैनी का आभार जताया है। पिछले विधानसभा सत्र में भी भव्य बिश्नोई ने आदमपुर बस स्टेंड की जर्जर हालत को सुधारने के लिए मांग उठाई थी, जिस पर प्रदेश सरकार ने संज्ञान लेते हुए अब आदमपुर बस स्टेंड की मरम्मत के लिए राशि जारी की है।

## अफगानिस्तान के आठ महिला-पुरूषों को दी भारत की नागरिकता

**फरीदाबाद।** भारत की नागरिकता के लिए आवेदन करने वाले अफगानिस्तान के आठ नागरिकों को उपायुक्त विक्रम सिंह ने भारतीय नागरिकता प्रदान की। उन्होंने सभी नागरिकों को भारतीय संविधान की अनुपालना की शपथ दिलाते हुए भारत की नागरिकता मिलने की बधाई देते हुए उनके सुखद भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। उपायुक्त विक्रम सिंह ने अपने कार्यालय में अफगान के आठ महिला-पुरूष नागरिकों को शपथ दिलाई। इनमें बजन सिंह, नरिंदेस, अनू, शांति, निर्मल देवी, गोबन सिंह, शेमरन और मुस्कान शामिल रहीं। सभी ने हिंदी में भारतीय संविधान की अनुपालना की शपथ ली। उपायुक्त ने नागरिकता मिलने पर सबको बधाई दी। उन्होंने कहा कि भारत का नागरिक होना अत्यधिक गर्व और सम्मान की बात है। भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक राष्ट्र है। उपायुक्त विक्रम सिंह ने कहा कि भारत में सबको समान रूप से अधिकार प्राप्त हैं।

## पूर्व पंचायत मंत्री देवेंद्र बबली का विरोध करेंगे सरपंच

**जींद।** जाट धर्मशाला में सरपंच एसोशिएशन की प्रदेश स्तरीय बैठक का आयोजन प्रदेशाध्यक्ष रणबीर समैण की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में सरपंचों ने एकमत से कहा कि पूर्व पंचायत मंत्री देवेंद्र बबली का चुनाव में विरोध किया जाएगा। देवेंद्र बबली किसी पार्टी से लड़ें या निर्दलीय चुनाव लड़ें, सरपंच एसोशिएशन उनके खिलाफ प्रचार करेगी। इसी बीच सरपंच एसोशिएशन कांग्रेस के नेताओ से मिलेगी और उनकी मांगों को कांग्रेस के घोषणा पत्र में शामिल करने की मांग करेगी। जिसके बाद सात जुलाई को सरपंचों की प्रदेशस्तरीय पंचायत बुला कोई ठोस निर्णय लिया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान सुधीर बुआना ने की। जबकि व्यक्ता के तौर एसोशिएशन के प्रदेशाध्यक्ष रणबीर समैण रहे। लगभग तीन घंटे चली बैठक मे व्यक्ताओ के निशाने पर पूर्व पंचायत मंत्री देवेंद्र बबली तथा भाजपा सरकार रही। सरपंचों ने कहा कि भाजपा सरकार ने पंचायतों के अधिकार छीन कर उन्हें पंगु बना दिया। लोकतंत्र की छोटी ईकाई का गला घोंट दिया गया।

## मुख्यमंत्री नायब सिंह ने पद्मश्री अवार्डियों को किया सम्मानित

- **यह हरियाणा प्रदेश के लिए बड़े गर्व की बात: नायब सिंह**

एजेंसी
**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने अपने चंडीगढ़ निवास पर पहुंचे हरियाणा के पद्मश्री अवार्डियों को सम्मानित किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि यह हरियाणा प्रदेश के लिए बड़े गर्व की बात है कि विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने वालों को मान्यता देते हुए केंद्र सरकार द्वारा पद्मश्री अवार्ड से सम्मानित किया गया है। युवा पीढ़ी को सर्वोच्च नागरिक अवार्ड के बारे जानकारी होनी चाहिए और ऐसे अवार्डियों से प्रेरणा लेनी चाहिए। केंद्र सरकार ने महावीर गुड्डू को लोक



संस्कृति को बढ़ावा देने, प्रो. रामचंद्र सिहाग द्वारा मधुमक्खी पालन को बड़े स्तर पर अपनाने, डॉ.हरि ओम द्वारा जैविक खेती को प्रोत्साहित करने तथा गुरविंदर सिंह द्वारा समाज कल्याण में उल्लेखनीय कार्य करने के लिए उन्हें सर्वोच्च नागरिक सम्मान से अलंकृत किया है।

## महिला आयोग की उपाध्यक्ष ने किया जेल और पुलिस स्टेशन का औचक निरीक्षण

एजेंसी
**झज्जर।** हरियाणा महिला आयोग की उपाध्यक्ष सोनिया अग्रवाल ने जिला कारागार और महिला पुलिस स्टेशन का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने महिला थाने में शिकायत लेकर पहुंची महिलाओं की फरियाद सुनते हुए थाना प्रबंधक को मामलों में संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

सोनिया अग्रवाल ने जेल की बैरकों व जेल में स्थापित कानूनी सहायता क्लीनिक और जेल अस्पताल का भी निरीक्षण किया। जेल अधिकारियों को खाना पकाने में साफ-सफाई का ध्यान रखने के भी निर्देश दिए। जेल अधिकारियों ने बताया कि जेल में फिलहाल कोई महिला बंदी व कैदी नहीं है, जेल में निर्माण कार्य होने की वजह से महिला बंदियों व कैदियों को रोहतक जिला जेल में स्थानांतरित किया गया है। उपाध्यक्ष ने जेल अधिकारियों से कहा कि उनके पुनः स्थानांतरित होने पर जेल में विशेषकर महिला बैरिकों की



साफ-सफाई, रहन-सहन, पीने के पानी की व्यवस्था, भोजनालय की समुचित व्यवस्था की जाए। इसके उपरांत महिला आयोग की उपाध्यक्ष ने महिला थाने का निरीक्षण किया और जेल में शिकायत लेकर पहुंची महिला शिकायतकर्ताओं से बातचीत करते हुए उनके मामलों में सुलह करवाई। एक मामले में सुनवाई करते हुए उन्होंने पति-पत्नी को निर्देश दिए कि वह अपने दो बच्चों में से एक-एक बच्चे का पालन-पोषण करे। दोनों के बीच विवाद चल रहा है व पुलिस द्वारा मध्यस्थता की जा रही है। उन्होंने कहा कि हरियाणा महिला आयोग राज्य में महिलाओं की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए निरंतर जागरूकता अभियान चलाए हुए हैं। आयोग द्वारा प्रदेश के प्रत्येक जिला में महिलाओं की शिकायतों पर सुनवाई की जाती है तथा हर मामले में निष्पक्ष एवं प्रभावी कार्यवाही करने का प्रयास किया जाता है।

## मानसून से पहले पूरे किए जाएं बाढ़ रोकथाम के कार्य : अभय यादव

- **राज्य मंत्री ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ अंबाला व कुरूक्षेत्र का किया दौरा**

एजेंसी
**चंडीगढ़।** हरियाणा के सिंचाई एवं जल संसाधन राज्य मंत्री डॉ अभय सिंह यादव ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ जिला अम्बाला व कुरूक्षेत्र के विभिन्न गांवों का दौरा किया, जहां पर वर्ष 2023 के दौरान बाढ़ के कारण काफी नुकसान हुआ था। इन क्षेत्रों के निवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने व बाढ़ की संभावना वाले महत्वपूर्ण क्षेत्रों के सुरक्षात्मक उपाय करने के अधिकारियों को निर्देश दिए।उन्होंने अधिकारियों के साथ टांगरी नदी के सीमांत बांध के विभिन्न स्थलों का भी निरीक्षण किया तथा जरूरत के अनुसार नालों की सफाई तथा चौड़ा करने के निर्देश दिए ताकि मानसून के दौरान बाढ़ के पानी की आसानी से निकासी हो सके। इसके अलावा, उन्होंने आबादी वाले क्षेत्र के निकट टांगरी नदी के सीमांत बाँधों के सभी कमजोर स्थानों को मजबूत करने के



भी निर्देश दिए। राज्य मंत्री ने जलबेहरा हेड और झांसा के टूटे हुए स्थल का भी दौरा किया और अधिकारियों को निर्देश दिए कि मारकंडा नदी की सफाई का कार्य विभागीय स्तर पर तुरंत किया जाए।

उन्होंने मारकंडा नदी पर दामली बांध और कलसाना बांध के सुदृढ़ीकरण के कार्यों का भी निरीक्षण किया और 30 जून से पहले बाढ़ की रोकथाम से संबंधित कार्यों को पूरा करने का निर्देश दिए। उन्होंने आधिकारियों को मारकंडा नदी पर महत्वपूर्ण जगहों पर मिट्टी के भराव या सीमेंट कंक्रीट बैग का उपयोग करके बांधों को मजबूत करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मानसून सीजन वर्ष 2023 में हरियाणा की सभी नदियां जैसे यमुना, घग्गर, मारकंडा, टांगरी अपने खतरे के स्तर को पार कर चुकी हैं तथा मानसून सीजन वर्ष 2022 में दर्ज डिस्चार्ज की तुलना में अधिकतम डिस्चार्ज भी पार कर चुकी थी। बाढ़ के पानी के कारण 680 गांव प्रभावित हुए थे और 195956 एकड़ भूमि जलमग्न हो गई थी। उस दौरान कुरुक्षेत्र व यमुनानगर जिले में बहुत अधिक वर्षा हुई।यमुना नदी में 250000 क्यूसेक के खतरे के स्तर के मुकाबले 359760 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। गुहला चीका में घग्गर नदी में 48534 क्यूसेक के खतरे के स्तर के मुकाबले 82400 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। झांसा में मारकंडा नदी में 8416 क्यूसेक के खतरे के स्तर के मुकाबले 13018 क्यूसेक पानी छोड़ा गया और जनसुई में टांगरी नदी में 25000 क्यूसेक के खतरे के स्तर के मुकाबले 29672 क्यूसेक पानी छोड़ा गया।

उन्होंने कहा कि हरियाणा राज्य सूखा राहत और बाढ़ नियंत्रण बोर्ड की 55वीं बैठक में 1279.24 करोड़ रुपये की लागत वाली कुल 617 नई बाढ़ योजनाएँ और 1191.55 करोड़ रुपये की लागत वाली 545 आगे बढ़ाई जाने वाली योजनाएँ स्वीकृत की गईं। 617 नई योजनाओं में से 259 योजनाएँ 310.59 करोड़ रुपये की लागत वाली अल्पकालिक योजनाएँ थीं और 545 आगे बढ़ाई जाने वाली योजनाओं में से 37.39 करोड़ रुपये की लागत वाली 61 योजनाएँ भी अल्पकालिक योजनाएँ थीं, जिन्हें 30 जून 2024 से पहले पूरा किया जाना है।

## जिले में वीर शहीदों के स्मृति शिलालेख का हो रहा है अपमान: वरयाम सिंह

एजेंसी
**यमुनानगर।** भ्रष्टाचार उन्मूलन संगठन के संयोजक एडवोकेट वरयाम सिंह ने कहा कि देश में वीर शहीदों के सम्मान में जहां पूरा देश उनकी याद में जयंती व पुण्यतिथि मनाता हैं और उन्हें याद किया जाता है। वहीं जिला यमुनानगर में देश के लिए कुर्बानी देने वाले इन वीर शहीदों के नाम पर बनाए जाने वाले स्मृति शिलालेखों को ऊबड़ खाबड़ जगहों पर बनाकर उनका



अपमान किया जा रहा है। वे जिला समाधान शिविर में वीर शहीदों की याद में बनाए जा रहें स्मृति शिलालेखों के रखरखाव को लेकर एडवोकेट वरयाम सिंह जिला उपायुक्त से मिलने पहुंचे।

वरयाम सिंह का कहना है कि देश में वीर शहीदों की याद के लिए बनाए जाने वाले स्मृति शिलालेख गांव में एक अच्छी जगह पर बना कर उनका सही रखरखाव करना चाहिए था ताकि आने वाली पीढ़ियां अपने वीर शहीदों की कुर्बानियों की गाथाओं को याद रख सकें। उन्होंने कहा कि जिले भर के बनाए गए स्मृति शिलालेख सड़क किनारे ऊबड़ खाबड़ जगहों पर बनाए गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया की प्रति स्मृति शिलालेख के लिए लगभग 35000 रुपये की राशि खर्च की जानी थी। लेकिन जिला प्रशासन की ओर से लीपा पोती कर मात्र 3500 रूपये में ही बना दिए गए है, इसकी जांच होनी चाहिएउन्होंने जिला उपायुक्त से मांग करते हुए कहा कि इसकी जल्द से जल्द सही कमेटी बनाकर जांच की जाए और दोषी अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। वहीं जिला उपायुक्त मनोज कुमार ने भी इस मामले की गंभीरता को देखते हुए जल्द ही जांच कराने का आश्वासन दिया।

## सोनीपत में छापा मारकर पकड़ा सफेद मक्खन व पनीर

एजेंसी
**सोनीपत।** सोनीपत के गांव टेहा में एक डेयरी पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम ने छापेमारी की, जिसमें 437 किलोग्राम सफेद मक्खन और 260 किलोग्राम पनीर बरामद किया गया।

इस कार्रवाई के बाद टीम ने डेयरी से पामोलीन और डालडा के उपयोग के संकेत मिलने पर चंडीगढ़ के लैब में सैंपल भेजे हैं।टीम के अधिकारियों के अनुसार इस डेयरी में पनीर और मक्खन का निर्माण करते समय अनुचित तरीके से पामोलीन और डालडा का उपयोग हो सकता है। क्राइम यूनिट की टीम को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी, जिसके बाद वे इस संदेहपूर्ण डेयरी पर छापा मारने पहुंची। छापेमारी के दौरान साथ में वाहन और सामान भी जब्त किया गया, डेयरी संचालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा सकती है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के अधिकारी ने बताया कि लैब से रिपोर्ट मिलने पर आगामी कार्रवाई की जाएगी। जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी डा. बिरेंद्र कुमार ने बताया कि डेयरी से लिए गए पनीर व मक्खन के सैंपल को जांच के लिए चंडीगढ़ लैब में भेज दिया गया है।

## ऑपरेटिव सोसायटी प्लॉट अलॉटमेंट कार्डो को प्रोप्टी आईडी बनवाने में प्रदान की मान्यता

एजेंसी
**हिसार।** उपायुक्त प्रदीप दहिया ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा नीति में संशोधन कर कोऑपरेटिव सोसायटी प्लॉट अलॉटमेंट कार्डो को प्रोप्टी आईडी बनवाने में मान्यता प्रदान कर दी है। इस संशोधन से प्रदेश के लाखों लोगों को प्रोप्टी खरीदने व बेचने की सरल सुविधा मुहैया होगी। वे लघु सचिवालय परिसर स्थित जिला सभागार में आयोजित समाधान शिविर में लोगों की जनसमस्याएं सुनकर उनका समाधान कर रहे थे।शिविर में लोगों ने जलापूर्ति, सीवरेज सफाई, बिजली लाइन ठीक करवाने, परिवार पहचान पत्र की त्रुटियों को ठीक करने सहित



अनेक प्रकार की समस्याएं रखी गई। उपायुक्त ने लगभग सभी समस्याओं को मौके पर ही समाधान किया, जिन शिकायतों का समाधान नहीं हो सका, उनके लिए उपायुक्त ने तय समय सीमा निर्धारित करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को समाधान करने के निर्देश दिए। शिविर में प्रोप्टी आईडी से संबंधित बहुत कम शिकायतें रखी गई।

उपायुक्त ने कहा कि इससे लग रहा है कि प्रोप्टी आईडी से संबंधित ज्यादातर समस्याओं को समाधान हो चुका है। उपायुक्त ने कुछ दिन पहले प्रोप्टी आईडी बनवाने में कोऑपरेटिव सोसायटी के प्लॉट अलॉटमेंट कार्डो को मान्यता प्रदान को लेकर नीति में संशोधन करने की सलाह दी थी। उन्होंने जिलेवासियों से कहा है कि उन्हें किसी भी प्रकार की कोई समस्या है तो वे समाधान शिविर में अपनी शिकायत रख सकते हैं।

## अब नए कानूनों के तहत काम करेगी पुलिस, एक्सपर्ट ने बताई बारीकियां

एजेंसी
**हिसार।** पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा ने कहा है कि कानूनों में बदलाव हो रहा है। सबसे पहले इन कानूनों का इस्तेमाल पुलिस करेगी। एक जुलाई के बाद कोई भी शिकायत आती है तो अधिकारी व कर्मचारी नए कानूनों के अनुसार कार्रवाई सुनिश्चित करें।

पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा पुलिस लाइन स्थित अधिकारी मैस में नए कानूनों की जानकारी देने बारे आयोजित वर्कशॉप में अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने वर्कशॉप में आए अधिकारियों व कर्मचारियों का स्वागत किया और कहा कि सभी थाना प्रबंधकों को नए कानूनों से संबंधित किताबें उपलब्ध करवाई गई है। पुलिस थानों में तैनात सभी कंप्यूटर ऑपरेटर, थाना मोहरर को भी प्रशिक्षित किया जाएगा और इसकी मॉक ड्रिल भी करवाई जाएगी

वर्कशॉप में जिला न्यायवादी डॉ. दीपक लेघा ने बताया कि एक जुलाई से इंडियन पैनल कोड (आईपीसी) की जगह भारतीय न्याय संहिता, क्रिमिनल प्रोसीजर कोड (सीआरपीसी) की जगह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और एविडेंस एक्ट की जगह भारतीय साक्ष्य अधिनियम लागू हो जाएगा। नए कानून के लागू होने के बाद जो धाराएं अपराध की पहचान बन चुकी



थीं, उनमें भी बदलाव होगा। जिला न्यायवादी डॉ. दीपक लेघा की टीम से एडीए नितिन व प्रीति ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के प्रावधानों पर विस्तार से बताया। एडीए राकेश दुग्गल ने भारतीय न्याय संहिता पर व्याख्यान दिया। इसके बाद विजय वर्मा ने भारतीय साक्ष्य अधिनियम पर परिचर्चा की।एएसपी डॉ. राजेश कुमार मोहन ने जिला न्यायवादी डॉ. दीपक लेघा सहित उनकी टीम का धन्यवाद कर, उन्हे स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने वर्कशाप में आए सभी पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों का भी धन्यवाद किया।वर्कशॉप में हांसी के पुलिस अधीक्षक मकसूद अहमद, हिसार के एएसपी डॉ. राजेश कुमार मोहन, एएसपी (यूटी) प्रतीक गहलोत, जिला न्यायवादी दीपक लेघा और उनकी टीम सहित हिसार और हांसी पुलिस के अधिकारी और कर्मचारी शामिल हुए। वर्कशॉप में भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2022 की जानकारी दी गई।

## उपायुक्त डॉ. मनोज ने विकास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए




एजेंसी
**सोनीपत।** उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने लघु सचिवालय में जिला बोर्ड कमेटी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए विभिन्न विकास कार्यों और योजनाओं को तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए।

बैठक में जन स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी स्कूलों, आंगनवाड़ी केंद्रों और पशु अस्पतालों में पीने के पानी और शौचालय की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उपायुक्त ने जनसंवाद पोर्टल पर लंबित शिकायतों का तुरंत समाधान करने और रिपोर्ट अपडेट कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सीएम विंडो पर लंबित पुरानी शिकायतों का त्वरित निपटान किया जाए, अन्यथा संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। उपायुक्त ने डीडीपीओ को स्वामित्व योजना के तहत लोगों को जल्द प्रॉपर्टी कार्ड जारी करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही, एक एसओपी जारी करने की बात कही, ताकि लोगों को प्रॉपर्टी कार्ड से संबंधित समस्याओं का समाधान मिल सके ।

उपायुक्त ने जिला खनन अधिकारी को निर्देश दिए कि जिले में कहीं भी अवैध खनन नहीं होना चाहिए। इसके लिए लगातार चेकिंग करें और अवैध खनन करने वालों पर सख्त कार्यवाही करें। जनस्वास्थ्य विभाग और शहरी निकाय विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे पेयजल और जलभराव की समस्याओं पर ध्यान दें। अखबारों में आने वाली खबरों पर संज्ञान लेते हुए लोगों को राहत देने का कार्य करें।

## केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल बोले हरियाणा के विकास को मिलेगी रफ्तार

एजेंसी
**सोनीपत।** केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि केंद्र में तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनी है। ऐसा 1962 के बाद पहली बार हुआ है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार में हरियाणा से तीन मंत्री बनाए गए हैं, जिससे हरियाणा के विकास को नई गति मिलेगी।

उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि प्रदेश में विकास की नई योजनाएं शुरू होंगी और केंद्र सरकार के सहयोग से हरियाणा विकास के नए कीर्तिमान स्थापित करेगा। वे केंद्रीय मंत्री बनने के बाद पहली बार सोनीपत पहुंचे थे। सोनीपत के कुंडली, सेक्टर-7 भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा जोरदार स्वागत किया गया।

अपने संबोधन में मनोहर लाल ने कहा कि अब समय आ गया है कि हरियाणा में भी तीसरी बार भाजपा की सरकार बने। आगामी विधानसभा चुनावों के मद्देनजर उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे विपक्ष द्वारा फैलाई गई गलत धारणाओं को दूर करने के लिए



घर-घर जाकर लोगों से बातचीत करें।मनोहर लाल ने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बिजली, पानी, सड़क, गैस सिलेंडर और औद्योगिक विकास सहित अनेकों विकास कार्यों को पूर्ण करके तीसरी बार सरकार बनी है। उन्होंने कहा कि हरियाणा प्रदेश आज विकास की राह पर अग्रसर है। सोनीपत जिले में नए हाईवे का जाल बिछ चुका है, जिससे विकास के रास्ते खुले हैं। उन्होंने खरखौदा का उदाहरण देते हुए बताया कि जहां पहले जमीन के दाम बहुत कम थे, आज वहां जमीन के दाम कई गुना बढ़ चुके हैं। राई से विधायक मोहन लाल बड़ौली, भाजपा जिलाध्यक्ष जसबीर दोदवा, कुंडली नगर पालिका चेयरमैन शिमला देवी, पूर्व मंत्री कविता जैन, राजीव जैन और अन्य प्रमुख नेता मौजूद थे।

## शिविर में आमजन की समस्याओं का एक छत के नीचे हो रहा समाधान

एजेंसी
**झज्जर।** लघु सचिवालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में जिला प्रशासन ने और जिले के सभी उपमंडल मुख्यालयों पर समाधान शिविरों का आयोजन किया गया। मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद ने समाधान शिविरों में आ रही शिकायतों की वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये बैठक कर समीक्षा भी की और अधिकारियों को समस्याओं का यथाशीघ्र समाधान के निर्देश दिए। समाधान शिविर में हर रोज काफी संख्या में नागरिक अपनी समस्याओं को लेकर पहुंच रहे हैं। झज्जर में डीसी कैप्टन शक्ति सिंह की अध्यक्षता में शिविर लगा। एडीसी सलोनी शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। शिविर में आमजन की समस्याओं की सुनवाई करते हुए उनका समाधान किया गया। जिन समस्याओं का मौके पर ही समाधान संभव नहीं था, ऐसी शिकायतों पर इस संबंधित अधिकारियों को समस्याओं का निर्धारित समय में निराकरण करने के निर्देश दिए। डीसी ने बताया कि प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री नायब सैनी के आदेश पर मुख्य सचिव के दिशा निर्देशन में आमजन की समस्याओं का त्वरित निदान करने के लिए जिला झज्जर के लघु सचिवालय में सोमवार से समाधान शिविर की शुरुआत हुई है। प्रतिदिन इन शिविरों में जिला प्रशासन, पुलिस, राजस्व, नगर निगम अथवा नगर परिषद, समाज कल्याण आदि जन कल्याण की योजनाएं लागू करने वाले विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहते हैं। इसके अलावा डीसीपी (मुख्यालय), जिला नगर आयुक्त, उपमंडल अधिकारी (ना.), जिला समाज कल्याण अधिकारी आदि अधिकारीगण समाधान शिविर में मौजूद रहे। लघु सचिवालय में आमजन की समस्याएं सुनने के उपरांत डीसी ने कहा कि समस्याओं के समाधान के लिए जिला प्रशासन तत्परता से कार्यवाही कर रहा है। सरकारी विभागों से संबंधित जो भी समस्याएं संज्ञान में आती हैं, उनका हर हाल में समाधान करने का पूरा प्रयास किया जा रहा है।

## जी. किशन रेड्डी ने कोयला और खान मंत्रालय की पहली समीक्षा बैठक की

एजेंसी
**नई दिल्ली।** केंद्रीय कोयला और खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने अपने प्रभार वाले दोनों मंत्रालयों का दायित्व संभालने के बाद पहली समीक्षा बैठक की है। इस बैठक में राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे भी मौजूद थे। बैठक के दौरान मंत्रालय का अवलोकन प्रस्तुत किया गया। मंत्रालय के मुताबिक बैठक में खान मंत्रालय की उपलब्धियों और दीर्घकालिक योजनाओं पर चर्चा की गई। इसके अलावा बैठक में स्वचालन, नवाचार, स्थिरता और खनन क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए उन्नत प्रौद्योगिकियों को लागू करने जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर ध्यान केंद्रित किया गया।



## स्टेनली लाइफस्टाइल्स का आईपीओ 21 जून को खुलेगा, मूल्य दायरा 351-369 रुपये प्रति शेयर

**मुंबई/नई दिल्ली।** लग्जरी फर्नीचर ब्रांड कंपनी स्टेनली लाइफस्टाइल्स लिमिटेड का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 21 जून को खुलेगा। आईपीओ का मूल्य दायरा (प्राइस बैंड) 351 रुपये से 369 रुपये प्रति शेयर निर्धारित किया गया है। कंपनी की योजना 537 करोड़ रुपये जुटाने की है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि उसका आईपीओ 21 जून को खुलेगा और 25 जून को बंद होगा। एंकर यानी बड़े निवेशक 20 जून को बोली लगा पाएंगे। आईपीओ का मूल्य दायरा 351-369 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। इस आईपीओ में कंपनी 200 करोड़ रुपये मूल्य के ताजा शेयर जारी करेगी। इसके अलावा 337 करोड़ रुपये के 91.33 लाख इक्विटी शेयर ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) के लिए है। स्टेनली लाइफस्टाइल्स लिमिटेड इस पेशकश से 537 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बना रहा है। कंपनी का लक्ष्य बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) प्लेटफॉर्म पर लिस्ट होना है। बेंगलुरु स्थित स्टेनली लाइफस्टाइल्स लिमिटेड एक लग्जरी फर्नीचर ब्रांड है। यह अपने कई ब्रांड के जरिए सुपर-प्रीमियम, लक्जरी और अल्ट्रा-लक्जरी सहित विभिन्न मूल्य श्रेणियों में काम करने वाली कुछ भारतीय कंपनियों में से एक है। इसकी बेंगलुरु में दो निर्माण सुविधाएं मौजूद हैं।

## एलआईसी के अध्यक्ष सिद्धार्थ मोहंती ने वित्त मंत्री से मुलाकात की

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के अध्यक्ष सिद्धार्थ मोहंती ने नई दिल्ली स्थित नॉर्थ ब्लॉक में केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों के मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की। वित्त मंत्री कार्यालय ने इस मुलाकात की विस्तृत जानकारी नहीं दी है। भारतीय जीवन बीमा निगम भारत की सबसे बड़ी सरकारी जीवन बीमा कंपनी है। ये देश की सबसे बड़ी निवेशक कंपनी भी है, जो पूरी तरह से भारत सरकार के स्वामित्व में है। इसकी स्थापना साल 1956 में हुई थी।



## नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के सीईओ आशीष चौहान ने वित्त मंत्री से मुलाकात की

**नई दिल्ली।** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) आशीष चौहान ने केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की। वित्त मंत्री कार्यालय ने 'एक्स' पोस्ट पर जारी बयान में बताया कि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के एमडी और सीईओ आशीष चौहान ने राजधानी नई दिल्ली स्थित नॉर्थ ब्लॉक (वित्त मंत्रालय कार्यालय) में केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की। हालांकि, इस मुलाकात की विस्तृत जानकारी नहीं दी गई है। उल्लेखनीय है कि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज देश का सबसे बड़ा और तकनीकी रूप से अग्रणी स्टॉक एक्सचेंज है। इसकी स्थापना 1992 में हुई थी, जो देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में स्थित है। कारोबार के लिहाज से यह विश्व का तीसरा सबसे बड़ा स्टॉक एक्सचेंज है।



# देश का विदेशी मुद्रा भंडार 655.8 अरब डॉलर की रिकॉर्ड ऊंचाई पर

एजेंसी
**मुंबई/नई दिल्ली।** विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार दूसरे हफ्ते इजाफा हुआ है। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 7 जून को समाप्त हफ्ते में 4.307 अरब डॉलर बढ़कर 655.817 अरब डॉलर की रिकॉर्ड सर्वकालिक ऊंचाई पर पहुंच गया है। इससे पहले विदेशी मुद्रा भंडार का उच्चतम स्तर 10 मई को 648.87 अरब डॉलर था। आरबीआई के आंकड़ों के मुताबिक सात जून को समाप्त हफ्ते में विदेशी मुद्रा भंडार का अहम घटक विदेशी मुद्रा आस्तियां 3.773 अरब डॉलर बढ़कर 576.337 अरब डॉलर हो गईं। इस दौरान स्वर्ण भंडार का आरक्षित मूल्य 48.1 करोड़ डॉलर उछलकर 56.982 अरब डॉलर हो गया। इसी तरह विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 4.3 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.161 अरब डॉलर हो गया। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) के पास भारत की आरक्षित जमा भी एक करोड़ डॉलर बढ़कर 4.336 अरब डॉलर हो गई है। पिछले कुछ हफ्तों में विदेशी मुद्रा भंडार में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने पिछले हफ्ते ही मौद्रिक नीति समीति (एमपीसी) की समीक्षा बैठक के फैसलों की जानकारी देते हुए बताया था कि देश का विदेशी मुद्रा भंडार 31 मई को 651.5 अरब डॉलर के ऐतिहासिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है।



# देश की दूसरी सबसे बड़ी ऑटोमोबाइल कंपनी बनी महिंद्रा, टाटा मोटर्स को पछाड़ा

**नई दिल्ली।** महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड वैल्यूएशन के मामले में भारत की दूसरी सबसे बड़ी ऑटोमोबाइल कंपनी बन गई है। फिलहाल मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड देश की सबसे अधिक वैल्यूएशन वाली ऑटोमोबाइल कंपनी है, जबकि टाटा मोटर्स लिमिटेड अब वैल्यूएशन के मामले में तीसरे स्थान पर खिसक गई है।

इस साल निफ्टी के टॉप गेनर्स की सूची में महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड के शेयर ज्यादातर समय अपना स्थान बनाए रखने में सफल रहे हैं। पिछले 52 सप्ताह के दौरान इस कंपनी के शेयर वैल्यू में करीब 65 प्रतिशत तक की उछाल आई है, जिसके कारण इसके मार्केट कैपिटलाइजेशन में 2 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई है। फिलहाल महिंद्रा एंड महिंद्रा को दुनिया की सबसे बड़ी ट्रैक्टर कंपनी होने का तमगा भी हासिल है। महिंद्रा एंड महिंद्रा की ओर से उपलब्ध कराई गई जानकारी के मुताबिक 2025 से 2027 के दौरान कंपनी की योजना विस्तारीकरण के लिए 27,000 करोड़ रुपये का निवेश करने की है। इसके साथ ही कंपनी का इरादा मार्च 2026 तक स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल (एसयूवी) और इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) की उत्पादन क्षमता को भी बढ़ा कर 72 हजार यूनिट प्रति महीना करने का है। इस साल मार्च के अंत तक ये क्षमता 49 हजार यूनिट प्रति माह थी। इसके साथ ही कंपनी की योजना अगले 6 वर्षों में डीजल की 6 नई एसयूवी लांच करने की भी है।




# घरेलू शेयर बाजार की कामयाबी, भारत दुनिया का चौथा सबसे बड़ा शेयर बाजार बना

एजेंसी
**नई दिल्ली।** भारत एक बार फिर मार्केट कैपिटलाइजेशन के मामले में दुनिया का चौथा सबसे बड़ा शेयर बाजार बन गया है। भारत ने हांगकांग को पछाड़ कर इस स्थान पर पहुंचने में सफलता हासिल की है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) में लिस्टेड कंपनियों की कुल मार्केट वैल्यू 5.18 ट्रिलियन डॉलर हो गई है, जबकि हांगकांग के स्टॉक मार्केट का कैपिटलाइजेशन 5.17 ट्रिलियन डॉलर है।

ब्लूमबर्ग के आंकड़ों के मुताबिक इसके पहले इसी साल 23 जनवरी को बीएसई ने मार्केट कैपिटलाइजेशन के मामले में हांगकांग को पीछे छोड़ दिया था। उसके बाद बाजार में आई गिरावट की वजह से बीएसई का मार्केट कैपिटलाइजेशन हांगकांग की तुलना में कम हो गया था, जिसके कारण कुछ ही दिनों में हांगकांग ने भारत को पीछे धकेल कर वापस चौथा स्थान हासिल कर लिया था। इस महीने एक दिन की बड़ी गिरावट के अलावा घरेलू शेयर बाजार में आमतौर पर तेजी का माहौल बना रहा है, जिसकी वजह से बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन एक बार फिर हांगकांग के स्टॉक एक्सचेंज में लिस्टेड कंपनियों के मार्केट कैपिटलाइजेशन से अधिक हो गया है। मार्केट कैपिटलाइजेशन के मामले में इस समय अमेरिकी शेयर बाजार 56.49 ट्रिलियन डॉलर के मार्केट कैपिटलाइजेशन के साथ दुनिया का सबसे बड़ा शेयर बाजार है। अमेरिका के बाद 8.84 ट्रिलियन डॉलर के मार्केट कैपिटलाइजेशन के साथ चीन ने दूसरे सबसे बड़े शेयर बाजार होने का तमगा हासिल कर रखा है। चीन के बाद जापान 6.30 ट्रिलियन डॉलर के मार्केट कैपिटलाइजेशन के साथ तीसरे स्थान पर बना हुआ है। जहां तक भारतीय बाजार की बात है, तो पिछले हफ्ते चुनाव के नतीजे आने के बाद बाजार में काफी उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी थी।

चुनाव परिणाम वाले दिन बीजेपी की सीटों में आई गिरावट के कारण शेयर बाजार 5.70 प्रतिशत से भी ज्यादा टूट गया था। उसके बाद केंद्र में एनडीए सरकार की वापसी तय हो जाने के कारण शेयर बाजार ने दोबारा जोरदार छलांग लगाई और फिलहाल रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच कर कारोबार कर रहा है।

बाजार में आई तेजी के कारण बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का कुल मार्केट कैपिटलाइजेशन पिछले करीब एक हफ्ते के दौरान 32 लाख करोड़ रुपये की उछाल के साथ अभी तक के सर्वोच्च स्तर 434.86 लाख करोड़ रुपये यानी लगभग 5.18 ट्रिलियन डॉलर के स्तर पर पहुंच गया है। जानकारों का मानना है कि अगर कोई बड़ा उलट फेर नहीं हुआ तो नई सरकार के बजट पेश करने के पहले तक घरेलू शेयर बाजार में लगातार तेजी जारी रह सकती है।




# थोक महंगाई दर मई में 15 महीने के उच्चतम स्तर 2.61 फीसदी पर

एजेंसी
**नई दिल्ली।** सब्जियों और विनिर्मित वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि के कारण थोक महंगाई में लगातार तीसरे महीने इजाफा हुआ है। थोक महंगाई दर मई में सालाना आधार पर उछलकर 15 महीने के उच्चतम स्तर 2.61 फीसदी पर पहुंच गई है। इससे पिछले महीने अप्रैल में यह 1.26 फीसदी थी।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने जारी आंकड़ों में बताया कि खाद्य पदार्थों की कीमतों में वृद्धि की वजह से थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित थोक महंगाई दर मई महीने में 2.61 फीसदी रही है। पिछले साल मई में थोक महंगाई दर -3.61 फीसदी रही थी। अप्रैल में यह 1.26 फीसदी रही थी, जो 13 महीने का उच्चतम स्तर था। हालांकि, इससे पिछले महीने मार्च में यह 0.53 फीसदी थी, जबकि फरवरी में थोक महंगाई दर 0.20 फीसदी थी। मंत्रालय ने मई में थोक महंगाई बढ़ने की मुख्य वजह खाद्य वस्तुओं, खाद्य उत्पादों के निर्माण, कच्चे पेट्रोलियम तथा प्राकृतिक गैस, खनिज तेल और अन्य विनिर्माण की कीमतों में वृद्धि बताया है। आंकड़ों के मुताबिक खाद्य वस्तुओं की महंगाई मई में 9.82 फीसदी बढ़ी, जबकि अप्रैल में यह 7.74 फीसदी थी। मई में सब्जियों की महंगाई दर 32.42 फीसदी रही, जो अप्रैल में 23.60 फीसदी थी।

इसी तरह प्याज की महंगाई दर ((58.05 फीसदी रही, जबकि आलू की महंगाई दर 64.05 फीसदी रही। दालों की महंगाई दर मई महीने में 21.95 फीसदी रही है। इसके अलावा ईंधन एवं बिजली क्षेत्र में महंगाई 1.35 फीसदी रही, जो अप्रैल के 1.38 फीसदी से मामूली कम है। विनिर्मित उत्पादों की महंगाई 0.78 फीसदी रही है, जो अप्रैल में शून्य से नीचे 0.42 फीसदी थी। इससे एक दिन पहले बुधवार को राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक मई में खुदरा महंगाई दर 4.75 फीसदी रही थी, जो 12 महीने का निचला स्तर है। इससे पिछले महीने अप्रैल में खुदरा महंगाई दर घटकर 4.83 फीसदी पर आ गई थी।



# देश का निर्यात मई में 9 फीसदी बढ़कर 38.13 अरब डॉलर पर

एजेंसी
नई दिल्ली। आर्थिक मोर्चे पर अच्छी खबर है। देश का वस्तु निर्यात मई में नौ फीसदी बढ़कर 38.13 अरब डॉलर हो गया है, जो एक साल पहले की समान अवधि में 34.95 अरब डॉलर रहा था। इससे पिछले महीने अप्रैल, 2024 में निर्यात एक फीसदी बढ़कर 35 अरब अमेरिकी डॉलर रहा था।

वाणिज्य एवं उदयोग मंत्रालय ने जारी एक बयान में बताया कि वस्तु निर्यात मई में नौ फीसदी बढ़कर 38.13 अरब डॉलर हो गया है, जो एक साल पहले समान अवधि में 34.95 अरब डॉलर रहा था। आयात 7.7 फीसदी बढ़कर 61.91 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया, जो मई 2023 में 57.48 अरब अमेरिकी डॉलर रहा था। इस दौरान व्यापार घाटा (आयात और निर्यात के बीच का अंतर) 23.78 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। आंकड़ों के मुताबिक चालू वित्त वर्ष 2024-25 में अप्रैल-मई के दौरान निर्यात 5.1 फीसदी बढ़कर 73.12 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। आयात भी 8.89 फीसदी बढ़कर 116 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने कहा कि निर्यात की दृष्टि से मई महीना उत्कृष्ट रहा है। उन्होंने कहा कि मुझे उम्मीद है कि यह प्रवृत्ति आगे जारी रहेगी। बर्थवाल ने कहा कि मई 2024 के लिए भारत का कुल निर्यात (वस्तुएं और सेवाएं संयुक्त) 68.29 अरब अमेरिकी डॉलर होने का अनुमान है, जो मई 2023 की तुलना में 10.25 फीसदी की सकारात्मक वृद्धि दर्शाता है। मई 2024 के लिए कुल आयात (वस्तुएं और सेवाएं संयुक्त) 79.20 अरब अमेरिकी डॉलर होने का अनुमान है, जो मई 2023 की तुलना में 7.95 फीसदी की सकारात्मक वृद्धि दर्शाता है।




# सर्राफा बाजार की तेजी पर ब्रेक, सोना और चांदी की घटी कीमत

एजेंसी
**नई दिल्ली।** लगातार तीन दिन की तेजी के बाद आज घरेलू सर्राफा बाजार में गिरावट नजर आ रही है। सोने के भाव में आज 100 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की गिरावट दर्ज की गई है। इसी तरह चांदी भी आज 800 रुपये प्रति किलोग्राम तक सस्ता हुआ है। आज देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 72,650 रुपये से लेकर 72,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज 66,590 रुपये से लेकर 66,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। सोने की तरह ही चांदी में आई गिरावट के कारण आज ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में 90,600 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 72,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 66,240 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। इसी तरह मुंबई में 24 कैरेट सोना 72,150 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जबकि चेन्नई में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 72,650 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 66,590 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा अहमदाबाद में 24 कैरेट सोना आज 72,200 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 66,190 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 72,150 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंचा हुआ है।

लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 72,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 66,240 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 72,200 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 66,190 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 72,300 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,240 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी सोने की कीमत में आज गिरावट आई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 72,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 66,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।



## वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण 22 जुलाई को पेश कर सकती हैं बजट

एजेंसी
**नई दिल्ली।** संसद का मानसून सत्र 22 जुलाई से शुरू हो सकता है। इसके 9 अगस्त तक चलने की संभावना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) 3.0 सरकार का पहला वित्त वर्ष 2024-25 का पूर्ण बजट 22 जुलाई को लोकसभा में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पेश कर सकती हैं। यह जानकारी सूत्रों ने दी। सीतारमण इस बार संसद में लगातार सातवां बजट और लगातार छठा पूर्ण बजट पेश करेंगी। इसके साथ ही वो पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई का लगातार छह बार बजट पेश करने का रिकॉर्ड तोड़ देंगी। उल्लेखनीय है कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एक फरवरी, 2024 को लोकसभा में चालू वित्त वर्ष 2024-25 का अंतरिम बजट पेश किया था।



## कारोबारी गौतम अदाणी ने अदाणी एंटरप्राइजेज में बढ़ाई हिस्सेदारी; दो किश्तों में खरीदे शेयर



एजेंसी
**नई दिल्ली।** अरबपति गौतम अदाणी से जुड़ी एक खबर सामने आई है। कारोबारी अदाणी ने अप्रैल-जून तिमाही के दौरान खुले बाजार से अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाई। स्टॉक एक्सचेंजों को दिए गए एक बयान से इसकी जानकारी मिली है। खुले बाजार की खरीदारी प्रमोटर या प्रमोटर समूह से संबंधित संस्थाओं द्वारा की गई थी। इस तिमाही के दौरान, अदाणी ने दो किस्तों में समूह की प्रमुख कंपनी में हिस्सेदारी खरीदी। उन्होंने 10 मई से 14 मई, 2024 के बीच केम्पास ट्रेड एंड इन्वेस्टमेंट के माध्यम से कंपनी में अतिरिक्त 0.42 प्रतिशत (48,25,000 शेयर) हिस्सेदारी खरीदी। कारोबारी अदाणी ने इसके अलावा, 21 मई से 12 जून के बीच इमर्जिंग मार्केट इन्वेस्टमेंट डीएमसीसी के माध्यम से फर्म में 0.92 प्रतिशत (1,04,95,000 शेयर) हिस्सेदारी खरीदी।

# मस्क के भारी-भरकम वेतन पैकेज को टेस्ला बोर्ड की मंजूरी; हर घंटे मिलने हैं करीब 53 करोड़ रुपये

एजेंसी
**नई दिल्ली।** एलन मस्क के भारी-भरकम सैलरी पैकेज को टेस्ला के शेयरधारकों ने अपनी मंजूरी दी है। इलेक्ट्रिक वाहन निर्माता के सीईओ का वेतन पैकेज मौजूदा रूपांतरण दर पर करीब 56 बिलियन डॉलर यानी लगभग 4,67,880 करोड़ रुपये का है। अगर यह वेतन उन्हें दिया जाता है तो उन्हें हर घंटे के लिए करीब 53 करोड़ रुपये का भुगतान किया जाएगा।

इस मंजूरी को इलेक्ट्रिक वाहन निर्माता कंपनी की बोर्ड के ओर से मस्क के नेतृत्व को मजबूत समर्थन देने के रूप में देखा जा रहा है। हालांकि, बोर्ड से मंजूरी मिलने के बावजूद मस्क को फिलहाल इस वेतन पैकज के लिए इंतजार करना पड़ेगा।

**अदालती दिक्कतों के कारण अभी मस्क को करना होगा इंतजार**

आशंका है कि पैकेज संभवतः महीनों तक डेलावेयर चांसरी कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में कानूनी कार्यवाही में उलझा रहेगा। टेस्ला डेलावेयर न्यायाधीश की ओर से इस पैकेज के खिलाफ दिए गए आदेश को बदलवाने की कोशिश कर रही है। जनवरी में अदालत ने मस्क के वेतन पैकेज को खारिज करते हुए इसे ÷अविश्वसनीय÷ कहा था। कोर्ट से अपने पक्ष में फैसला हासिल करने के बाद ही मस्क इस भारी-भरकम पैकेज को हासिल कर पाएंगे।

जनवरी में इस वेतन पैकेज पर उठे विवाद के बाद मस्क ने टेस्ला के साथ अपने भविष्य पर संदेह व्यक्त किया था। उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया था कि एआई डेललपमेंट को कहीं और ले जाने से रोकने के लिए उन्होंने कंपनी में 25व हिस्सेदारी मांगी है। मस्क के अनुसार, एआई उपयोग को नियंत्रित करने के लिए उन्हें ये भारी-भरकम पैकेज दिया जाना जरूरी है। टेस्ला इलेक्ट्रिक वाहनों की मांग में वैश्विक मंदी के बीच बिक्री में गिरावट और घटते प्रॉफिट मार्जिन से जूझ रही है। ऑस्टिन, टेक्सास में आयोजित टेस्ला की वार्षिक बैठक के दौरान मस्क ने शेयरधारकों को आश्वस्त किया कि वह कंपनी के साथ रहने की योजना बना रहे हैं और पांच साल तक मुआवजे पैकेज के तहत मिलने वाला कोई स्टॉक नहीं बेचेंगे। उन्होंने कहा, 'यह वास्तव में नकदी नहीं है, और मैं इसे बेचकर भाग नहीं सकता।' जनवरी में मस्क ने कहा था कि अगर वे पर्याप्त वोटिंग राइट्स हासिल करने में विफल रहे तो उन्हें टेस्ला से अलग होकर एआई और रोबोटिक्स उत्पादों का निर्माण करना पड़ेगा। ऐसा ना हो इसके लिए उन्हें अनिवार्य रूप से उनके 2018 के वेतन पैकेज को मंजूरी देने की आवश्यकता है।

# चुस्त-दुरुस्त रहने का बढ़िया विकल्प है Chia Seeds, इन 5 तरीकों से बनाएं इसे अपनी डाइट का हिस्सा



**Chia Seeds सेहत के लिए काफी फायदेमंद माने जाते हैं। इन्हें अपनी डाइट में शामिल करने से ढेर सारे फायदे मिलते हैं। हालांकि इसे खाया किस तरह से अक्सर वह लोगों के लिए एक बड़ा सवाल होता है। आमतौर पर लोग चिया सीड्स का पानी पीते हैं लेकिन आप अन्य तरीकों से भी इसे डाइट में शामिल कर सकते हैं। जानते हैं चिया सीड्स की 5 रेसिपी।**

सेहतमंद रहने के लिए इन दिनों लोग कई उपाय अपनाते हैं। हेल्दी डाइट से लेकर वर्कआउट तक, लोग अपनी फिटनेस के लिए कई चीजें करते हैं। इन दिनों हेल्दी डाइट के लिए नट्स और सीड्स का चलन काफी ज्यादा बढ़ गया है। चिया के बीज यानी Chia Seeds इन्हीं में से एक है, जिसे आजकल कई लोग अपनी डाइट में शामिल करते हैं।

चिया बीज पोषण का पावरहाउस हैं, जो ओमेगा-3 फैटी एसिड, फाइबर और प्रोटीन से भरपूर होता हैं। हालांकि, इसे डाइट में शामिल करने को लेकर अक्सर लोगों के मन में कई सवाल होते हैं। अगर आप भी इसे अपनी डाइट का हिस्सा बनाना चाहते हैं, तो चिया सीड्स से बनने वाली इन 5 रेसिपीज को ट्राई कर सकते हैं।

चिया ओटमील

आप इसे अपने सुबह के नाश्ते में मिलाकर खा सकते हैं। अपने ओटमील से भरी बाउल में 1 बड़ा चम्मच चिया सीड्स डालकर आप इसे डाइट का हिस्सा बना सकते हैं। चिया सीड्स से भरपूर ओटमील नाश्ते में खाने से इसमें मौजूद फाइबर और ओमेगा -3 फैटी एसिड पाचन में सुधार करता है और आपको लंबे समय तक पेट भरा रखता है।

चिया फ्रेस्का

इसे बनाने के लिए एक कप पानी में 1 बड़ा चम्मच चिया सीड्स मिलाएं और 1 बड़ा चम्मच नींबू का रस और 1 बड़ा चम्मच शहद मिलाएं। इसे 10 मिनट तक ऐसे ही रहने दें, जब तक बीज अच्छे से फूल न जाएं। इसे ठंडा करके पीने के लिए आप इसमें बर्फ के टुकड़े भी मिला सकते हैं।

चया एनर्जी बार

चिया सीड्स से आप एनर्जी बार भी बना सकते हैं। इसे बनाने के लिए 1 कप ओट्स, 1/2 कप पीनट बटर, 1/4 कप शहद और 2 बड़े चम्मच चिया बीज मिलाएं। अब इसे एक बेकिंग डिश में डालकर अच्छे से सेट करें और कुछ घंटों के लिए रेफ्रिजिरेट करें। नाश्ते के लिए हेल्दी चिया बार सर्व करें।

चिया पुडिंग

चिया पुडिंग भी एक शानदार तरीका है, चिया सीड्स को डाइट में शामिल करने का। इसे तैयार करने के लिए 1 कप बादाम के दूध में 3 बड़े चम्मच चिया बीज मिलाएं। फिर स्वीटनर के लिए शहद या मेपल सिरप मिलाकर इसे रात भर के लिए रेफ्रिजरेटर में छोड़ दें। सुबह ऊपर से ताजे फल, मेवे या ग्रेनोला डालकर डाल सर्व करें।

चया स्मूथी

आप चिया सीड्स को स्मूदी की तरह भी अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं। इसके लिए अपनी पसंदीदा स्मूदी की सामग्री जैसे पालक, केला, जामुन और बादाम का दूध के साथ 1 बड़ा चम्मच चिया बीज मिलाएं। चिया बीज को स्मूदी में मिलाने से इसका पोषण कंटेंट बढ़ जाएगा।

# Jammu-Kashmir में सुरक्षा के लिए कई नई चुनौतियां उभरते देख Modi ने जो फैसला किया है उसका बड़ा असर होने वाला है


जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान की ओर से आतंक को बढ़ावा दिये जाने के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वरिष्ठ मंत्रियों और अधिकारियों के साथ एक बैठक कर केंद्र शासित प्रदेश के सुरक्षा हालात की समीक्षा की और आतंक रोधी क्षमताओं के पूर्ण इस्तेमाल का निर्देश दिया है। इसके बाद माना जा रहा है कि जम्मू-कश्मीर में चप्पे चप्पे पर सुरक्षा के बंदोबस्त पहले की तरह दिखाई दे सकते हैं। इस बीच, कश्मीर में 'लिक्विड आईईडी' एक बड़े खतरे के रूप में सामने आता दिख रहा है जिससे सुरक्षा बलों की चिंता बढ़ गयी है। सुरक्षा बल इसलिए भी चिंतित हैं क्योंकि आतंकवादियों को स्थानीय स्तर पर पनाह और अन्य प्रकार का समर्थन मिल जा रहा है। इसके अलावा एक अन्य दिक्कत यह है कि सुरक्षा बल यदि गांव वालों से पूछताछ कर रहे हैं या संदिग्धों को हिरासत में ले रहे हैं तो विपक्ष इसे लोगों को परेशान करने की कवायद बताकर इसका विरोध कर रहा है। जम्मू-कश्मीर में जल्द ही अमरनाथ यात्रा शुरू होनी है और अक्टूबर से पहले वहां राज्य विधानसभा के चुनाव भी कराये जाने हैं, ऐसे में सुरक्षा हालात को तत्काल दुरुस्त करना बेहद जरूरी हो गया है।

मोदी ने की सुरक्षा हालात की समीक्षा

जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाये जाने के बाद वहां शांति स्थापित हुई लेकिन उस शांति में खलल डालने के प्रयास जब तब होते रहते हैं इसलिए माना जा रहा है कि मोदी सरकार राज्य के हालात को संभालने के लिए जल्द ही कोई बड़ा कदम उठा सकती है। जहां तक प्रधानमंत्री की ओर से की गयी बैठक की बात है तो आपको बता दें कि तीर्थयात्रियों को लेकर जा रही एक बस पर हमले सहित जम्मू एवं कश्मीर में हाल के दिनों में हुई कई आतंकवादी घटनाओं के बाद गुरुवार को केंद्र शासित प्रदेश की सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की गयी और अधिकारियों को 'आतंकवाद रोधी क्षमताओं का पूर्ण इस्तेमाल' करने का निर्देश दिया गया। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और अन्य अधिकारी मोदी की अध्यक्षता में हुई बैठक में शामिल हुए। इस दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भी बात की गई और सुरक्षा बलों की तैनाती और आतंकवाद विरोधी अभियानों पर चर्चा की गई। मोदी ने जम्मू एवं कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से भी बात की और केंद्र शासित प्रदेश में स्थिति का जायजा लिया। उपराज्यपाल सिन्हा ने उन्हें स्थानीय प्रशासन द्वारा किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। बैठक में प्रधानमंत्री को क्षेत्र में सुरक्षा संबंधी स्थिति और वहां चलाए जा रहे आतंकवाद विरोधी अभियानों से अवगत कराया गया।

**जम्मू-कश्मीर पुलिस ने चेताया**





इस बीच, जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक आरआर स्वैन ने पाकिस्तान पर अपने भाड़े के सैनिकों के जरिये यहां का शांतिपूर्ण माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि भारतीय सेना दुश्मन को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए दृढ़ संकल्पित है। स्वैन ने ÷दुश्मन एजेंटों÷ को चेतावनी दी कि वे आतंकवाद का समर्थन करने के अपने फैसले पर पछताएंगे। उन्होंने यह भी कहा, ''उनके (ऐसे एजेंटों के) पास परिवार, जमीन और नौकरियां हैं, जबकि पाकिस्तानी आतंकवादियों के पास खोने के लिए कुछ नहीं है।'' डीजीपी ने रियासी जिले में संवाददाताओं से कहा, ÷(जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद का) प्रारंभिक बिंदु सीमा पार है। विरोधी पक्ष का स्पष्ट इरादा यह है कि यदि वे कश्मीर में शांतिपूर्ण माहौल बिगाड़ने के लिए स्थानीय लोगों को विध्वंसक गतिविधियों के लिए प्रेरित नहीं कर सकते, तो पाकिस्तानियों को वहां भेजकर उनकी भर्ती करें और उन्हें जबरन इस दिशा में धकेलें।'' पुलिस प्रमुख ने कहा, ''दुश्मनों के एजेंट पैसे और नशीले पदार्थों के लिए ऐसा (विदेशी आतंकवादियों की मदद) कर रहे हैं। उनकी पहचान की जाएगी और उनसे सख्ती से निपटा जाएगा। हम उन्हें चेतावनी देना चाहते हैं कि (विदेशी) आतंकवादी मारे जाएंगे... लेकिन जो लोग उनका समर्थन कर रहे हैं, उन्हें पछताना पड़ेगा।'' उन्होंने कहा कि विदेशी आतंकवादियों के पास कोई नहीं है, चाहे उनके बच्चे हों या नहीं। उन्होंने कहा, ''हमें नहीं पता कि वे जेलों से उठाकर किसे यहां भेज रहे हैं, लेकिन जो लोग उनका (आतंकवादियों का) यहां समर्थन कर रहे हैं, उनके पास यहां जमीन, बच्चे और नौकरियां हैं और उन्हें नुकसान उठाना होगा।'' स्वैन ने कहा कि पाकिस्तान जम्मू कश्मीर के बीहड़ इलाकों का इस्तेमाल करना चाहता है ताकि वह विदेशी आतंकवादियों को जंगलों में भेजकर शांतिपूर्ण माहौल बिगाड़ सके। उन्होंने कहा, ''यही सच है।''

हालांकि, उन्होंने कहा कि सुरक्षा बल शांति बनाए रखने और जम्मू-कश्मीर से आतंकवाद को खत्म करने के लिए दृढ़ संकल्पित और वचनबद्ध हैं। उन्होंने कहा, ''हमारा जवाब क्या होगा? हम छोटे नुकसान के लिए तैयार हैं, क्योंकि जब हम पर युद्ध थोपा जाता है और आतंकवादी हमें मारने या मरने के लिए हमारे सामने खड़े होते हैं, तो हम अपने सभी संसाधनों का इस्तेमाल करते हैं और हमारा प्रयास मुंहतोड़ जवाब देना होता है। चूंकि उनके पास परवाह करने वाला कोई नहीं है, इसलिए नुकसान पहुंचाने की उनकी शक्ति अधिक प्रतीत होती है।÷ उन्होंने कहा कि आतंकवाद ने 1995 में जम्मू क्षेत्र, खासकर डोडा और रामबन में अपने पैर पसारे, लेकिन 2005 तक यह पूरी तरह से खत्म हो गया। उन्होंने कहा, ÷अगर हम इसी तरह की चुनौती का सामना करते हैं, तो निश्चिंत रहें कि हम उन्हें मुंहतोड़ जवाब देने और शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखने के लिए उन्हें एक-एक करके मारने के लिए प्रतिबद्ध और वचनबद्ध हैं।÷

**लिक्विड आईईडी नई चुनौती**

दूसरी ओर, कश्मीर में उभर रहे नये खतरे की बात करें तो आपको बता दें कि जम्मू-कश्मीर के आंतकी परिदृश्य में तरल विस्फोटक 17 साल बाद फिर से वापसी करता दिख रहा है, क्योंकि हाल ही में पुलिस ने एक आतंकवादी ठिकाने पर छापेमारी में लिक्विड इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस' बरामद किया है। एक अधिकारी ने बताया कि इस 'लिक्विड इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस' का पता लगाना मुश्किल होता है और इसलिए इसे डिफिकल्ट टू डीकेटेक्ट (डी2डी) श्रेणी में रखा गया है। इस महीने की शुरुआत में पुलवामा में हुई मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा का आतंकी कमांडर रियाज डार उर्फ सथार और उसका साथी रईस डार मारा गया था। इसके बाद पुलिस ने आतंकवादियों के एक 'ओवर ग्राउंड वर्कर' (ओजीडब्ल्यू) को गिरफ्तार किया था। इसी ओजीडब्ल्यू से तरल आईईडी बरामद हुआ है। हम आपको बता दें कि रियाज डार 2014 में प्रतिबंधित संगठन लश्कर-ए-तैयबा में शामिल हो गया था और उसने मारे गए पाकिस्तानी आतंकवादियों अबू दुजाना और अबू इस्माइल के साथ काम किया था। वह कई आतंकवादी गतिविधियों में शामिल था। रियाज पर 10 लाख रुपये से अधिक का नकद इनाम घोषित था। वहीं, रईस डार पर पांच लाख रुपये का नकद इनाम घोषित था।पुलिस ने मुठभेड़ के तुरंत बाद लश्कर आतंकवादियों के लिए काम करने वाले ओजीडब्ल्यू के खिलाफ कार्रवाई की और उनमें से चार को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने बताया कि पूछताछ के दौरान एक ओजीडब्ल्यू ने बताया कि आतंकवादियों को पुलवामा के निहामा के रहने वाले बिलाल अहमद लोन, सज्जाद गनी और शाकिर बशीर ने पनाह और रसद प्रदान की थी। उन्होंने बताया कि इससे आतंकियों के ओजीडब्ल्यू नेटवर्क का खुलासा हुआ और इन तीनों को बाद में गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान ओजीडब्ल्यू ने पुलिस को बताया कि लश्कर-ए-तैयबा के दो आतंकवादियों ने तरल आईईडी तैयार किया है। शाकिर बशीर ने उन्हें बागों में छिपा दिया था। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस और सेना की टीम ने इसे बरामद किया। सेना के विस्फोटक विशेषज्ञों ने प्लास्टिक कंटेनर में रखे छह किलोग्राम तरल आईईडी को नष्ट करने का निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि इसे एक बड़े खतरे के रूप में देखा जा सकता है क्योंकि ऐसे विस्फोटकों को 'डी2डी' श्रेणी में रखा जा सकता है।

हम आपको याद दिला दें कि दक्षिण कश्मीर में 2007 के दौरान आतंकवादी गुटों ने तरल विस्फोटकों का इस्तेमाल किया था, लेकिन इसके बाद जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के दशक के दौरान ऐसा कुछ नहीं देखा गया। अधिकारियों ने कहा कि खुफिया जानकारी मिली है कि पाकिस्तान स्थित आतंकवादी समूह अब तरल विस्फोटकों का इस्तेमाल करेंगे। उन्होंने बताया कि जम्मू-कश्मीर पुलिस ने फरवरी, 2022 में जम्मू में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास पाकिस्तानी ड्रोन से फेंके हथियार और गोला-बारूद बरामद किये थे। बरामद किये गये विस्फोटकों में सफेद तरल की तीन बोतलें भी शामिल थीं। इन बोतलों को एक लीटर की बोतलों में पैक किया गया था। अधिकारियों ने बताया कि फोरेंसिक जांच से पता चला है .

## संपादकीय

# महिलाओं की कम आय चिंताजनक

भारत कई तरह की असमानताओं से जूझता हुआ देश है। इन गैरबराबरियों में आर्थिक भेदभाव के अलावा जातिगत असमानता तो है ही, लैंगिक भेदभाव बेहद विकराल रूप में है। कमोबेश सभी तरह की महिलाओं को किसी न किसी रूप में इसका सामना करना ही पड़ता है। शहरी हो या ग्रामीण, साक्षर हो या निरक्षर या अल्प शिक्षित, वह कथित ऊंची जाति की हो या फिर निचली जाति की-प्रत्येक महिला आजीवन उससे हर कदम पर दो-चार होती है।

माना जाता है कि आत्मनिर्भरता स्त्रियों को पुरुषों के समकक्ष ला सकती है लेकिन वहां भी उनकी राह इतनी आसान नहीं है। असमानता का दंश वहां भी मौजूद है। वर्ल्ड इकॉनामिक फोरम की बुधवार को जारी रिपोर्ट में बतलाया गया है कि भारत में पुरुषों की तुलना में महिलाओं की आय 60 फीसदी कम है। यह अंतर इतना अधिक है कि इसके बल पर कोई भी सभ्य समाज अपने यहां लैंगिक बराबरी का दावा बिलकुल नहीं कर सकता। यह शर्मनाक भी है। सरकार को इस ओर ध्यान देकर वे सारे उपाय करने चाहिये जो पुरुष-महिला के बीच मेहनताने की इस खाई को मिटा सकें।वैसे यह रिपोर्ट देश में लैंगिक असमानता की स्थिति की पोल को खोलती है। 146 देशों की सूची में भारत 129 वें स्थान पर खड़ा है। पिछले वर्ष वह 125वें पायदान पर था। इसका सीधा सा अर्थ है कि यह देश महिलाओं को देवी मानने को लिये तो तैयार है लेकिन उसे मनुष्य के रूप में उसके वे अधिकार देने को तैयार नहीं है जिसकी शुरुआत हर प्रकार की समानता से होती है। इस रिपोर्ट ने भारत को उन देशों के समूह में रखा है जहां लैंगिक असमानता सर्वाधिक है। उसे 0.398 अंक मिले हैं जो बहुत खराब प्रदर्शन है। इसमें कहा गया है कि जिस काम के लिये पुरुष को 100 रुपये मिलते हैं, महिला को 52 ही मिलते हैं। उसका योगदान भी बामुश्किल 40 फीसदी ही है। इस क्षेत्र में भारत की स्थिति केवल पाकिस्तान, ईरान, सूडान एवं बांग्लादेश से ही बेहतर बताई गई है।वैसे महिलाओं की आर्थिक बदहाली व पुरुषों के नीचे ही उसे बनाये रखने का प्रमुख कारण व आधार इस समाज की पुरुषवादी सोच ही है। पूरा ही पूरा सामाजिक ढांचा इन्हीं असमानताओं पर खड़ा है। सामंती एवं धार्मिक- इन दो तत्वों से बना भारतीय समाज उन तीनों ही तरह की गैरबराबरियों को बनाये रखने का हिमायती है जिसका उल्लेख ऊपर किया गया है। समाज को हांकने वाले धर्म व राजनीति में काम करने वाले जानते हैं कि महिलाओं के पुरुषों की बराबरी में आने का मतलब होगा इस शोषण आधारित व्यवस्था का चरमराकर ढह जाना। इसलिये वे यथास्थिति को बनाये रखते हैं। जितने भी तरह की धार्मिक व नीति कथाएं बतलाई जाती हैं उनमें औरतों को त्याग करने वाली, अल्प संतोषी, पुरुषों, खासकर पिता व पति की सेवा में अपना जीवन खपाने-मिटाने वाली महिलाओं को महिमा मंडित किया जाता है। उन्हें आत्मनिर्भरता के अलावा सारा कुछ सिखाया जाता है। घर में खानपान से लेकर शिक्षा-दीक्षा तक लड़कों व लड़कियों में भेदभाव होता देखकर वे बच्चियां बड़ी होकर इसी परम्परा को आगे बढ़ाती हैं। लड़कियों की पढ़ाई यह कहकर छुड़ा दी जाती है कि यह तो लड़की है, इतना पढ़कर क्या करेगी या फिर, उसे कौन सी नौकरी करनी है... आदि। लड़कियों को इस काबिल ही नहीं बनाया जाता कि वे नौकरी कर सकें।संगठित क्षेत्रों में तो कानूनों के कारण वेतन, भत्तों व सुविधाओं में समानता देखी जा सकती है लेकिन वहां उनका प्रतिशत बहुत कम है। बड़ी कम्पनियों में लैंगिक अनुपात की स्थिति बेहद खराब है। आगे बढ़ने के अवसर भी उनके लिये पुरुषों के मुकाबिल कम ही होते हैं। महत्वपूर्ण पद एवं जिम्मेदारियां उन्हें नहीं मिलतीं। यहां तक कम्पनियों के बोर्ड में तक महिलाएं उद्योगपतियों के परिवारों की ही होंगी। शासकीय कम्पनियों में तक यही परिदृश्य है। असंगठित क्षेत्रों में हालत ज्यादा खराब है। पुरुषों की तुलना में उन्हें रोजगार तो कम मिलते ही हैं, वेतन-पारिश्रमिक में भी व्यापक असमानता है जिसका समग्र असर न सिर्फ उनके जीवन स्तर पर पड़ता है बल्कि उसकी अन्य असमानताओं के खिलाफ की जाने वाली लड़ाइयां भी कमजोर पड़ जाती हैं।आश्चर्य की बात तो यह है कि महिलाओं के साथ होने वाला यह भेदभाव केवल भारत में नहीं बल्कि दुनिया भर में है। अलबत्ता अच्छी शिक्षा एवं नागरिक अधिकारों के प्रति सजग जिन देशों ने अपने लिये काफी हद तक समतामूलक समाज बनाया है, वहां महिलाओं की राह अपेक्षाकृत आसान हो चली है, पर तीसरी दुनिया कहे जाने वाले ज्यादातर एशियाई, अफ्रीकी तथा लैटिन अमेरिकी देशों में महिलाएं बहुत पीछे चल रही हैं। रिपोर्ट के अनुसार, असमानता की यह डगर इतनी लम्बी है कि उसे पार करने में यूरोप को 67, उत्तर अमेरिकी को 95 तथा लातिनी अमेरिका व कैरेबियाई देशों को 53 साल लगेंगे। भयावह स्थिति तो दक्षिण एशियाई देशों की है जिनमें भारत का भी शुमार है। इनमें लैंगिक असमानता को पाटने में 149 वर्ष लग जायेंगे। सर्वाधिक खराब स्थिति पूर्वी एशिया के देशों में है जिनके लिये यह अवधि 189 साल आंकी गई है।

# गठबंधन राजनीति की मजबूरियां

निर्मला सीतारमण को अपने बजट में इसके लिए पर्याप्त संसाधन आवंटित करने होंगे। यह उनके पिछले बजटों में कभी भी प्रमुख विचार नहीं रहा है। इसके अलावा, चूंकि देश 50 खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की आकांक्षा रखता है, इसलिए वित्त मंत्री को रोज़गार सृजन के साथ-साथ निवेश और नवाचार को प्रोत्साहित करके विकास को गति देनी होगी।मोदी 3.0 कैबिनेट में वित्त मंत्री के रूप में पुनः कार्यभार संभालने के बाद,निर्मला सीतारमण अपने अन्य सहयोगियों की तुलना में सबसे अधिक दबाव में हैं क्योंकि नयी सरकार का बजट मुश्किल से एक महीने दूर है। इस बार उनका बजट बनाना अधिक जटिल है क्योंकि उन्हें गठबंधन की राजनीति की मजबूरियों को भी समायोजित करना है। कुल मिलाकर, उन्हें आर्थिक चुनौतियों के एक जटिल परिदृश्य का सामना करना पड़ रहा है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भाजपा के लिए स्पष्ट बहुमत हासिल करने में विफल रहने के बाद, उनकी सरकार को गठबंधन सहयोगियों - चंद्रबाबू नायडू की टीडीपी और बिहार के मजबूत नेता नीतीश कुमार की जेडी-यू का समर्थन हासिल करने के लिए मजबूर होना पड़ा है, इसके बावजूद कि दोनों ही पल भर में अपनी वफादारी बदलने की प्रवृत्ति वाले हैं।मोदी 3.0 के निहितार्थों को स्पष्ट करने की आवश्यकता नहीं है। निर्मला सीतारमण को विविध हितों को ध्यान में रखना होगा, अपेक्षाओं का प्रबंधन करना होगा और आर्थिक नीतियों पर आम सहमति बनानी होगी, जिनमें से कोई भी आसान काम नहीं है। गठबंधन की गतिशीलता लगातार उनका ध्यान आकर्षित करेगी। आर्थिक स्थिरता से समझौता किये बिना गठबंधन सहयोगियों की मांगों को संतुष्ट करना एक नाजुक काम है, जो जटिल चुनौतियों से भरा है। उन्हें देश की वित्तीय सेहत की रक्षा करते हुए आम सहमति बनानी होगी और इसके लिए राजकोषीय रूढ़िवादिता, गठबंधन की वास्तविकताओं और विकास की अनिवार्यताओं को संतुलित करने की दुर्लभ क्षमता की आवश्यकता होगी।

निर्मलासीतारमण पिछले पांच वर्षों से भारत के वित्त मंत्रालय की कमान संभाल रही हैं और उन्होंने लगातार छह बजट पेश किये हैं। पूर्ण कार्यकाल के लिए इस पद पर रहने वाली पहली महिला के रूप में उनकी नियुक्ति एक महत्वपूर्ण व्यक्तिगत मील का पत्थर है। अपने कार्यकाल के दौरान, उन्होंने प्रमुख सुधारों को लागू किया, जिसमें बेसकॉर्पोरेट टैक्स की दर को 30प्रतिशत से घटाकर 22प्रतिशत करना और महामारी से उत्पन्न आर्थिक चुनौतियों से निपटने के लिए 20 लाख करोड़ रुपये के विशेष आर्थिक पैकेज की घोषणा करना शामिल है।



सीतारमणकी अपनी पिछली नीतियों पर कायम रहने की संभावना है, जिसका लक्ष्य राजकोषीय समेकन है। उनके पिछले प्रयासों ने राजकोषीय घाटे को 5.8प्रतिशत से घटाकर 5.6प्रतिशत कर दिया और वर्तमान संदर्भ में विवेकपूर्ण राजकोषीय प्रबंधन के प्रति प्रतिबद्धता महत्वपूर्ण होगी। चूंकि भारतीय अर्थव्यवस्था एक गतिशील वैश्विक वातावरण में काम करती है, इसलिए उन्हें इसे भू-राजनीतिक तनावों, व्यापार व्यवधानों और दुनिया भर में आर्थिक बदलावों के बीच भी आगे बढ़ाना होगा। भारत के हितों की रक्षा करते हुए इन अनिश्चितताओं का प्रबंधन करना कोई छोटी उपलब्धि नहीं होगी।महामारी से प्रेरित आर्थिक मंदी सरकारी वित्त पर दबाव बना रही है। इसलिए, वित्त मंत्री को विकास को प्रोत्साहित करने और राजकोषीय अनुशासन बनाये रखने के बीच एक नाजुक संतुलन बनाना होगा। दबाव की जरूरतों को पूरा करते हुए विवेकपूर्ण खर्च सुनिश्चित करना एक कठिन काम होगा। मध्यम वर्ग बेसब्री से मुद्रास्फीति, कर बोझ और बढ़ती लागतों से राहत का इंतजार कर रहा है और बजट के फैसले सीधे उनके जीवन को प्रभावित करेंगे। राजकोषीय विवेक बनाये रखते हुए उनकी अपेक्ष ाओं को पूरा करना एक कठिन चुनौती है।

चुनाव परिणामों ने सत्तारूढ़ दल को यह झटका दिया है और यह स्पष्ट कर दिया है कि मतदाता व्यवहार को निर्धारित करने वाले वास्तविक मुद्दे सामाजिक और धार्मिक पहचान और अस्मिता की राजनीति की नियमित बयानबाजी से परे हैं। उल्लेखनीय है कि मोदी 2024 के चुनाव अभियान के दौरान वैसे ही बयानबाजी से फायदा उठाने की कोशिश कर रहे थे। चुनाव प्रचार के विभिन्न चरणों में वे एक विभाजनकारी मुद्दे से दूसरे मुद्दे पर कूदते रहे, लेकिन उन्हें यह एहसास नहीं हुआ कि जमीनी स्तर पर लोग आस्था या पहचान के मुद्दों से कहीं अधिक अपने दैनिक जीवन को लेकर चिंतित हैं।

इससे नई सरकार पर अतिरिक्त बोझ पड़ा है, जिसका मतलब है कि रोजगार सृजन के लिए पर्याप्त संसाधन जुटाना होगा, जो 2014 में सत्ता में आने के बाद से मोदी सरकार के लिए कम प्राथमिकता रही है, जबकि समय-समय पर इसके विपरीत बड़े-बड़े दावे किये गये हैं। सरकार रोजगार के आंकड़ों और परिभाषाओं की फिर से व्याख्या करने के संदिग्ध प्रयासों के माध्यम से इस चूक को दूर करने की कोशिश कर रही है।

राष्ट्रीय रोजगार नीति के बारे में बात हुई है, जो हालांकि अकादमिक स्तर पर ही रही। अनौपचारिक क्षेत्र में 90प्रतिशत रोजगार होने के कारण, सरकार की रोजगार सृजन योजनाओं ने बेरोजगारों की सेना के इस सबसे महत्वपूर्ण हिस्से को काफी हद तक नजरअंदाज कर दिया है। यह बिना किसी संदेह के साबित हो चुका है कि %पकौड़ा अर्थशास्त्र% काम नहीं करता है और ग्रामीण युवाओं को वास्तविक और भुगतान वाली नौकरियों की आवश्यकता है। इसका मतलब यह होगा कि निर्मला सीतारमण को आबादी के इस महत्वपूर्ण हिस्से पर अधिक ध्यान केंद्रित करना होगा।

मोदी किसानों की आय दोगुनी करने का वायदा करते रहे हैं, लेकिन ज़मीनी स्तर पर स्थिति बिलकुल अलग है। किसान केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ़ आंदोलन कर रहे हैं और सत्ताधारी पार्टी को इन समस्याओं के प्रति उपेक्षापूर्ण रवैये की भारी कीमत चुकानी पड़ी है। अब प्रायश्चित करने का समय आ गया है और निर्मला सीतारमण को अपने बजट में इसके लिए पर्याप्त संसाधन आवंटित करने होंगे। यह उनके पिछले बजटों में कभी भी प्रमुख विचार नहीं रहा है।

इसके अलावा, चूंकि देश 50 खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की आकांक्षा रखता है, इसलिए वित्त मंत्री को रोज़गार सृजन के साथ-साथ निवेश और नवाचार को प्रोत्साहित करके विकास को गति देनी होगी। अल्पकालिक उपायों को संतुलित करना दीर्घकालिक संरचनात्मक सुधारों के साथ यह महत्वपूर्ण है।

# रंग और डिजाइन का रखें ख्याल



आप जब ड्रेसेस खरीदने जाती हैं तो कलर को लेकर आपके मन में एक ऊहापोह सा बना रहता है, इससे बचने के लिए सबसे पहले तो आप ये बात ध्यान दें कि कपड़ा किसके लिए ले रही हैं। यदि आपका अपना रंग डार्क है तो आप लाइट कलर को तवज्जो दें तो आपके लिए बेहतर होगा, लेकिन ऐसा नहीं है कि आप डार्क कलर नहीं पहन सकती हैं।

आप अपने डिजाइनर कलेक्शन में पर्पल, पिंक, पीच और रेड कलर के ड्रेस ले सकती हैं। आपकी पर्सनैलिटी में आपके कपड़ों के रंग के साथ उसके डिजाइन का भी अहम स्थान होता है। इस समय फैशन को लेकर लड़कियों में इंडियन आर्ट् के साथ कढ़ाई वाले ड्रेस साथ में हो, अच्छे कट्स और फिटिंग, यदि इनमें तार और पत्थरों के डिजाइन हो तो और भी अच्छा है। इसके साथ ब्राइट फ्रेश टोन अच्छे हैं। ट्यूनिक ड्रेसेस, इवनिंग गाउन, टॉप, स्कर्ट, लेगिंग्स पैंट और हूडेड जैकेट्स ये आजकल फैशन में हैं। आजकल जींस के साथ शार्ट कुरतों का काफी चलन है, जो आपको फंकी लुक देता है और साथ में आपके अंदर लीडरशिप जैसे गुण भी देता है। इसके साथ ही बफर प्लेटफार्म पहने तो खूब फबेगा और हां, यदि आप चूड़ीदार सलवार की जगह स्लैक्स या जींस ट्राय को अपने पर प्रयोग करें तो काफी आकर्षक और सेक्सी नजर आएंगी। आजकल स्लैक्स का फैशन बाजार में फिर से लौट आया है। हाई वेस्ट कुर्ते और रोल्ड अप स्लीवस के साथ एक खूबसूरत स्टोल आपको एक स्टाइलिश लुक देते हैं। आपकी खूबसूरती आपका कांफिडेंस होता है और ये मिलेगा आपकी थोड़ी सी समझदारी और समझ से, जो आपको अपने दोस्तों के बीच कांफिडेंसिव सुंदरता देता है।

## क्या आजमाएं क्या करें एवाइड



आपको गर्मियों में ज्यादा एसेसरीज पहनने से हमेशा बचना चाहिए। ऑक्सीडेंट ज्वैलरी को न पहनें तो ही अच्छा है, इससे आपकी त्वचा पर इंफेक्शन हो सकता है। प्लास्टिक, जूट, लकड़ी की ज्वैलरी पहनें। आप चाहे तो कफ बैंगल्स को भी फैशन में यूज कर सकती हैं। इस समय एक हाथ में मोटे और अलग-अलग स्टाइल के बैंगल्स पहनने का काफी ट्रेंड है। इसमें डेनिम और कॉर्डरॉय के बैग इस समर में आपके स्टाइल को कई गुना बढ़ा सकते हैं। आपकी ये स्टाइल आपको जहां एक नया लुक देगी, वहीं आपको गर्मी के उलझनों से भी मुक्त रखने में सहायक होगी। चढ़ती-जलती धूप में कपड़ों के रंग का भी ख्याल रखना बहुत जरूरी है। गर्मियों में ड्रेस के कलर, कट्स और डिजाइन बिलकुल बदल जाते हैं। हल्के रंगों का महत्व बढ़ जाता है, जिसमें व्हाइट, पिंक, लाइट यलो, लाइट ब्लू रंग खास हैं। वहीं ब्लैक, ब्राउन और ग्रे रंगों को पहनने से बचें। अगर डिजाइन की बात की जाए, तो अंब्रेला, अनारकली, स्टेट जींस, नी-लेंथ कैपरी आदि पहन सकती हैं। हॉल्टेड, बैकलेस नेक भी समर में पहना जा सकता है।

## कई कलर्स और डिजाइंस




इंडिगो ब्रदर्स ने इस मौसम के लिए बेहतरीन कलेक्शन लांच किया है। इसमें महिला व पुरुष दोनों के लिए कई तरह की ड्रेसेज लाई गई हैं। ये लाइटवेट हैं और इसमें खासतौर से शर्ट्स व टी- शर्ट में आपको कई कलर्स व डिजाइन मिल जाएंगे। ये डिजाइंस ग्राफिक्स, पैटर्न, स्ट्रिप्स, चेक्स वगैरह में हैं। इंटरनेशनल स्टाइल्स के साथ ही इसमें हाई फैशन, फेमनिन और वोगिस डिजाइंस मिलेंगे।

# फैशन का पॉकेट फ्रेंडली फंडा

**फैशन इंडस्ट्री अब सबको स्पेशल बनाने की तैयारी में है और वह भी जेब पर भारी पड़े बिना। दरअसल, खास क्लास तक सिमटी यह इंडस्ट्री नए बिजनेस की तलाश में अब मास के लिए भी काम करने लगी है। ऐसे में अब बाजार में कम दामों पर भी डिजाइनर ड्रेसेस मिलने लगी हैं।**



फैशन और स्टाइल के मामले में पिछले कुछ समय से यूथ जितना कॉन्शस हुआ है, यह उतना ही अफोर्डेबल हुआ है। डिजाइनर ड्रेसेज अब उतने महंगे नहीं रहे। अब ये बेहद कम प्राइस वाले रेंज में भी मार्केट में उपलब्ध हैं। इसलिए अब ऑफिस, पार्टी से लेकर शादी तक की खास ड्रेस अपने लिए यूनीक चुनी जा सकती है और वह भी अपने पॉकेट के अनुसार। फैशन डिजाइनर्स भी मानने लगे हैं कि उनका कलेक्शन ऐसा हो जो सबकी पहुंच में हो। दिल्ली में हुए फैशन वीक में भी कुछ ऐसा ही नजारा देखने को मिला, जहां डिजाइनर्स अपने कलेक्शंस की प्राइस रेंज को एक खास बजट में लेकर आ रहे हैं।

### क्या है कारण

मंदी ने हर बिजनेस का फंडा ठंडा कर दिया है और इससे उबरने के लिए लोग तरह-तरह के हथकंडे अपना रहे हैं। फैशन भी इससे अछूता नहीं है। मंदी की मार झेल रहे फैशन ने इससे ऊबरने के लिए जोरदार तैयारी कर चुका है। अभी तक एक खास वर्ग के लिए कपड़े डिजाइन करने वाले डिजाइनर्स मिडिल क्लास से जुड़ने की सोच रहे हैं। इसके लिए वे तैयारी भी कर चुके हैं। तमाम डिजाइनर्स इस फंडे पर काम रहे हैं। यही वजह है कि अब डिजाइनर ड्रेसेस की शुरुआती रेंज 3000 से 4000 रुपए के बीच पहुंच गई है।



### क्या कहते हैं डिजाइनर्स

फैशन इंडस्ट्री में एक मुकाम बना चुकी डिजाइनर अनुपमा कहती हैं, हर इंडस्ट्री बिजनेस ओरिएंटेड होती है। तमाम फैशन इवेंट्स इसी के लिए काम कर रहे हैं। इतनी बड़ी इंडस्ट्री एक खास क्लास के दम पर नहीं चल सकती। यही वजह है कि डिजाइनर्स अब लोगों के टेस्ट व बजट का ख्याल रखकर काम कर रहे हैं। यंग डिजाइनर सुदेश सोढ़ी कहते हैं कि मास के साथ जुड़ने में ही फैशन इंडस्ट्री को फायदा है, क्योंकि इंडस्ट्री को पैसा यहीं से मिलेगा। वैसे, वह फैशन ट्रेंड को भी इसकी एक वजह बताते हैं। इन दिनों ड्रेसेस में सेपरेट्स का ट्रेंड है। यानी एक बार लेगिंग या ट्राऊजर खरीदने के बाद एक्सक्लूसिव कुर्ते, ट्यूनिक्स या शर्ट्स ली जा सकती हैं। बेशक, इस तरह पूरी ड्रेस महंगी नहीं पड़ेगी और आपको एक खास स्टाइल स्टेटमेंट भी मिल जाएगी।

### कॉम्पिटीशन

पहले जहां गिने-चुने डिजाइनर्स होते थे, वहीं अब इंडियन फैशन इंडस्ट्री में डिजाइनर्स की काफी संख्या है। इनके आने से कॉम्पिटीशन टफ हुआ है। ऐसे में मार्केट में सरवाइव करने में कॉस्ट फैक्टर बेहद अहम हो जाता है। डिजाइनरों की होड़ से कस्टमर्स का काम आसान हुआ है। डिजाइनर राजीव इस बात से सहमत हैं। वह कहते हैं इस बार फैशन वीक में 141 डिजाइनर्स हिस्सा ले रहे हैं और जाहिर है सभी को बिजनेस चाहिए। इस फेर में फायदा कस्टमर को होगा। अगर किसी डिजाइनर को मास तक पहुंचना है, तो उन्हें खुद की पॉकेट का ख्याल रखना ही पड़ेगा। कुछ का यह भी मानना है कि इंडस्ट्री के पास फिलहाल टारगेट अपर मिडिल क्लास के कस्टमर्स को खुश करना है, दुनिया की निगाहें आज भी भारत के मिडिल क्लास पर टिकी हुई हैं।

### क्वॉलिटी फैक्टर

फैशन के इस दौर में सब कुछ साथ साथ नही हो सकता। यदि आप चाहते हैं कि आप जो कपड़े पहने, वह डिजानर्स के द्वारा तैयार किया गया हो, क्वालिटी भी बेहतरीन हो और सस्ता भी हो, यह पूरी तरह से सच साबित नहीं हो सकता। आपको कुछ न कु छ तो कंप्रोमाइज करना ही पड़ेगा। डिजाइनर रजनी कहती हैं कि जिस तरह हर फिल्म सभी की पसंद पर खरी नहीं उतरती, उसी तरह हर क्लास के फैशन का टेस्ट भी अलग होगा। अब 5000 रुपए में ड्रेस पर स्पेशल स्वरोस्की वर्क नहीं मिल सकता। हालांकि इसे क्वॉलिटी के साथ कॉम्प्रोमाइज नहीं कहेंगे, क्योंकि डिजाइनर वियर का मतलब ड्रेस के स्पेशल होने से ही होगा। फिर प्रेट लाइन का मतलब ही सभी के लिए स्पेशल रेडी टू वियर की वैरायटी होता है।

# आकर्षक दिखने के फेर में त्वचा की शामत

**महिलाओं में हमेशा आकर्षक दिखने की चाह रहती है। लेकिन कई बार होता यह है कि आकर्षक दिखने के चक्कर में वह इतनी क्रीमें या अन्य प्रसाधन बदल लेती हैं कि चेहरे का आकर्षण बढ़ने की बजाय कम हो जाता है। आकर्षक चेहरे के लिए पहली आवश्यकता है, ताजगी से भरपूर साफ व सुंदर त्वचा। आज महिलाएं स्वस्थ व कोमल त्वचा के प्रति जागरूक हो गई हैं और त्वचा की कांति बरकरार रखने के लिए किसी जादुई क्रीम की तलाश में हैं। क्रीम खरीदने की इच्छुक महिलाओं को तीन श्रेणियों में बांटा जा सकता है-**



- वे महिलाएं जो उत्पादकों के लंबे-चौड़े वादों को झूठा मानती हैं किन्तु हिचकते हुए क्रीम खरीदती हैं।
- वे महिलाएं, जो किसी भी नई क्रीम का नाम सुनते ही उसे इस आशा में खरीद लेती हैं कि शायद इसी से उनका चेहरा आकर्षक बन जाए।
- ऐसी महिलाएं, जो क्रीम की अधिक कीमत को ही उसके असरदार होने की गारंटी मान लेती हैं।

आप इन तीनों में से किसी भी प्रकार की ग्राहक क्यों न हों, वास्तविकता यह है कि कोई भी क्रीम, जो आप लगाती हैं, आपके चेहरे पर असर तो करती ही है क्योंकि हर क्रीम पानी की नमी को बरकरार रख कर त्वचा को सूखने से बचाती है। ज्ञातव्य है कि महिलाओं के चेहरे पर उम्र के लक्षण पैदा करने में सूखी त्वचा ही सबसे अधिक गुनाहगार साबित होती है। आप देखेंगी कि अकसर सौंदर्य विशेषज्ञ किसी एक क्रीम का विज्ञापन करते नजर आते हैं पर लगभग सभी इस बात से सहमत हैं कि कुछ तत्व ऐसे होते हैं, जिनसे कोई भी क्रीम अधिक असरदार हो जाती है, वे तत्व इस प्रकार हैं-

**(सेरामाइड)**- सेरामाइड स्वाभाविक रूप से त्वचा के कोषों को आपस में जोड़े रखता है, तथा त्वचा को लटकने से बचाता है।

**(अल्फा हाइड्रोसी एसिड)**- यह दूध, फल और गन्ने से बनाया जाता है पर अब इस का सिंथेटिक उत्पादन भी शुरू हो गया है। इससे त्वचा में चमक और कोमलता आती है। यह त्वचा की कोशकीय गतिविधि को बढ़ा कर उसकी नमी बरकरार रखने की क्षमता में वृद्धि करता है। झुर्रियों के इलाज के लिए ग्लाइकोलिक और लेक्टिक एसिड सबसे असरदार होते हैं। लेकिन एएचए के अधिक प्रयोग से त्वचा की परतें उखड़ने लगती हैं। सूर्य की किरणों के प्रति भी त्वचा अधिक संवेदनशील हो जाती है इसलिए याद रखें कि इसका प्रयोग सप्ताह में एक या दो बार ही करना चाहिए।

**(विटामिन)**- विटामिन ए से त्वचा की नमी बढ़ती है। विटामिन बी-5 त्वचा की कंडीशनिंग कर उसको मुलायम बनाता है। एंटीआक्सीडेंट ई से भी त्वचा को विशेष लाभ पहुंचता है।

**(सनस्क्रीन)**- त्वचा को रोजमर्रा में यूवए और यूवीबी किरणों से बचाने के लिए यह अत्यंत आवश्यक तत्व है। त्वचा को सुंदर और आकर्षक बनाए रखने के लिए निम्न हिदायतों पर गौर किया जा सकता है- त्वचा की देखभाल ध्यान से करें क्योंकि झुर्रियों के लक्षण नजर आते ही अनेक महिलाएं घबरा जाती हैं और तरह-तरह की क्रीमों का प्रयोग करने लगती हैं। वैसे क्रीमों का प्रयोग अगर अधिक मात्रा में किया जाए तो उससे त्वचा के प्राकृतिक उत्पादनों में कमी आ जाती है। इससे त्वचा रूखी और बेजान होने लगती है और झुर्रियां भी बढ़ने लगती हैं।

सौंदर्य विशेषज्ञों की सलाह है कि सौंदर्य प्रसाधनों का अत्यधिक प्रयोग करना हानिकारक होता है। यदि आपकी त्वचा ज्यादा तैलीय नहीं है तो टोनर के प्रयोग से बचना चाहिए। चेहरे पर गुनगुने पानी के छींटे मारने से भी त्वचा साफ हो जाती है। अगर आप त्वचा को पानी से धोना पसंद करती हैं तो साबुन रहित क्लींजर का प्रयोग करें। वैसे क्रीम क्लींजर सबसे अधिक असरदार होते हैं। मुलतानी मिट्टी व चंदन का लेप करने से भी काफी फायदा होता है।

## केरल में मंत्री के सांसद बनने के बाद सीएम विजयन करेंगे मंत्रिमंडल में फेरबदल


एजेंसी

**तिरुवनंतपुरम** । केरल के अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति मंत्री के. राधाकृष्णन लोकसभा चुनाव जीत गए हैं। इसके चलते मंत्री पद खाली हो गया है। वो चुनाव जीतने वाले एकमात्र वामपंथी उम्मीदवार हैं। ऐसे में विभागों में संभावित फेरबदल के लिए बातचीत शुरू हो गई है। आने वाले दिनों में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) एक बैठक कर इस पर फैसला लेगी। सत्तारूढ़ वामपंथ के भीतर भी खलबली मची हुई है, जिसमें सीपीआई का एक वर्ग, जो दूसरी सबसे बड़ी सहयोगी है, मुख्यमंत्री पिनराई विजयन की कार्यशैली से नाखुश है।

राधाकृष्णन के पद को भरने के साथ, सभी की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि सीएम विजयन यह पद किसको देंगे। अगर सीएम विजयन माकपा के भीतर इस स्थान को भरने का फैसला करते हैं, तो जिन नामों पर चर्चा शुरू हो गई है, उनमें दो बार के माकपा विधायक ओ.आर. केलू और पहली बार विधायक बनीं के. संथाकुमारी के नाम शामिल हैं। माकपा को परेशान करने के लिए विजयन कैबिनेट में जेडी(एस) के उम्मीदवार की मौजूदगी है। उनका राष्ट्रीय नेतृत्व भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए का सहयोगी है और उनके नेता एच.डी. कुमारस्वामी नरेंद्र मोदी सरकार में कैबिनेट मंत्री हैं।

## प्रथम चंद्रमा मिशन 'चंद्रयान-1' के निदेशक श्रीनिवास हेगड़े का निधन

**बेंगलुरु।** प्रथम चंद्रमा मिशन 'चंद्रयान-1' के निदेशक श्रीनिवास हेगड़े का यहां निधन हो गया। 71 वर्षीय हेगड़े ने एक निजी अस्पताल में अंतिम सांस ली। वह कुछ समय से अस्वस्थ थे। उनका इस अस्पताल में इलाज चल रहा था। उनके परिवार में पत्नी और दो पुत्र हैं। हेगड़े तीन दशक से अधिक समय तक भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) से संबद्ध रहे। उन्होंने अंतरिक्ष एजेंसी के कई ऐतिहासिक मिशन में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनमें से सबसे उल्लेखनीय 2008 में लॉन्च किया गया चंद्रयान -1 था। यह भारत का पहला चंद्र मिशन था। इस मिशन ने चंद्रमा पर पानी के अणुओं की अभूतपूर्व खोज की। सेवानिवृत्ति के बाद वह बेंगलुरु स्थित स्टार्ट-अप टीम इंडस से जुड़े थे।



## नार्को-आतंकवादी मॉड्यूल का भंडाफोड़, हथियार और प्रतिबंधित सामान बरामद, तीन गिरफ्तार

**कुपवाड़ा**। सुरक्षा बलों ने जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में तीन लोगों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से हथियार, गोला-बारूद और प्रतिबंधित सामान बरामद करके एक नार्को-आतंकवादी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि जिले के करनाह इलाके में पुलिस को पुख्ता सूचना मिली कि एक व्यक्ति हेरोइन के लिए खरीदार ढूंढने की कोशिश कर रहा है। इसके बाद पुलिस और सेना ने एक जाल बिछाया। उसके बाद करीब 500 ग्राम हेरोइन के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। प्रवक्ता ने बताया कि इन लोगों की पहचान खावरपरब करनाह निवासी शफीक अहमद शेख और बागबल्ला निवासी तारिक अहमद मलिक के रूप में हुई है। प्रवक्ता ने बताया कि आगे की जांच में तीन पिस्तौलें और साधपुरा निवासी परवेज अहमद पठान के रूप में पहचाने गए एक अन्य व्यक्ति की मौजूदगी का पता चला। उन्होंने बताया कि पठान को पुलिस और सेना की संयुक्त छापेमारी में गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से तीन पिस्तौलें, 76 पिस्तौल राउंड, छह पिस्तौल मैगजीन और करीब पांच किलोग्राम संदिग्ध विस्फोटक बरामद किया गया।

## बाबा के जयकारों से गूंज उठा कैंची धाम

**नैनीताल।** कैंची धाम का 60 वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया जा रहा है। सुबह से ही नीब करौरी बाबा के दरबार में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा । कैंची धाम भक्तों के जयकारों से गूंज उठा है।शनिवार भक्त प्रातः काल से ही बाबा नीब करोरी के दर्शन को लेकर पहुंच रहे हैं। पुलिस और प्रशासन की ओर से सुरक्षा के लिए पुख्ता इंतजाम किये हैं। मंदिर परिसर व आसपास के क्षेत्र में हर गतिविधियों पर पुलिस की पैनी नजर है। मंदिर परिसर में रील बनाने व फोटोग्राफी प्रतिबंधित की गई है।धाम में सुबह की आरती के बाद बाबा को भोग लगाकर मालपुए के प्रसाद का वितरण किया जा रहा है। धाम के आसपास वाहनों की आवाजाही पूर्ण रूप से बन्द है। पावन कैंची धाम की स्थापना 1964 में की गई थी। कहा जाता है कि बाबा नीब करौरी महाराज 1961 में पहली बार कैंची धाम आए थे। धाम नैनीताल से लगभग 65 किलोमीटर की दूर है।

मान्यता है कि कैंचीधाम से कोई भी खाली हाथ नहीं लौटता है। यहां पर मांगी गई हर मुराद बाबा नीब करौरी महाराज पूरी करते हैं। बाबा नीब करौरी महाराज का पावन कैंची धाम चमत्कारों से भरा है। बाबा नीम करौली कैंचीधाम महोत्सव के अवसर पर छात्र-छात्राओं की सुरक्षा के दृष्टिगत नैनीताल नगर क्षेत्र के भीमताल, भवाली, ज्योलिकोट मार्ग व भुमियाधार मार्ग के सभी शासकीय, अशासकीय एवं निजी विद्यालयों में अवकाश घोषित किया गया है।

# पीएम मोदी काशी में 300 किसानों को देंगे आवास की सौगात

### जारी करेंगे सम्मान निधि की किस्त

एजेंसी

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 18 जून को काशी के किसानों से न केवल संवाद करेंगे बल्कि उनके उगाए उत्पादों को भी देखेंगे। साथ ही करीब 300 किसानों को आवास का उपहार भी देंगे। उनके कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की जा रही है। भाजपा नेताओं के अनुसार 21 किसानों से मुलाकात करेंगे।



पीएम सम्मान निधि की धनराशि खाते में ऑनलाइन ट्रांजेक्शन के माध्यम से भेजेंगे। साथ ही किसानों को डिजिटल किसान क्रेडिट कार्ड भी देंगे। कुछ प्रगतिशील किसानों से भी बातचीत करेंगे। किसानों के उगाए उत्पादों के स्टॉल भी लगाए जाएंगे। कृषि विभाग के अधिकारी किसानों से जुड़ी योजनाओं के बारे में भी किसानों की मदद करेंगे। इस पूरे कार्यक्रम की रूपरेखा बनाकर भेजी गई है। पीएमओ से ही फाइनल किया जाएगा। प्रशासन के पास अभी पीएम का प्रोटोकाल नहीं आया है।

ो पीएम के कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने एसपीजी आएगी। पीएम के रूट का बारीकी से निरीक्षण करेगी।

# कांग्रेस ने हरियाणा को बनाया शिक्षा का हब, इसे साजिश के तहत बर्बाद कर रही बीजेपीः हुड्डा

एजेंसी

**चंडीगढ़।** बीजेपी नीतिगत साजिश के तहत हरियाणा के शिक्षा तंत्र को बर्बाद कर रही है। उसका मकसद एससी, ओबीसी और गरीबों को शिक्षा से वंचित करना है। ये कहना है पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा का। हुड्डा शिक्षण संस्थाओं में खाली पड़े पदों और फीस बढ़ोत्तरी पर प्रतिक्रिया दे रहे थे।

उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति के नाम पर महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) में 5 गुना तक फीस बढ़ा दी गई। क्योंकि बीजेपी गरीब, दलित व पिछड़े परिवारों के बच्चों के लिए यूनिवर्सिटी के दरवाजे बंद करना चाहती है। इसलिए फीस बढ़ोत्तरी के नाम पर विद्यार्थियों से खुली लूट की जा रही है। इस बढ़ाई फीस के फैसले को वापिस लिया जाए।



कांग्रेस की जिस नीति ने हरियाणा को शिक्षा का हब बनाया था, बीजेपी उसे बर्बाद करने पर तुली है। हुड्डा ने कहा कि इस सरकार का सारा जोर छात्रों से वसूली करने पर है। जबकि उसे टीचर्स की भर्ती पर अपना ध्यान केंद्रित करना चाहिए। टीचर्स की भर्ती नहीं होने के चलते आज प्रदेश के 182 सरकारी कॉलेजों में प्राध्यापकों के 7986 मंजूर पदों में 4618 पद खाली पड़े हैं। कुल मिलाकर शिक्षा विभाग में लगभग 50,000 पद खाली पड़े हैं। और 2 लाख सरकारी स्वीकृत पद खाली पड़े है। बीजेपी सरकार संविदा या कौशल निगम के जरिए पदों को भर रही है और बिना पक्की भर्ती के इन पदों को खत्म किया जा रहा है। संविदा और कौशल निगम के जरिए लगाए गए लोगों का बिना किसी जॉब सिक्युरिटी के कम वेतन में शोषण किया जा रहा है। साथ मे पारदर्शिता और गरीब पिछडो व अन्य वर्गों के आरक्षण को खत्म किया जा रहा।

# मथुरा में भावुक हुए साक्षी महाराज, बोले- सरयू में खून बहाने वालों की हुई अयोध्या में जीत, कारसेवक हार गए

एजेंसी

**मथुरा।** मथुरा के वृंदावन में भाजपा के सात बार से सांसद स्वामी साक्षी महाराज धर्म नगरी वृंदावन पहुंचे। यहां पर परिक्रमा मार्ग स्थित अपने आश्रम पर साक्षी महाराज ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि मुझे भगवान बांकेबिहारी, राधारानी, श्रीराम और ब्रजवासियों का आशीर्वाद मिला है।

उन्होंने कहा कि सबसे पहले मथुरा से चुनाव जीता और फिर लगातार बड़े-बड़े नेताओं की जमानत जब्त कराकर सात बार सांसद बना, जोकि किसी अदृश्य शक्ति की कृपा मुझ पर है, वहीं उन्होंने अयोध्या से भाजपा की हार पर बोला कि मैं समझता हूं अयोध्या पर विकास नहीं



जातिवाद ने चुनाव जीता है, जबकि वहां पांच विधानसभा हैं, लेकिन शहर अयोध्या में हम जीते हैं। सपा प्रत्याशी का जातिगण वोट ज्यादा होने के कारण ग्रामीण इलाकों में उनकी जीत होना चिंता की बात है।

जबकि वहां प्रधानमंत्री मोदी ने विकास कार्य तेजी से किए, एयरपोर्ट बना, श्रीराम मंदिर बना, सड़क और मार्केट बने, मगर फिर भी जिन्होंने सरयू में खून बहाया उनकी जीत हुई और रामभक्त कार सेवक हार गए।

यह आश्चर्य की बात है समाज और हिंदुत्व की बात करने के साथ हमारी पार्टी के लिए भी। वहीं श्रीकृष्ण जन्मभूमि और ईदगाह विवाद को लेकर कहा कि जैसे अयोध्या में राममंदिर बना है, वैसे ही मथुरा में श्रीकृष्ण का भव्य मंदिर बनेगा। जन्मभूमि के हित में कोर्ट भी फैसला देगी।

## स्वतंत्रता सेनानी सुपरफास्ट एक्सप्रेस पर पथराव



एजेंसी

**समस्तीपुर।** जयनगर से दल्ली जा रही स्वतंत्रता सेनानी सुपरफास्ट एक्सप्रेस पर पथराव हुआ। असामाजिक तत्वों ने एम-1, बी-3 और बी-6 बोगी पर के खिड़की पर पत्तथर फेंका। सूत्रों के मुताबिक AC बोगी का कांच टूटने से एक महिला यात्री को आंख में चोट लगी। जिससे वह जख्मी हो गई। ट्रेन समस्तीपुर स्टेशन प्लेटफार्म संख्या एक पर रुकी। ट्रेन कक्कड़ घाटी स्टेशन से पास कर रही थी। इसी दौरान स्टेशन के पास खड़े कुछ लड़कों ने ट्रेन की बोगी पर पत्थर मारा। इससे कोच की खिड़की का कांच टूट गया। जख्मी यात्री मधुबनी निवासी सुचित्रा देवी हैं। ट्रेन के समस्तीपुर पहुंचने के बाद जख्मी महिला यात्री के परिजनों ने इलाज नहीं होने पर जमकर हंगामा किया।

# 'भाजपा का अहंकार और अभिमान धूल में मिल गया'

एजेंसी

**नारनौल।** लोकसभा चुनाव 2024 खत्म हो गए हैं। 4 जून को आये चुनावी नतीजों के बाद नरेंद्र मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बने। सरकार का गठन होने के साथ ही मंत्रियों को उनके मंत्रालय भी सौंप दिए गए हैं। इससे पहले 4 जून को आये चुनावी नतीजों में 240 सीटों के साथ भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनी। हालांकि, पार्टी को पश्चिम बंगाल में तगड़ा झटका लगा और उसकी सीटें 2019 में 18 से घटकर इस बार 12 हो गई। बंगाल में भाजपा के प्रदर्शन पर तृणमूल कांग्रेस लगातार हमलावर है। इसी बीच, तृणमूल कांग्रेस के नेता अभिषेक बनर्जी ने कहा कि चुनाव के नतीजों ने भाजपा के अहंकार और अभिमान को धूल में मिला दिया है। टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव ने भाजपा पर 'केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग करने, न्यायपालिका को भ्रष्ट करने, मीडिया पर पाबन्दी लगाने और सत्ता पर काबिज रहने के लिए चुनाव आयोग का दुरुपयोग करने' का भी आरोप लगाया।

**देश ने 4 जून को एक नई सुबह देखीः अभिषेक**

टीएमसी नेता ने कहा कि 2024 का लोकसभा चुनाव इतिहास में 'जोनोगोनर गोरजोन' (लोगों की दहाड़) के रूप में स्वर्ण अक्षरों में



अंकित होगा। ये बातें उन्होंने शुक्रवार देर रात अपने डायमंड हार्बर निर्वाचन क्षेत्र में पार्टी कार्यकर्ताओं और आम लोगों से मिलने के बाद फेसबुक पोस्ट में कही। टीएमसी महासचिव ने डायमंड हार्बर के लोगों को उन्हें भारी जनादेश देने के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि बंगाल और देश ने 4 जून को एक नई सुबह देखी।

बता दें कि इस लोकसभा चुनाव में पश्चिम बंगाल में टीएमसी ने 42 में से 29 सीटें जीतीं। पार्टी ने 2019 के चुनावों की तुलना में अपनी सीटों की संख्या में सात सीटों का सुधार किया।

# कश्मीरी पंडित अपनी मातृभूमि में वापस लौटें : मीरवाइज उमर फारूक

एजेंसी

**श्रीनगर** । हुर्रियत कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष मीरवाइज उमर फारूक का एक वीडियो सामने आया है। जिसमें वह कश्मीरी पंडितों से अपनी मातृभूमि पर वापस लौटने की अपील कर रहे हैं। मीरवाइज कश्मीरी पंडितों को खीर भवानी मेला के मौके पर मुबारकबाद देते हुए कहा कि यह वक्त मेल-मिलाप और टूटे रिश्तों को फिर से जोड़ने का है।

मीरवाइज का यह वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल हो रहा है। जामिया मस्जिद में जुमे की नमाज में जुटे लोगों को संबोधित करते हुए मीरवाइज उमर फारूक ने कहा कि आज हमारे पंडित भाइयों का खीर भवानी उत्सव है, वो बड़ी संख्या में घाटी में आए हैं, हम उनका स्वागत करते हैं। जम्मू-कश्मीर के लोग हमेशा चाहते हैं कि कश्मीरी पंडित अपनी मातृभूमि में वापस लौटें, हमने अतीत में भी कोशिश की है और फिर से उन्हें



मातृभूमि में वापस लाने की कोशिश करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि 'मैं एक बार फिर उनसे अपील करूंगा कि वह अपनी मातृभूमि पर वापस लौटें जो उनका इंतजार कर रही है, और यहां वैसे ही रहें जैसे हमारी साझा विरासत में अतीत में रहते थे। अब समय आ गया है कि हम टूटे हुए रिश्तों को फिर से जोड़ें। हम अपनी अगली पीढ़ी के लिए इसके लिए ऋणी हैं।' बता दें कि साल 1990 में आतंकी घटनाओं के बाद बड़ी संख्या में कश्मीरी पंडित अपना घर छोड़कर घाटी से पलायन कर गए थे। ऐसे में मीरवाइज ने कश्मीरी पंडितों से भावुक अपील करते घाटी में वापसी लौटने की अपील की।

## ऐतिहासिक भोजशाला में 85वें दिन भी जारी रहा एएसआई का सर्वे

**भोपाल।** मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर खंडपीठ के आदेश पर धार की ऐतिहासिक भोजशाला में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) विभाग का सर्वे 85वें दिन भी जारी रहा। एएसआई के 16 अधिकारियों की टीम 36 श्रमिकों के साथ सुबह छह बजे भोजशाला परिसर में पहुंची और दोपहर 12 बजे बाहर आई। यहां टीम ने आधुनिक उपकरणों के जरिए वैज्ञानिक पद्धति से करीब छह घंटे काम किया। सर्वे टीम के साथ हिंदू पक्ष के गोपाल शर्मा, आशीष गोयल और मुस्लिम पक्ष के अब्दुल समद खान भी मौजूद रहे। ज्ञानवापी की तर्ज पर जारी सर्वे के 85वें दिन एएसआई की टीम ने भोजशाला के गर्भगृह के सामने की तरफ पिछले दिनों में जो भी अब तक खुदाई की गई, उन सभी ट्रेंच को भरने का काम किया। इसके साथ ही फोटोग्राफी-वीडियोग्राफी की गई है। वहीं आज लेबलिंग का काम भी किया गया। उत्तर पूर्व के कोने में रखे हुए अवशेषों को वहां से शिफ्ट किया गया। इसके बाद वहां पर मिट्टी हटाने और खुदाई का काम किया गया। सर्वे टीम के साथ मौजूद रहे हिन्दू पक्षकार गोपाल शर्मा ने बताया कि आज एएसआई ने भोजशाला के गर्भगृह में भराव करके गड्ढों को बंद कराया। उतरी भाग में मिट्टी हटाने का काम हुआ और यहां रखे पुरावशेषों को शिफ्ट किया गया। उन्होंने बताया कि सर्वे में अब तक 1600 से ज्यादा पुरावशेष मिल चुके हैं।

# 165 अवैध निर्माणों पर चला बुलडोजर, विरोध करने आए लोगों को खदेड़ा, बिजली काटी तब निकले लोग

एजेंसी

**लखनऊ।** लखनऊ अकबरनगर प्रथम में कार्रवाई के दूसरे दिन एलडीए व जिला प्रशासन की टीम ने 165 अवैध निर्माण जमींदोज किए और शनिवार सुबह फिर से ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू हो गई। इस दौरान कुछ लोग विरोध करने आए तो उन्हें सुरक्षा बलों ने खदेड़ दिया। उधर, भी लोग यहां से विस्थापित होते रहे। इन्हें बसंत कुंज योजना के प्रधानमंत्री आवास में शिफ्ट कराया जा रहा है।

अकबर नगर प्रथम व द्वितीय में अब तक कुल 614 अवैध निर्माण ध्वस्त किए जा चुके हैं। इस अभियान में 15 पोकलेन मशीन, 12 जेसीबी और 15 वाटर टैंक लगाए गए हैं। सुबह सात से दोपहर दो बजे तक और फिर तीन बजे से रात आठ बजे तक कार्रवाई चल रही है।

अकबरनगर के 79 आवंटियों को प्रधानमंत्री आवास का कब्जा दिया गया। एलडीए के संयुक्त सचिव एसपी सिंह ने बताया कि अब तक 971 आवंटियों को कब्जा दिया जा



चुका है। इसके अलावा 1800 अध्यासियों को प्रधानमंत्री आवास आवंटित किए गए हैं और सभी लोगों को आवंटन पत्र दिया जा चुका है। 42 लोडर वाहनों से लोगों का सामान लादकर आवंटित आवास तक पहुंचाया गया।

**बिजली कटी, तब खाली किया मकान**

अकबरनगर प्रथम में कुछ लोग मकान नहीं खाली कर रहे थे। प्रशासन के कई बार कहने पर भी इन्होंने सामान नहीं निकाला तो इनके मकानों की बिजली काट दी गई। बिजली-पानी की आपूर्ति बंद होने पर सभी मकान खाली करने लगे।

# बंगाल में नये विधायकों के शपथ ग्रहण को लेकर राजभवन-सरकार में फिर ठनी

एजेंसी

**कोलकाता** । पश्चिम बंगाल में नये विधायकों के शपथ ग्रहण समारोह को लेकर राज्य सरकार और राजभवन एक बार फिर आमने-सामने आ गये हैं।

हाल ही में दो विधानसभा सीटों - मुर्शिदाबाद जिले में भगवानगोला सीट और उत्तर 24 परगना जिले में बारानगर सीट - पर हुए उपचुनाव में तृणमूल कांग्रेस उम्मीदवार विजयी रहे थे। सूत्रों ने बताया कि तृणमूल कांग्रेस के रैयत हुसैन सरकार और सयंतिका बनर्जी को निर्वाचित हुए 11 दिन बीत गये हैं, लेकिन उनका शपथ ग्रहण नबन्ना स्थित राज्य सचिवालय और राजभवन के बीच 'तकनीकी गड़बड़ियों' में अटक गया है। आधिकारिक प्रोटोकॉल के अनुसार, नव निर्वाचित विधायकों के शपथ ग्रहण के लिए राज्य के संसदीय कार्य विभाग से राजभवन में राज्यपाल कार्यालय को संदेश भेजा जाना है। सूत्रों का कहना है कि



सरकार और बनर्जी के मामले में राजभवन को संदेश तो मिल गया है, लेकिन यह संसदीय कार्य विभाग के मंत्री की बजाय पश्चिम बंगाल विधानसभा के सचिव की ओर से भेजा गया है। सूत्रों ने बताया कि राजभवन ने अब तक उस संदेश का कोई जवाब नहीं दिया है जिससे दोनों विधायकों के शपथ ग्रहण को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है।

संयोग से, राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस ने एक बयान जारी कर राजभवन में तैनात पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से स्थानांतरित करने की मांग की। इससे पहले विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया था कि राजभवन के बाहर तैनात पुलिसकर्मियों ने गुरुवार शाम उन्हें और उनके साथ आये चुनाव बाद हिंसा के कुछ पीड़ितों को अंदर जाने से रोक दिया था।

राज्यपाल ने अपने बयान में कहा था कि वह पुलिस विभाग के प्रभारी मंत्री से तब तक नहीं मिलेंगे जब तक पीड़ितों को उनसे मिलने नहीं दिया जाता। दरअसल, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के पास गृह मंत्रालय भी है और पुलिस विभाग उन्हीं के अंदर आता है।

## कस्टम ने मुंबई एयरपोर्ट पर 10.50 किलोग्राम सोना जब्त किया, पांच गिरफ्तार

**मुंबई।** सीमा शुल्क विभाग (कस्टम विभाग) की टीम ने मुंबई एयरपोर्ट पर 11 जून से 13 जून तक 15 मामलों में 10.50 किलोग्राम सोने सहित पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया है। बरामद किए गए सोने की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 6.64 करोड़ रुपये आंकी गई है। इन मामलों की गहन छानबीन कस्टम विभाग की टीम कर रही है। कस्टम सूत्रों के अनुसार विभाग की ओर से नियमित विदेश से आए यात्रियों की छानबीन की जाती है। इसी मुहिम के तहत 11 से 13 जून तक कस्टम टीम ने 15 मामलों में 6.64 करोड़ रुपये मूल्य का 10.50 किलोग्राम सोना जब्त किया। कस्टम सूत्रों ने बताया कि इन मामलों में बरामद किया गया सोना आरोपितों द्वारा कई तरह से लाया गया था। जैसे मोम में सोने का चूर्ण, कच्चे आभूषण, सोने की छड़ें, ट्रॉली सूटकेस के पहियों के अंदर, शरीर पर और शरीर के अंदर आदि तरह से तस्करी का सोना छिपाकर लाया गया था।

# सरिस्का में अतिक्रमणों का मामला: कांग्रेस सरकार का भ्रष्टाचार आखिर क्यों दबा रही सरकार, किरोड़ी लाल मीणा की शिकायत डाली रद्दी में

एजेंसी

**जयपुर।** करप्शन पर जीरो टॉलरेंस की नीति सिर्फ दिखावा साबित हो रही है। क्योंकि राजस्थान की भजन लाल सरकार कांग्रेस काल के भ्रष्टाचार पर भी कार्रवाई करने से डर रही है। अलवर के सरिस्का बाघ अभ्यारण्य में वन अधिकारियों की मिलीभगत हुए अतिक्रमणों को लेकर कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा एवं वन विभाग वर्कचार्ज श्रमिक संघ की शिकायत और उस पर हुई जांच रिपोर्ट को भी ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है। जबकि जांच कमेटी ने कर रखी है सीबीआई और एंटी करप्शन ब्यूरो से जांच कराने की सिफारिश की है। रोचक बात यह है कि अब कैबिनेट मंत्री बनने के बाद किरोड़ी लाल मीणा खुद भी अपनी शिकायत पर चुप बैठ गए हैं। जांच रिपोर्ट एक साल से दबी पड़ी है।

दरअसल, सरिस्का वन्यजीव अभयारण्य क्षेत्र में वन विभाग के अफसरों ने ही अतिक्रमण करवाकर कई प्रभावशाली लोगों के होटल और फार्म हाउस तक बनवा गए। प्रभावशाली लोगों की पहुंच का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि कांग्रेस सरकार के समय जब तीन सदस्यीय जांच कमेटी ने इस प्रकरण की जांच करनी चाही तो 7 महीने तक तो कमेटी तथ्यात्मक रिपोर्ट और दस्तावेज ही उपलब्ध नहीं कराए गए।

यहां तक कि तत्कालीन बड़े अफसरों ने राजनीतिक दबाव में जांच कमेटी को भी बदलने का प्रयास किया ताकि पूरे मामले में लीपापोती की जा सके। वो तो भला हो जांच कमेटी के लोगों का जिन्होंने तुरंत मौका निरीक्षण, गूगल अर्थ की इमेज और अन्य तथ्यों के आधार पर अपनी जांच रिपोर्ट सरकार को सौंप दी। इस रिपोर्ट को दिए हुए भी एक साल से ज्यादा का समय हो गया है। लेकिन, कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

बता दें कि मौके पर पहुंचे जांच दल ने शिकायतों में अंकित तथ्यों को सही पाया। खास बात यह है कि इस मामले में पहली शिकायत ही कैबिनेट मंत्री किरोड़ीलाल मीणा ने की थी। लेकिन मंत्री बनने के बाद न केवल उनकी चुप्पी बल्कि भजन लाल सरकार की कार्य प्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं।

सूत्रों का कहना है कि अगर इस मामले में प्रभावी ढंग से कार्रवाई हुई तो न केवल प्रभावशाली लोगों के होटल और फार्महाउस टूटेंगे बल्कि मिलीभगत की वजह से कई उच्चाधिकारियों पर भी कार्रवाई हो सकती है। इस जांच रिपोर्ट में बताया गया है कि सरिस्का बाघ परियोजना में भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के जरिये बड़ा खेल हुआ है।

जांच कमेटी ने सिफारिश की है कि इस मामले में जो अपराधिक कृत्य हुआ है। इसके लिए दोषियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई के साथ-साथ सख्त आपराधिक कार्रवाई भी तत्काल की जानी चाहिए। क्योंकि अतिक्रमणों की वजह से सरिस्का क्षेत्र के वन्यजीवों के लिए संकट पैदा हो गया है। जांच रिपोर्ट में कहा गया है कि यहां हुए अतिक्रमण, अपराधिक कृत्यों व नियमों के उल्लंघन की वजह से वन्यजीव क्षेत्र में रहने वाले बाघों, वन्यजीवों, वनस्पतियों के प्राकृतिक आवास, सुरक्षा और अस्तित्व पर खतरा मंडरा रहा है।

यहां यह उल्लेखनीय है कि सरिस्का बाघ परियोजना क्षेत्र की प्रदेश में एक विशिष्ट पर्यटन स्थल के रूप में पहचान है। इसी बाघ परियोजना क्षेत्र में पूर्व में बाघों के पूरी तरह से विलुप्त होने की दुर्भाग्यपूर्ण घटना हो चुकी है। इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति ना हो इसके लिए हर स्तर पर प्रयास करना जरूरी है। क्योंकि एक बार पहले भी सरिस्का से बाघ गायब हो चुके हैं। तब बड़ा शोरशराबा हुआ था।

# ऑनलाइन डेटिंग कैसे रहें सुरक्षित



**अक्सर ही ऑनलाइन डेटिंग के जरिये पहले दोस्ती और फिर धोखे की खबरें भी सुर्खियां बनती हैं. इस क्षेत्र में सुरक्षित रहने के लिए कुछ बातों पर दें विशेष ध्यान**

अगर ऑनलाइन साथी की तलाश कर रहे हैं तो विभिन्न सर्च इंजन की सहायता लें. साथ ही, ऑनलाइन फ्रेंड से रीयल लाइफ में मिलने का निर्णय लेते हैं तो यह सुनिश्चित कर लें कि वह जगह पब्लिक प्लेस हो, अगर आप इंटरनेट के जरिए अपने प्यार की तलाश कर रहे हैं, तो कुछ बातों का ध्यान रखें...

क्या आप ऑनलाइन डेटिंग के बारे में सोच रहे हैं? अगर हां, तो जरा संभल के. इसमें थोड़ी सी लापरवाही आपके लिए खतरा भी बन सकती है.

ऑनलाइन डेटिंग मैगजीन के अनुसार, बीस प्रतिशत अमेरिकी ऐसे व्यक्ति के साथ डेटिंग पर बाहर जाते हैं जिनसे वे ऑनलाइन मिले होते हैं, जबकि हर साल ऑनलाइन मिलने वाले लोगों में से 2,80,000 लोग शादी कर लेते हैं.

हालांकि ये आंकड़े विदेश के हैं लेकिन हमारे देश में भी ऑनलाइन डेटिंग का क्रेज कम नहीं है. भले ही ऑनलाइन डेटिंग के जरिये मनचाहा साथी मिल जाता हो लेकिन इस आभासी दुनिया में छल करने वालों की भी कमी नहीं है.

## साइट्स की पहचान

कुछ साइट्स हैं जो यह निर्णय करती हैं कि आप किससे मिलें, जबकि कुछ साइट्स आपको आवश्यक डेट के बारे में सलाह देती हैं. सबसे जरूरी बात आप इन साइट्स की कीमत को जरूर जांच लें. छोटे और क्षेत्रीय साइट्स को भी नजरअंदाज न करें.

## ईमानदारी से बनायें प्रोफाइल

ऑनलाइन प्रोफाइल बनाते समय अपनी उम्र, बैकग्राउंड या आदतों के बारे में झूठे बयान देने से बचें. लेकिन अपने बारे में बहुत अधिक जानकारी देने से बचें, चाहे आप अगले व्यक्ति को पहचानते ही क्यों न हों. अच्छी लेकिन अप-टू-डेट फोटो पोस्ट करें, किसी भी तरह की अश्लीलता से बचें.

## थोड़ी बेईमानी की उम्मीद

विशेषज्ञ मानते हैं कि ऑनलाइन डेटिंग रिलेशन बनाने का बजाय एक तरह से विज्ञापन होता है. यह ऐसा विज्ञापन होता है जो अतिशयो क्तिपूर्ण कथन और झूठ से भरा होता है. दोस्ती करने वाला उनसे उम्मीद करता है कि अगला व्यक्ति अपनी बेस्ट फोटो अपलोड करेगा जबकि वह अपनी कम उम्र की फोटो के साथ ही अपने वजन का भी कई किलो छिपा जाता है.

## फ्रॉड से बचें

किसी भी नई तकनीक के समान ही ऑनलाइन डेटिंग के भी कुछ नकारात्मक पहलू हैं. इनमें से सबसे बड़ी बात फ्रॉड की है. बड़ी संख्या में अंतरराष्ट्रीय सहायता संघ भी वजूद में है जो ऑनलाइन डेटिंग साइट पर भी मौजूद हैं और अक्सर इस तरह के मैसेज भेज कर दावा करते हैं कि कुछ लोग हैं जो मुसीबत में हैं और उनके पास पैसे नहीं हैं. अगर कोई ऐसी बात करे, खासकर किसी दूसरे देश का व्यक्ति, तो तुरंत उससे नाता तोड़ लें.

## तहकीकात करें

परिवार या दोस्त कभी भी आपके संभावित ऑनलाइन डेटिंग की जांच नहीं कर सकते. इसलिए आपको थोड़ा सा जासूसी वाला काम भी करना पड़ेगा. जिससे ऑनलाइन मिले हैं और फिर उस व्यक्ति से वास्तव में मिलने जा रहे हैं तो उनके बारे में थोड़ी जांच-पड़ताल भी करें. इसके लिए मल्टीपल सर्च इंजन का सहारा लें. आपराधिक बैकग्राउंड की भी जांच करें. इस बात को सुनिश्चित कर लें कि उसके अनुसार जो वह है, वह सच है.

## सार्वजनिक स्थल पर मिलें

वास्तव में, ऑनलाइन फ्रेंड के साथ मिलने की स्थिति आने पर किसी सार्वजनिक स्थल पर भी मिलने का प्रयास करें. साथ ही, आप कहां जा रहे हैं और किससे मिलने जा रहे हैं और कब वापस आएंगे, अगर इसकी सूचना परिवार और मित्रों को देकर जाएंगे तो बेहतर होगा. अपना फोन हाथ में रखें. अगर डेट पर किसी भी तरह की असहजता महसूस करें तुरंत उस जगह को छोड़ दें.

# यूं सजाएं अपना आशियाना

**घर छोटा हो या बड़ा, चाहत सिर्फ इतनी रहती है कि अपना घर सबसे अलग और सुंदर नजर आए. सूझबूझ से आप भी घर को सुंदर बना सकती हैं.**



यदि आप घर को नेचुरल लुक से संवारना चाहती हैं तो उसके लिए फूलों का प्रयोग करें. फूल यदि प्राकृतिक ले सकें तो ठीक, वरना बाजार में मिलने वाले आर्टिफिशल फूलों का प्रयोग करें. कोशिश करें कि एक कमरे में एक से ज्यादा फूलदान ना हों. यदि रखने ही हों तो सबसे पहले सबसे छोटा और सबसे आखिरी में बड़े साइज वाला फूलदान रखें. घर सजाने के लिए कैंडल का प्रयोग भी कर सकती हैं.

## फूलों से सजाएं

कैंडल सजाते समय इस बात का ध्यान अवश्य रखें कि वे विषम संख्या में हों. ड्राइंग रूम बड़ा हो तो चारों कोनों में चार नहीं भी लगा सकें तो कम से कम दो कोनों में हैंगिंग लैंप लगाएं. हालांकि, ड्राइंग रूम में ट्यूब लाइट से परहेज करना बेहतर होता है. ड्राइंग रूम में अगर दो खिड़कियों के बीच लंबा गैप हो तो वहां लंबी तस्वीरों की जगह चौड़ी तस्वीरों का प्रयोग करें. ऐसा करने से कमरा खाली-खाली नहीं लगेगा.

## आकर्षक फर्नीचर

ड्राइंग रूम का फर्नीचर सदैव आकर्षक रखें. इसका डिजाइन परंपरागत हो या आधुनिक, लुभावना होना चाहिए. दीवार पर हाथ से सुंदर मोटिफ, बेल या फूल बनाएं. इस सजावट के बाद आपको वॉल पेपर की जरूरत नहीं पड़ेगी. इन दिनों बाजार में सोफा कवर के लिए फ्लोरल फैब्रिक का अधिक चलन है. यह घर को मॉडर्न लुक देता है. कर्लड ग्लासेस और स्टोन का प्रयोग भी कमरे की खूबसूरती बढ़ाने के लिए कर सकती हैं. जगह बचाने के लिए कम जगह घेरने वाले फर्नीचर का प्रयोग करें. इसके अलावा आप जैपनीज स्टाइल के बेड का इस्तेमाल भी कर सकती हैं.

## कुशंस से सजाकर नया लुक

अगर जगह कम हो तो ड्राइंग रूम में कॉम्पैक्ट स्टूल बेड या चेयर बेड का इस्तेमाल करें. इन दिनों सोफा कम बेड कई शेप में आ रहे हैं. अपने बजट और आवश्यकता के हिसाब से इनका चयन करें. साधारण सोफा सेट को कलरफुल कुशंस से सजाकर नया लुक दिया जा सकता है. मॉडर्न और ओल्ड वर्जन का फ्यूजन करने में संकोच न करें. इसके लिए पुराने जमाने के टेलीफोन या ग्रामोफोन भी सजावट के तौर पर इस्तेमाल कर सकती हैं. गिंग लाइट्स या फ्लोर स्टैंडिंग, स्टैंर्डड लैंप जैसी डेकोरेटिव लाइट्स के प्रयोग घर छोटा हो या बड़ा, चाहत सिर्फ इतनी रहती है कि अपना घर सबसे अलग और सुंदर नजर आए. सूझबूझ से आप भी घर को सुंदर बना सकती हैं. घर को स्टाइलिश लुक देने के लिए अपने बजट के अनुसार हल्की-फुल्की एक्से सरीज खरीदें, जैसे-ग्लास पीसेस, फ्लावर पॉट वगैरह. पर्दों के लिए सिल्क के कपड़ों में स्ट्राइप्ड या वर्टीकल स्ट्राइप डिजाइन किए गए फैब्रिक का प्रयोग बेहतर होगा. कमरे को बड़ा लुक देने के लिए छोटे पैटर्न और डिजाइन वाले कालीन का प्रयोग करें. घर के फर्नीचर से लेकर कमरे के साज-सामान तक के लिए गहरी लाइन वाले फैब्रिक चुनें. इस तरह थोड़ी-सी समझदारी और सूझबूझ से आप कम बजट में भी घर को नया और आधुनिक रूप दे सकती हैं.

# बढ़ती उम्र की महिलाओं का हेल्दी डाइट



**हॉट फ्लैश मीनोपॉज का संकेत देने वाला मुख्य लक्षण है. इसे हेल्दी डाइट के जरिये नियंत्रित भी किया जा सकता है.**

आमतौर पर मीनोपॉज से पूर्व महिलाएं हॉट फ्लैश का सामना करती हैं, जो सामान्य बात है. डॉक्टरों के अनुसार, हॉट फ्लैश मीनोपॉज का संकेत देने वाला मुख्य लक्षण है. मीनोपॉज से पहले हॉट फ्लैश का अनुभव करना इसलिए भी बहुत सामान्य बात है क्योंकि इस दौरान शरीर का हार्मोनल स्तर फ्लक्चुऐट यानी ऊपर-नीचे होता रहता है.

अक्सर यही फ्लक्चुएशन हॉट फ्लैशेज का कारण बनता है. हॉट फ्लैशेज में अचानक ही कुछ सेकेंड्स के लिए बहुत तेज गर्मी का अहसास होता है. हालांकि यह सच है कि मीनोपॉज के निकट पहुंच चुकी महिलाओं के लिए हॉट फ्लैशेज सामान्य बात है लेकिन इसे हेल्दी डाइट के जरिये नियंत्रित भी किया जा सकता है. कुछ प्राकृतिक खाद्य पदार्थ हैं जिनसे हॉट फ्लैश की गर्मी से काफी हद तक बच सकती हैं.

## हाई फाइबर फूड्स की जरूरत

रेशों से भरपूर खाद्य पदार्थ हॉट फ्लैशेज से बचने का बेहतर उपाय है कि आप अपनी डाइट में हाई फाइबर फूड्स को शामिल करें. ऐसा इसलिए क्योंकि शरीर के ब्लड शुगर को मेंटेन रखने के लिए रेशों से भरपूर खाद्य पदार्थ उपयोगी होते हैं. इसलिए यह हॉट फ्लैशेज को कम करने में सहायक होता है. हाई फाइबर खाद्य पदार्थों में साबुत अनाज, ब्रोकली, सेब, अमरूद, गाजर आदि शामिल होते हैं. फलियों में आप बीन्स, मसूर और मटर को चुन सकती है. रेशेदार भोजन न केवल हॉट फ्लैशेज की समस्या को कम करता है बल्कि इस तरह का भोजन वजन को नियंत्रित रखने के साथ ही पाचन क्रिया को भी मजबूत बनाता है.

## फ्लैक्सीड (अलसी के बीज)

हॉट फ्लैशेज से बचने के लिए फ्लैक्सीड के साथ ही फ्लैक्सीड ऑयल को भोजन में शामिल करना बेहतर होगा. फ्लैक्सीड में महत्वपूर्ण तत्व जै से आइसो फ्लेवोनेस, फाइडोएस्ट्रोजेन्स आदि पाये जाते हैं जो महिलाओं के हार्मोन्स के फ्लक्चुएशन को रिस्टोर करते हैं जिससे यह हॉट फ्लैशेज और दूसरी समस्याओं के होने की संभावना को कम करता है.

फ्लैक्सीड से कई अन्य फायदे भी होते हैं जैसे इसके सेवन से वजन कम होता है. साथ ही, यह हृदय रोग और कैंसर होने से बचाता है. इसके बेहतर परिणाम के लिए इस सुपर फूड का 2/3 कप अपनी डाइट प्लान में शामिल करें. हालांकि सुरक्षित रहने के लिए इस खाद्य पदार्थ को अपने भोजन में शामिल करने से पहले डॉक्टर से सलाह भी ले सकती हैं.

## सोयाबीन

मीनोपॉज की उम्र में पहुंच चुकी महिलाओं को अपने भोजन में सोया शामिल करना बहुत जरूरी है. ऐसा इसलिए क्योंकि सोया में ऐसा तत्व पाया जाता है जो एस्ट्रोजन हार्मोन सरीखा काम करता है.

सोया खाने से आप हॉट फ्लैशेज और मीनोपॉज से जुड़ी अन्य समस्याओं से राहत पा सकती हैं. विशेषज्ञों के अनुसार, यदि प्रतिदिन के भोजन में 25 ग्राम सोया से भरपूर आहार शामिल किया जाए तो मीनोपॉजल लक्षण को कम किया जा सकता है. खासतौर से, हॉट फ्लैशेज तो तीस प्रतिशत तक कम हो सकता है.

## मछली/मीट/अंडे

जीवन के इस दौर में प्रोटीन से भरपूर खाद्य पदार्थ जैसे मछली, अंडे या मीट से भरपूर डाइट हार्मोन्स का संतुलन बनाए रखने में अत्यधिक मददगार साबित होते हैं. अगर आप वेजीटेरियन हैं तो प्लांट बेस्ड प्रोटीन से भरपूर खाद्य पदार्थों का सेवन कर सकती हैं. इनमें मेवे, दही और फलियां शामिल हैं.

## सुमित नागल का शानदार प्रदर्शन जारी, पेरूगिया चैलेंजर के सेमीफाइनल में पहुंचे



एजेंसी
**नई दिल्ली।** भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने अपनी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए पेरूगिया चैलेंजर टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। छठे वरीय नागल ने क्वार्टर फाइनल में गैर वरीयता प्राप्त पोलैंड के माक्स कसनिकोवस्की पर सीधे सेट में 6-4, 7-5 से जीत हासिल की। शनिवार को सेमीफाइनल में नागल का सामना स्पेन के गैर वरीय बर्नाबे जापाटा मिरालेस और दूसरे वरीय सर्बिया के लास्लो जेरे के बीच होने वाले क्वार्टरफाइनल के विजेता से होगा। यह नागल की जर्मनी में हीलब्रोन चैलेंजर के शुरू होने के बाद लगातार आठवीं जीत है। नागल ने इससे पहले शुरुआती दौर में बोस्निया हर्जेगोविना के गैर वरीय नर्मन फाटिक पर और फिर प्री क्वार्टर फाइनल में इटली के गैर वरीय एलेसांद्रो जियानेसी पर जीत दर्ज की थी। पिछले हफ्ते नागल ने हीलब्रोन चैलेंजर खिताब जीता था जो उनकी इस सत्र में दूसरी चैलेंजर ट्राफी थी। उन्होंने फरवरी में चेन्नई चैलेंजर में फतह हासिल की थी। एटीपी सिंगल्स रैंकिंग में नागल अभी 77वें स्थान पर है जिससे उनका अगले महीने होने वाले पेरिस ओलंपिक में स्थान सुनिश्चित हुआ।

## एचएस प्रणय को मिली हार, टूर्नामेंट में समाप्त हुई भारतीय चुनौती, इस खिलाड़ी ने दी शिकस्त

**नई दिल्ली।** भारत के शीर्ष रैंकिंग के सिंग्लस खिलाड़ी एचएस प्रणय की हार के साथ ही ऑस्ट्रेलियन ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती समाप्त हो गई है। प्रणय को अपने से ऊंची रैंकिंग के जापान के कोडाई नाराओका से 19-21, 13-21 से हार मिली। भारत का कोई भी खिलाड़ी इस सुपर 500 टूर्नामेंट में क्वार्टर फाइनल से आगे बढ़ने में सफल नहीं रहा। विश्व रैंकिंग में 10वें स्थान पर काबिज प्रणय की हार से पहले पुरुष सिंगल्स वर्ग में समीर वर्मा और महिला सिंगल्स में आकर्षि कश्यप के अलावा सिक्की रेड्डी एवं बी सुमित रेड्डी की मिक्स्ड जोड़ी को अंतिम आठ में हार का सामना करना पड़ा।

**लय बरकरार नहीं रख सके प्रणय**

प्रणय ने शुरुआती गेम में 10-16 से पिछड़ने के बाद अच्छी वापसी करते हुए स्कोर को 18-18 किया, लेकिन इसके बाद लय बरकरार नहीं रख सके। नाराओका ने दूसरे गेम में 5-5 की बराबरी के बाद अपना दबदबा बनाना शुरू किया और फिर भारतीय खिलाड़ी को वापसी का कोई मौका नहीं दिया। विश्व रैंकिंग के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी लोह किन यू को हराकर उलटफेर करने वाले समीर चीनी ताइपे के लिन चुन यी के खिलाफ दमखम नहीं दिखा सके। रैंकिंग में 17वें स्थान पर काबिज खिलाड़ी ने उन्हें महज 38 मिनट में 21-12, 21-13 से हराया।

## मेजबान जर्मनी ने स्कॉटलैंड को 5-1 से हराकर शानदार शुरुआत की

**म्यूनिख।** फ्लोरियन विर्ट्ज़ और जमाल मुसियाला के पहले हाफ में किए गए गोल की मदद से जीत का मंच तैयार करने वाले मेजबान जर्मनी ने 10 खिलाड़ियों के साथ खेल रहे स्कॉटलैंड को 5-1 से करारी शिकस्त देकर यूरोपीय फुटबाल चैंपियनशिप (यूरो 2024) में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। विर्ट्ज़ ने दसवें मिनट में जर्मनी के लिए पहला गोल किया जबकि मुसियाला ने 19वें मिनट में उसकी बढ़त दोगुनी कर दी। काई हैवर्ट ने पहले हाफ के इंजरी टाइम में पेनल्टी को गोल में बदलकर मध्यांतर तक जर्मनी को 3-0 से आगे कर दिया। जर्मनी को डिफेंडर रयान पोर्टियस की गलती के कारण यह पेनल्टी मिली थी, जिन्हें रेफरी ने लाल कार्ड दिखाकर बाहर कर दिया था। इस कारण स्कॉटलैंड को दूसरे हाफ में 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा था। मध्यांतर के बाद सब्सटीट्यूट निकोलस फुलक्रग ने 68वें मिनट और एमरे कैन ने इंजरी टाइम में गोल करके जर्मनी की बड़ी जीत सुनिश्चित की। स्कॉटलैंड एंटोनियो रोडिगर के 87वें मिनट में किए गए आत्मघाती गोल से खाता खोल पाया। जर्मनी के कप्तान इल्के गुंडोगन ने मैच के बाद कहा,''हम वास्तव में इसी तरह की शुरुआत चाहते थे। मैं मैच से पहले भी जीत के प्रति अश्वस्त था। हमें दर्शकों का भरपूर समर्थन मिल रहा था और हमने वैसा प्रदर्शन किया जैसा हम चाहते थे।

## आज से यूरो कप का आगाज

**नई दिल्ली।** फुटबॉल टूर्नामेंट का आगाज होने जा रहा है। फुटबॉल के मिनी वर्ल्ड कप के नाम से मशहूर ये टूर्नामेंट पूरे एक महीने तक चलेगा। ग्रुप स्टेज के मैच 26 जून तक खेले जाएंगे, वहीं नॉकआउट चरण 29 जून से शुरू होगा। मेजबान देश के रूप में जर्मनी को ग्रुप ए में जगह दी गई है। मेजबानी जर्मनी म्यूनिख फुटबॉल एरिना में स्कॉटलैंड के खिलाफ उद्घाटन मैच खेलेगा। इस टूर्नामेंट में 24 टीमें हिस्सा ले रही हैं। जिन्हें चार-चार टीमों के 6 ग्रुपों में बांटा गया है। वहीं हर ग्रुप से टॉप दो टीमें राउंड ऑफ 16 में पहुंचेंगी। इसके अलावा तीसरे स्थान पर रहने वाली चार सर्वश्रेष्ठ टीमें भी राउंड ऑफ 16 के लिए क्वालीफाई करेंगी। यूरो कप 2014 के पहले दौर में टीमें अपने ग्रुप में बाकी टीमों के साथ एक-एक मैच खेलेंगी। राउंड ऑफ 16 से नॉकआउट स्टेज की शुरुआत होगी। यानी हारने वाली टीम का सफर वहीं खत्म हो जाएगा।

# मैनचेस्टर यूनाइटेड कैरिंगटन ट्रेनिंग कॉम्प्लेक्स के आधुनिकीकरण के लिए 50 मिलियन पाउंड का करेगा निवेश

एजेंसी
**मैनचेस्टर।** मैनचेस्टर यूनाइटेड अगले सप्ताह कैरिंगटन ट्रेनिंग कॉम्प्लेक्स में पुरुषों की पहली टीम बिल्डिंग के आधुनिकीकरण का काम शुरू करेगा, जिसमें खिलाड़ियों और कर्मचारियों के लिए उच्च प्रदर्शन वाला सहयोगात्मक वातावरण बनाने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

50 मिलियन पाउंड की इस परियोजना के परिणामस्वरूप इमारत के सभी क्षेत्रों का नवीनीकरण किया जाएगा ताकि भविष्य की सफलता का समर्थन करने के लिए सकारात्मक संस्कृति के साथ विश्व स्तरीय फुटबॉल सुविधा प्रदान की जा सके। मैनचेस्टर यूनाइटेड के सह-मालिक सर जिम रैटक्लिफ ने एक आधिकारिक बयान में कहा, हम अपनी टीमों की जीत के लिए विश्व स्तरीय वातावरण बनाना चाहते हैं।



जब हमने कैरिंगटन प्रशिक्षण सुविधाओं की गहन समीक्षा की और अपने पुरुषों की पहली टीम के खिलाड़ियों से मिले, तो यह स्पष्ट था कि मानक हमारे कुछ साथियों से नीचे गिर गए थे। यह परियोजना सुनिश्चित करेगी कि मैनचेस्टर यूनाइटेड के प्रशिक्षण मैदान को एक बार फिर उच्चतम मानकों के अनुसार पुनर्निर्मित किया जाए।

मैनचेस्टर में जन्मे लॉर्ड नॉर्मन फोस्टर के नेतृत्व में आर्किटेक्चरल प्रैक्टिस फोस्टर पार्टनर्स को इस परियोजना का नेतृत्व करने के लिए नियुक्त किया गया है। फोस्टर पार्टनर्स के पास अग्रणी फुटबॉल स्टेडियम और एरेना डिजाइन करने का एक समृद्ध इतिहास है। यह प्रैक्टिस वेम्बली स्टेडियम के नए स्वरूप और कतर में लुसैल स्टेडियम के डिजाइन के लिए जिम्मेदार थी - जो 2022 फीफा विश्व कप का केंद्रबिंदु है। नवीनीकरण का काम सोमवार को शुरू होगा,जिसके 2024/25 सीज़न की अवधि तक चलने की उम्मीद है। शुरुआती फ़ोकस जिम, मेडिकल, पोषण और रिकवरी क्षेत्रों पर होगा, जिसमें खिलाड़ियों और कर्मचारियों के बीच सहयोग और नवाचार के लिए अधिक स्थान बनाने पर डिज़ाइन पर जोर दिया जाएगा।

कैरिंगटन साइट के बाकी हिस्सों में अस्थायी अनुकूलन किए जाएंगे ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि हमारी सभी टीमों के खिलाड़ी और कर्मचारी अगले सत्र में सफलतापूर्वक काम करना जारी रख सकें। कैरिंगटन में विकास का यह नवीनतम चरण पिछली गर्मियों में ‌10 मिलियन की अत्याधुनिक महिला और अकादमी भवन के उद्घाटन के बाद हुआ है, जिसका अर्थ है कि पिछले दो वर्षों में हमारे पूरे फुटबॉल विभाग के लिए वास्तव में एकीकृत सुविधा बनाने में ‌60 मिलियन से अधिक का निवेश किया गया होगा।

## अंताल्या में पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल करने उतरेगी भारतीय तीरंदाजी टीम



**नई दिल्ली।** तीन बार की ओलंपियन दीपिका कुमारी की अगुवाई में भारतीय तीरंदाजी टीम तुर्की के अंताल्या में शुरू होने वाले आखिरी क्वालीफायर टूर्नामेंट में पेरिस ओलंपिक कोटा के लिए प्रतिस्पर्धा करेगी। अंतिम विश्व ओलंपिक तीरंदाजी क्वालीफायर में महिला टीमों के लिए कुल चार कोटा, रिकर्व पुरुष टीमों के लिए तीन और प्रति लिंग (जेंडर) के लिए दो व्यक्तिगत कोटा की स्पर्धा होगी। प्रत्येक देश हालांकि इस आयोजन में केवल एक टीम या एक व्यक्तिगत कोटा सुरक्षित कर सकता है।

# ऑस्ट्रेलियन ओपन बैडमिंटनः आकर्षि कश्यप क्वार्टर फाइनल में हारकर बाहर

एजेंसी
**सिडनी।** भारतीय शटलर आकर्षि कश्यप क्वार्टर फाइनल में हार के बाद चल रहे ऑस्ट्रेलियन ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट 2024 से बाहर हो गईं। महिला एकल वर्ग में, कश्यप को 42 मिनट तक चले मैच में ताइवान की शटलर पाई यू-पो के खिलाफ 21-17, 21-12 से हार का सामना करना पड़ा। पिछले दौर में आकर्षि कश्यप ने ऑस्ट्रेलिया की काई क्यू तेओह को 21-16, 21-13 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई थी।

वहीं, अन्य भारतीय मालविका बंसोड़ और अनुपमा उपाध्याय भी दूसरे दौर में बाहर हो गईं। मालविका इंडोनेशिया की सातवीं वरीयता प्राप्त एस्टर नूरुमी त्रि वार्डोयो से 21-17, 23-21 से हार गईं और अनुपमा इंडोनेशिया की छठी वरीयता प्राप्त पुत्रि कुसुमा वर्दानी से 21-11, 21-18 से हार गईं। इस बीच, मिश्रित युगल में सुमित रेड्डी और सिक्की रेड्डी क्वार्टर फाइनल में जेन बैंग जियांग और या शिन वेई की चीनी जोड़ी से 21-12, 21-14 से हार गए। यह मैच 31 मिनट तक चला।




अपने पिछले राउंड में, बी सुमीत रेड्डी और एन सिक्की रेड्डी ने काई चेन तेओह और काई क्यूई तेओह की ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी के खिलाफ़ जीत हासिल की और क्वार्टर फाइनल राउंड में प्रवेश किया।

# बारिश ने पाकिस्तान की उम्मीदों पर फेरा पानी; अमेरिका सुपर 8 में

एजेंसी
**फ्लोरिडा।** अमेरिका और आयरलैंड के बीच फ्लोरिडा में खेला जाना वाला मुकाबला बारिश की भेंट चढ़ गया। इस मैच में टॉस भी नहीं हो सका और तमाम कोशिशों के बावजूद मैच को रद्द करने का फैसला किया गया। अमेरिका को मैच रद्द होने से जहां फायदा हुआ और ग्रुप-ए से भारत के बाद वह सुपर आठ में जगह बनाने वाली दूसरी टीम बन गई। अमेरिका की टीम पहली बार इस टूर्नामेंट में खेलने उतरी थी और उसने इतिहास रच दिया। वहीं, इसका सबसे ज्यादा प्रभाव 2009 की चैंपियन टीम पाकिस्तान पर पड़ा जिसका सफर ग्रुप चरण में ही थम गया।

**मैच में टॉस भी नहीं हो सका**

अमेरिका और आयरलैंड के बीच में बारिश का पूर्वानुमान था क्योंकि फ्लोरिडा में कुछ दिनों से लगातार बारिश हो रही थी। हालांकि, मैच के समय बारिश नहीं हुई, लेकिन मैदान गीला होने के कारण टॉस में देरी हुई। मैदानकर्मियों ने मैदान को सुखाने की भरपूर कोशिश की और वे इसमें काफी हद तक सफल भी हुए। अंपायर ने जब पहले निरीक्षण किया तो मैदान काफी गीला था। इसके एक घंटे बाद दोनों अंपायर फिर मैदान पर उतरे, लेकिन मैच शुरू करने को लेकर कोई निर्णय नहीं हो सका। तीसरी बार जब अंपायर निरीक्षण करने आए तो मैदान काफी हद तक सूख गया था, लेकिन 30 यार्ड सर्किल के पास कुछ गीलापन था जिस कारण अंपायरों ने 40 मिनट का समय और लेना सही समझा। चौथी बार अंपायरों के साथ मैच रेफरी जवागल श्रीनाथ भी निरीक्षण के लिए पहुंचे। निरीक्षण के दौरान ही हालांकि मैच में एक बार फिर बारिश का साया पड़ा और मैदान के चारों और काले बादल छा गए जिसके बाद मैदान को कवर्स से ढक दिया गया। इसके कुछ देर बाद तेज बारिश शुरू होने लगी और पांच-पांच ओवर का मैच होने की उम्मीद भी धूमिल हो गई। अंत में मैच को रद्द करने का फैसला किया गया।

**पाकिस्तान से आगे रहा अमेरिका**

ग्रुप-ए में भारत तीन मैचों में तीन मैच जीतकर छह अंक लेकर शीर्ष पर बना हुआ है, जबकि अमेरिका के पांच अंक हैं और वह दूसरे स्थान पर मौजूद है। पाकिस्तान की टीम तीन मैचों में एक जीत और दो हार के साथ दो अंक लेकर तीसरे स्थान पर है और अगर वह अपना अंतिम ग्रुप मैच जीत भी लेती है तो उसके चार अंक ही होंगे। आयरलैंड तीन मैचों में दो हार के साथ सबसे नीचे स्थान पर है और उसका सफर भी अब समाप्त हो गया है।

# हॉकी इंडिया लीग 2024–2025 के लिए खिलाड़ियों का पंजीकरण शुरू

एजेंसी
**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया लीग (एचआईलीग) 8 साल के लंबे अंतराल के बाद इस साल के अंत में वापसी करने के लिए तैयार है। हॉकी इंडिया लीग 2024-2025 संस्करण में 8 पुरुष और 6 महिला टीमें शामिल होंगी और खिलाड़ियों का पंजीकरण 30 जून, 2024 तक खुला रहेगा। हॉकी इंडिया ने मीडिया विज्ञप्ति के माध्यम से कहा कि खेल के इतिहास में यह पहली बार है कि पुरुषों के साथ महिला एचआईएल भी एक साथ आयोजित की जाएगी।

इसके अतिरिक्त, हॉकी इंडिया ने शीर्ष 15 हॉकी खेलने वाले देशों के खिलाड़ियों को आगामी सत्र के लिए अपने खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ को पंजीकृत करने के लिए आमंत्रित किया है, जो एफआईएच द्वारा स्वीकृत विंडो में दिसंबर 2024 के अंतिम सप्ताह से फरवरी 2025




के पहले सप्ताह तक आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर हॉकी इंडिया के अध्यक्ष डॉ. दिलीप तिर्की ने कहा, हम हॉकी इंडिया लीग 2024-2025 संस्करण के लिए खिलाड़ियों का पंजीकरण शुरू करने पर बहुत खुश हैं। यह कदम दर्शाता है कि हम एचआईएल को फिर से शुरू करने के करीब हैं, एक ऐसी लीग जिसे दुनिया भर के हॉकी खिलाड़ी और प्रशंसक पसंद करते थे। हमें पूरा विश्वास है कि उभरते भारतीय हॉकी खिलाड़ी दुनिया के कुछ बेहतरीन खिलाड़ियों के साथ और उनके खिलाफ खेलने का मौका ज़रूर पाएँगे।

हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने कहा, एचआईएल ने भारतीय हॉकी टीमों के पुनरुत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और यह बहुत खुशी और गर्व की बात है कि हम इसे फिर से शुरू करने के कगार पर हैं। यह लीग युवा खिलाड़ियों के स्तर को बेहतर बनाने और पूरे देश में हॉकी की संस्कृति को बढ़ावा देने में मदद करेगी। हम भारत और विदेशों से ढेर सारे आवेदन प्राप्त करने की उम्मीद कर रहे हैं।

## न्यूजीलैंड के स्टार गेंदबाज टिम साउदी पर लगा जुर्माना

एजेंसी
**नई दिल्ली।** मैच के दौरान कीवी टीम के घातक गेंदबाज टिम साउदी से एक ऐसी गलती हुई थी जिसकी सजा उन्हें अब मिली है।

**क्या है मामला?**

दरअसल, न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज टिम साउदी को आईसीसी आचार संहिता के लेवल एक का उल्लंघन करने के लिए फटकार लगाई गई है। वेस्टइंडीज के खिलाफ 18वें ओवर में आउट होने के बाद ड्रेसिंग रूम में वापस जाते समय उन्होंने गुस्से में हैंड सैनिटाइजर डिस्पेंसर तोड़ दिया था। अब उन्हें इसके लिए आईसीसी ने सजा सुनाई है।

**अंपायर्स की शिकायत पर हुई कार्रवाई**

आईसीसी की प्रेस रिलीज में कहा गया, टिम साउदी को खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहायक कर्मियों के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.2 का उल्लंघन करते हुए पाया गया। यह अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान क्रिकेट उपकरण या कपड़ों, ग्राउंड उपकरण या फिक्स्चर




और फिटिंग के दुरुपयोग से संबंधित है। साउदी पर मैदानी अंपायर अहसान रजा और एलेक्स व्हार्फ, तीसरे अंपायर रिचर्ड इलिंगवर्थ और चौथे अंपायर माइकल गॉफ ने आरोप लगाए थे जिस पर आईसीसी ने कार्रवाई की। अब साउदी के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया है।

## द. अफ्रीका की विश्व कप में चौथी जीत, नेपाल को एक रन से हराया, सुपर-8 की दौड़ से बाहर हुई टीम

एजेंसी
**सेंट विंसेंट।** रोमांचक मैच में दक्षिण अफ्रीका ने नेपाल को एक रन से हरा दिया। सेंट विंसेंट के ऑर्नोस वेल ग्राउंड में टी20 विश्व कप 2024 का 31वां मुकाबला खेला गया। इस मैच में दक्षिण अफ्रीका ने नेपाल को हराकर टी20 विश्व कप 2024 में लगातार चौथी जीत दर्ज की। वहीं, नेपाल की टीम इस शिकस्त के साथ सुपर-8 की दौड़ से लगभग बाहर हो गई है।

मौजूदा टूर्नामेंट का 31वां मैच शनिवार को ग्रुप डी की दक्षिण अफ्रीका और नेपाल की टीमों के बीच खेला गया। इस मैच में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी अफ्रीकी टीम ने रीजा हेंड्रिक्स की 43 रनों की पारी की बदौलत 20 ओवर में सात विकेट पर 115 रन बनाए। जवाब में नेपाल 20 ओवर में सात विकेट पर 114 रन ही बना सकी।

**ग्रुप डी की अंक तालिका का हाल**

अंक तालिका में द. अफ्रीका शीर्ष पर है। उनके खाते में आठ अंक हो गए हैं और उनका नेट रनरेट +0.470 है। उन्हें अब तक अपने चारों मैचों में जीत मिली है। वहीं, नेपाल तीन मैचों में एक भी जीत हासिल नहीं कर पाई। इसी के साथ वह चौथे पायदान पर है। इस टीम के खाते में सिर्फ एक अंक है। नेपाल का सुपर-8 में पहुंचना अब मुश्किल है। उन्हें अपना अगला मैच बांग्लादेश के खिलाफ खेलना है। अगर नेपाल यह मैच जीत भी जाती है तो उनके खाते में सिर्फ तीन ही अंक हो पाएंगे। बांग्लादेश की टीम फिलहाल अंक तालिका में चार अंकों के साथ दूसरे पायदान पर है।

**नेपाल की पारी**

नेपाल की टीम ने इस मैच में शानदार बल्लेबाजी की। हालांकि, वह




जीत दर्ज नहीं कर सके। लक्ष्य का पीछा करने उतरी टीम के लिए तबरेज शम्सी काल साबित हुए। उन्होंने टीम को पहला झटका 35 रन के स्कोर पर दिया। कुशल भर्तेल सिर्फ 13 रन बना सके। वहीं तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए कप्तान रोहित पॉडेल बिना खाता खोले पवेलियन लौट गए। उन्हें भी शम्सी ने ही अपना शिकार बनाया। इस मैच में आसिफ शेख ने 42, अनिल शाह ने 27, दिपेंद्र सिंह एरी ने छह, कुशल मल्ला ने एक, गुलशन झा ने छह और सोमपाल कमी (नाबाद) ने आठ रन बनाए। दक्षिण अफ्रीका के लिए इस मैच में तबरेज शम्सी ने चार विकेट लिए। वहीं, एनरिक नॉर्त्जे और एडेन मार्करम को एक-एक सफलता मिली।

**दक्षिण अफ्रीका की पारी**

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत अच्छी हुई। रीजा हेंड्रिक्स और क्विंटन डिकॉक के बीच पहले विकेट के लिए 22 रनों की साझेदारी हुई जिसे नेपाल के दिपेंद्र सिंह ने तोड़ा। उन्होंने डिकॉक को आउट किया। वह 10 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इसके बाद एडेन मार्करम के रूप में टीम को दूसरा झटका लगा जो सिर्फ 15 रन बना सके। इस मैच में रीजा हेंड्रिक्स ने 43, हेनरिक क्लासेन ने तीन, डेविड मिलर ने सात, मार्को जानसन ने एक, कागिसो रबाडा ने शून्य रन बनाए। वहीं, ट्रिस्टन स्टब्स 27 रन बनाकर नाबाद रहे। नेपाल के लिए कुशल भुर्तेल ने चार और दिपेंद्र सिंह एरी ने तीन विकेट चटकाए।

## न्यूजीलैंड ने जीत के साथ बदला अंक तालिका का समीकरण, युगांडा को नौ विकेट हराया

एजेंसी
**न्यूयार्क।** न्यूजीलैंड ने युगांडा के खिलाफ शनिवार को खेला गया मुकाबला 88 गेंदों के शेष रहते हुए नौ विकेट से जीत लिया। इसी के साथ टीम ग्रुप सी की अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गई है। उनके खाते में दो अंक हैं। अब उन्हें अपना अगला मैच पापुआ न्यू गिनी के खिलाफ 17 जून को खेलना है। वहीं, युगांडा दो अंकों के साथ चौथे पायदान पर पहुंच गई है। अफगानिस्तान और वेस्टइंडीज छह-छह अंकों के साथ शीर्ष पर बने हुए हैं। युगांडा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 18.4 ओवर में 10 विकेट पर 40 रन बनाए। जवाब में कीवी टीम ने 5.2 ओवर में एक विकेट पर 41 रन बनाए और नौ विकेट से मैच जीत लिया।

टी20 विश्व कप 2024 के 32वें मैच में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी युगांडा की टीम को कीवियों के खिलाफ संघर्ष करते देखा गया। उनका सिर्फ एक बल्लेबाज 10 से ज्यादा रन बना सका जबकि 10 बल्लेबाज दोहरे अंक का निजी स्कोर नहीं बना सके। इस मुकाबले में नेपाल के चार बल्लेबाज शून्य पर आउट हुए। न्यूजीलैंड के खिलाफ रौनक पटेल ने दो, साइमन सेसाजी ने शून्य, रॉबिनसन




ओबुया ने शून्य, अल्पेश रामजनी ने शून्य, केनेथ बेसवा ने 11, रिआजत अली शाह ने दो, फ्रेड एचलेम ने नौ, जुमा मियागी ने शून्य, कॉसमस क्येटा ने एक और ब्रायन मसाबा (नाबाद ने तीन रन बनाए। न्यूजीलैंड के लिए टिम साउदी ने तीन विकेट चटकाए जबकि बोल्ट और रचिन रवींद्र को दो सफलता मिलीं। वहीं, लॉकी फर्ग्यूसन एक विकेट ने एक विकेट अपने नाम किया।

**5.2 ओवर में हासिल किया लक्ष्यः** 5.2 ओवर में न्यूजीलैंड ने 40 रनों के छोटे लक्ष्य को हासिल कर लिया। फिन एलन और डेवोन कॉनवे ने दमदार शुरुआत की। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 24 रनों की साझेदारी हुई। एलन को रिआजत अली शाह ने एचलेम के हाथों कैच कराया। वह नौ रन बनाकर लौटे। इसके बाद मोर्चा रचिन रवींद्र और डेवोन कॉनवे ने संभाला। दोनों बल्लेबाज इस मैच में नाबाद रहे। सलामी बल्लेबाज ने 22 रन बनाए जबकि तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे रचिन ने एक रन बनाया।

## ‘उसे समय देना होगा’, मुख्य कोच पद के लिए कुंबले ने किया गंभीर का समर्थन

एजेंसी
**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय कप्तान अनिल कुंबले ने गौतम गंभीर का समर्थन करते हुए कहा कि केकेआर के मेंटर राहुल द्रविड़ की जगह लेने



और भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच के रूप में सफलता पाने में निश्चित रूप से सक्षम हैं। दरअसल, बीसीसीआई ने टी20 विश्व कप 2024 के साथ राहुल द्रविड़ का कार्यकाल समाप्त हो जाएगा। बीसीसीआई ने भी टूर्नामेंट की शुरुआत से पहले ही नए कोच की तलाश शुरू कर दी थी। इसको लेकर आवेदन मंगाए थे जिसकी अंतिम तारीख 27 मई तय की गई थी।

टीम इंडिया के अगले मुख्य कोच के लिए गंभीर का नाम सबसे आगे चल रहा है। हालांकि, अब तक इसका पता चला नहीं सका कि उन्होंने इस पद के लिए आवेदन किया है या नहीं। इस बीच कुंबले ने पूर्व सलामी बल्लेबाज का समर्थन करते हुए बीसीसीआई से उन्हें समय देने की मांग की है।

**पूर्व कप्तान ने किया गंभीर का समर्थन**

कुंबले ने कहा, ‘आपको समय देना होगा। वह निश्चित रूप से सक्षम है। हमने गंभीर को टीमों को संभालते देखा है। वह भारत का, फ्रेंचाइजी का कप्तान रहा है। उसके पास ऐसा करने के लिए सभी योग्यताएं हैं। लेकिन भारतीय टीम की कोचिंग करना थोड़ा अलग है। आपको उसे जमने के लिए समय देना होगा। जैसा कि मैंने कहा, यदि वह यह पद लेता है, तो उसे न केवल वर्तमान टीम को देखना होगा, बल्कि भारतीय क्रिकेट के भविष्य को भी देखना होगा।’

# ओलंपिक तैयारियों के लिए राफेल नडाल विंबलडन से हटे

एजेंसी
**मैड्रिड।** स्पेनिश टेनिस स्टार राफेल नडाल पेरिस ओलंपिक 2024 की तैयारी के कारण वह विंबलडन टूर्नामेंट में नहीं खेलेंगे। राफेल नडाल ने गुरुवार को आगामी विंबलडन 2024 से हटने के अपने फैसले की आधिकारिक पुष्टि करते हुए कहा कि यह उनका आखिरी ओलंपिक होगा। उन्होंने कहा कि वह आल इंग्लैंड क्लब के लिए घास के कोर्ट पर खेलने और फिर क्ले कोर्ट पर वापस आने की बजाय सिर्फ क्ले



कोर्ट पर ही खेलना चाहते हैं। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर कहा, ‘पेरिस ओलंपिक मेरा आखिरी ओलंपिक होगा। मेरा मानना है कि मेरे शरीर के लिए सबसे अच्छा यही है कि मैं सतह न बदलूं और तब तक क्ले पर खेलता रहूं।

# किया‌रा आडवाणी

## ने इंडस्ट्री में पूरा किया 10 साल शानदार सफर, बोलीं- सेलिब्रेशन तो बनता है...



10 साल पहले फिल्म फुगली को रिलीज किया गया था। इस मूवी को अक्षय कुमार और सलमान खान के टाइटल सॉन्ग और बॉक्सर विजेंद्र सिंह के लिए याद किया जाता है। लेकिन इस मूवी के जरिए एक्ट्रेस कियारा आडवाणी ने भी एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा था।

डेब्यू फिल्म फुगली में अपनी शानदार अदाकारी से हर किसी का दिल जीतने वालीं कियारा ने अब इंडस्ट्री में 10 साल का सफर तय कर लिया है। इस खास का मौके का जश्न कियारा आडवाणी ने फैंस के साथ मनाया है और लेटेस्ट तस्वीरों को सोशल मीडिया पर साझा किया है।

**कियारा ने मनाया 10 साल का जश्न**

शुक्रवार को कियारा आडवाणी ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर लेटेस्ट तस्वीरों को






शेयर किया है। कियारा ने ये तस्वीरें हिंदी सिनेमा में उनके 10 साल के शानदार सफर के पूरा होने के उपलक्ष्य में साझा की हैं। फोटोज में आप देख सकते हैं कि अपने फैंस के साथ एक्ट्रेस इस खास अवसर को सेलिब्रेट कर रही हैं।

पोस्ट में कियारा की एक से बढ़कर एक तस्वीर मौजूद है, जो वाकई देखने लायक हैं। करियर के इस अहम पड़ाव को पार करने की खुशी अदाकारा के चेहरे पर साफ झलक रही है। कियारा आडवाणी ने इस पोस्ट के कैप्शन में लिखा है- 10 साल का सेलिब्रेशन तो बनता है। आलम ये है कि अब सोशल मीडिया पर उनकी इन फोटोज को काफी पसंद किया जा रहा है। बता दें कि अपने एक दशक के फिल्मी करियर में वह एम एस धोनी- द अनटोल्ड स्टोरी, कबीर सिंह, गुड न्यूज और शेरशाह जैसी कई हिट मूवीज दे चुकी हैं।

**इन फिल्मों में दिखेंगी कियारा आडवाणी**

आने वाले समय में कियारा आडवाणी कई बड़ी फिल्मों में नजर आने वाली हैं। जिनमें रणवीर सिंह स्टारर डॉन 3 का नाम भी शामिल है। इसके अलावा साउथ सुपरस्टार राम चरण के साथ कियारा फिल्म गेम चेंजर में दिखाई देंगी, जोकि इसी साल रिलीज होगी।

## ये खतरनाक होता जा रहा है... आलिया भट्ट का एक और डीपफेक वीडियो हुआ वायरल तो फैन्स को हुई फिक्र



मौजूदा समय में टेक्नोलॉजी की एडवांसमेंट और ड्ढ का आगमन एक अलग ही रिवॉल्युशन लेकर आया है. ऐसे में इसके कई सारे अच्छे प्रयोग तो देखने को मिल रहे हैं साथ ही कई सारे साइड इफेक्ट्स भी सामने आ रहे हैं. इन्हीं में से एक बला है डीपफेक वीडियो. इससे पार पाना बेहद मुश्किल बन पड़ा है. खासकर कि लोगों के बीच पॉपुलैरिटी हासिल करने वाले स्टार्स इसका सॉफ्ट टारगेट बने हैं. और आलिया भट्ट के साथ तो कुछ समय में ही ऐसा दूसरी बार हो गया है. उनका एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसे फैन्स डीपफेक बता रहे हैं और चिंता जता रहे हैं.हाल ही में वायरल हुए वीडियो में देखा जा सकता है कि कैसे एक्ट्रेस ब्लैक कलर के चिकन कुर्ते में हैं और कान में झुमके लगाती नजर आ रही हैं. उनका ये लुक तो बढ़िया लग रहा है लेकिन आलिया के फैन्स इस गफलत में नहीं आए. वे झट से समझ गए कि मामला डीपफेक है. इस डीपफेक वीडियो पर फैन्स के बहुत रिएक्शन भी आ रहे हैं और लोग आलिया भट्ट को लेकर कन्सर्न्ड नजर आ रहे हैं. एक शख्स ने कमेंट करते हुए लिखा- ड्ढ तो आए दिन खतरनात होता जा रहा है. एक दूसरे शख्स ने लिखा- ये एआई जनरेटेड आलिया भट्ट है. एक अन्य शख्स ने तो हद ही कर दी. उसने लिखा- ये तो आलिया भट्ट जैसी दिख रही है. इसके अलावा जो लोग इसे ड्ढ जनरेटेड वीडियो नहीं समझ पा रहे हैं वे आलिया की तारीफ करते नजर आ रहे हैं.

**इससे पहले भी हुआ ऐसा**

आलिया के साथ ये पहला मौका नहीं है जब उनका डीपफेक वीडियो सामने आया हो. एक्ट्रेस का एक और वीडियो कुछ समय पहले आया था जो ए आई जनरेटेड था. इस वीडियो में उनका चेहरा जुबली वेब सीरीज की एक्ट्रेस वामिका गब्बी से मॉर्फ्ड किया गया था. रेड साड़ी में वामिका की एक फोटो थी जिसमें आलिया का चेहरा लगाया गया था. इसपर भी फैन्स ने नाराजगी जताई थी और चिंता व्यक्त की थी. फिलहाल इस वीडियो पर अभी तक आलिया की ओर से कोई भी प्रतिक्रिया नहीं आई है.

## 'गुम है किसी के प्यार में' को लगा झटका, टॉप 10 में शामिल हुआ विक्की-अंकिता का शो



ङ्कक्क्रश्च के 23 वें हफ्ते की टीआरपी रिपोर्ट में हमेशा की तरह कई टीवी शो डिस्टिंक्शन के साथ पास हुए हैं. लेकिन हाल ही में कलर्स टीवी पर लॉन्च हुए 'लाफ्टर शेफ' ने ये साबित कर दिया है कि रियलिटी शो भी सास-बहू ड्रामा को कड़ी टक्कर दे सकते हैं. 'लाफ्टर शेफ' को हरपाल सिंह खोकी और भारती सिंह होस्ट कर रहे हैं. अंकिता लोखंडे-विक्की जैन, करण कुंद्रा-अर्जुन बिजलानी से लेकर राहुल वैद्य-अली गोनी तक ये तमाम सेलिब्रिटी जोड़ियां इस कुकिंग रियलिटी शो में बतौर कंटेस्टेंट शामिल हुई हैं.कुकिंग में कॉमेडी का तड़का लगाने वाले 'लाफ्टर शेफ' ने पहले ही हफ्ते 1.4 की रेटिंग के साथ सीधे टॉप 10 में एंट्री की है. फिलहाल ये शो टीआरपी के रिपोर्ट कार्ड पर आठवें स्थान पर है. और हमेशा की तरह रुपाली



गांगुली का 'अनुपमा' 2.3 की रेटिंग के साथ नंबर वन पर बना हुआ है. सीरियल में चल रहे शादी के सेलिब्रेशन के बाद भी न तो राजन शाही के इस शो की टीआरपी बढ़ रही है, न ही कम हो रही है. हालांकि ये हफ्ता राजन शाही के लिए एक खुशखबरी लेकर आया है. उनके दोनों शो टीआरपी चार्ट पर टॉप 2 शो बन गए हैं.

**'गुम है किसी के प्यारट' को लगा झटका**

2.1 की रेटिंग के साथ 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' ने 23वें हफ्ते के टीआरपी चार्ट पर सीधे दूसरे नंबर पर छलांग लगा दी है. ह्वक्रञ्जय॥ के दूसरे नंबर पर आने की वजह से स्टार प्लस का 'गुम है किसी के प्यार में' अब तीसरे नंबर पर आ चुका है. यानी इस शो में आने वाले 20 साल के लीप की बात दर्शकों को खास पसंद नहीं आई. और इसलिए एक्टर्स के साथ-साथ दर्शक भी स्टार प्लस के इस मशहूर शो का साथ छोड़ते हुए नजर आ रहे हैं. फिलहाल 'गुम है किसी के प्यार में' की टीआरपी 2 है. हमेशा की तरह 1.9 के साथ 'झनक' चौथे और 1.7 के साथ 'उड़ने की आशा' 5वें स्थान पर बने हुए हैं.

# कंगना रनौत

## के घर बजने वाली है शहनाई, सगाई की तस्वीरें शेयर कर अभिनेत्री बोलीं- शादी की सबसे जल्दी...



कंगना रनौत के घर एक और खुशी दस्तक देने वाली है। हाल ही में अभिनेत्री हिमाचल प्रदेश के मंडी से सांसद बनी हैं। वहीं, अब उनके घर शादी की शहनाई बजने वाली है। अभिनेत्री ने खुद ये गुड न्यूज शेयर की है। इसके साथ ही कंगना रनौत ने सगाई की भी तस्वीरें शेयर की हैं।गना रनौत अपनी लगभग हर अपडेट सोशल मीडिया के जरिए फैंस के साथ शेयर करती हैं। अब उन्होंने अपने घर में होने वाली शादी को लेकर जानकारी दी है।

**कंगना के घर बजेगी शहनाई**

कंगना रनौत हाल ही में एक फैमिली फंक्शन में शामिल हुईं। जहां से अभिनेत्री ने कई सारी फोटो भी शेयर की है। कंगना रनौत के छोटे भाई घोड़ी चढ़ने वाले हैं। हाल ही में उनकी सगाई हुई है। जहां अभिनेत्री भी शामिल हुईं। कंगना रनौत ने सगाई से कपल और अपनी फोटो इंस्टा स्टोरी में पोस्ट की है और इसके साथ ही मजेदार कैप्शन भी लिखा।

**कंगना शेयर की सगाई की तस्वीरें**

कंगना रनौत ने सगाई की लगभग चार फोटो पोस्ट की है। पहली तस्वीर रिंग सेरेमनी की है। इसके साथ कैप्शन में अभिनेत्री ने कहा, ले भाई तेरा भी हो गया काम, सबसे छोटा है, लेकिन शादी की सबसे जल्दी। वहीं, दूसरी फोटो कपल की शेयर की, जबकि तीसरी फोटो में कंगना खुद भी भाई और भाभी के बीच में बैठी हुई नजर आई। वहीं, तीसरे फोटो अभिनेत्री परिवार के साथ दिखाई दीं।

**कंगना का देसी लुक**

कंगना रनौत भाई की सगाई के लिए सिंपल, लेकिन खूबसूरत आउटफिट चुना। एक्ट्रेस ने व्हाइट कलर का गोल्डन बॉर्डर वाला लंहगा सेट कैरी किया। मिनिमल मेकअप और बालों को जूड़ा बनाए कंगना रनौत बेहद प्यारी लगीं।

**कंगना का थप्पड़ कांड**

कंगना रनौत उन सेलिब्रिटीज में शामिल हैं, जो हमेशा चर्चा में बने रहते हैं। हाल ही में उन्होंने थप्पड़ कांड को लेकर खूब ध्यान खींचा था। लोकसभा चुनाव 2024 में अपनी जीत दर्ज करने के बाद कंगना संसद जाने के लिए चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर पहुंची थीं, जहां से उन्हें दिल्ली के लिए फ्लाइट पकड़नी थी, लेकिन सिक्योरिटी चेकिंग के दौरान ष्टढ्ढस्न कांस्टेबल कुलविंदर कौर ने उन्हें थप्पड़ मार दिया।